वर्ष-31, अंक- 220, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 01, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
28 मई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 10

## एक नजर

### मुख्यमंत्री की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक स्थगित

**रांची (हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की राज्य की विधि-व्यवस्था को लेकर मंगलवार को होने वाली उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया। इसको लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने मंगलवार को आदेश जारी किया है।

### पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक आज

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक बुधवार को दिन में 11:00 बजे प्रधानमंत्री आवास पर होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर चर्चा हो सकती है। पीएम मोदी दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। गुजरात दौरे के बाद वह दिल्ली लौटेंगे और बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में हिस्सा लेंगे।

### पांचों प्रमंडलों में संथाल का रहा सबसे उत्कृष्ट रिजल्ट, 94.34 प्रतिशत बच्चे उतीर्ण

**रांची।** जैक 10वीं बोर्ड के रिजल्ट में इस बार पांचों प्रमंडलों में से सबसे उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम संथाल परगना का रहा। यहां का रिजल्ट 94.34 प्रतिशत रहा। सबसे खराब स्थिति कोल्हान प्रमंडल की रही। यहां मात्र 85.78 प्रतिशत बच्चे ही परीक्षा में उतीर्ण हो सके।

### रांची जिला मुख्यालय में झामुमो ने किया धरना-प्रदर्शन, कहा

## सरना धर्म कोड नहीं, तो झारखंड में जनगणना नहीं

- सरना धर्म कोड को लेकर उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** सरना धर्म कोड (आदिवासी धर्म कोड) की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मंगलवार को रांची जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन किया और उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता एवं संचालन में धरना-प्रदर्शन संपन्न हुआ। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा, राज्य की जन भावना के अनुरूप झामुमो लंबे समय से सरना धर्म कोड की मांग करती आ रही है। यह राज्य की भावना है कि सरना धर्म कोड लागू हो, और उसी भावना का ख्याल रखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया और उस सत्र में सरना धर्म कोड को विधेयक के रूप मे पेश किया गया। वह ऐतिहासिक दिन 11 नवंबर 2020 था, जब सरना धर्म कोड को पास करके राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजने का काम किया गया।

विनोद पांडेय ने कहा कि झामुमो चाहती है कि किसी भी कीमत पर सरना धर्म कोड लागू हो। उन्होंने कहा, जिस तरह जाति जनगणना के लिए हमने केंद्र को मजबूर किया, उसी तरह सरना धर्म कोड के लिए भी हम केंद्र को मजबूर करेंगे।

शेष पेज 11 पर...

## ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना का पराक्रम, पूर्व सैनिक बोले–आवश्यकता पड़ी तो फिर सीमा पर जाने को तैयार

**मेदिनीनगर।** हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित कई आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इस जवाबी कार्रवाई में आतंकियों के ट्रेनिंग कैंपों के साथ-साथ उनके एयरबेस को भी नुकसान पहुंचाया गया।

सेना से सेवानिवृत्त नायब सूबेदार बृजेश कुमार शुक्ला ने इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने दुश्मनों को करारा जवाब देकर अपने पराक्रम का लोहा मनवाया




नायब सूबेदार (सेवानिवृत्त) बृजेश कुमार शुक्ला ने दी प्रतिक्रिया

और यदि आवश्यकता पड़ी तो हम जैसे पूर्व सैनिक भी देश की रक्षा के लिए फिर से सीमा पर जाने को तैयार हैं।" उन्होंने कहा कि उनकी सेवा के दौरान तैनाती पहलगाम में भी रही थी। वह वादी की सुंदरता और शांति को देखकर अभिभूत थे, लेकिन जिस तरह आतंकवादियों ने वहां खूनखराबा किया, उसकी जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है।

नायब सूबेदार शुक्ला ने कहा कि भारत हमेशा से शांति का पक्षधर रहा है, लेकिन जब कोई आंख उठाकर देखता है, तो जवाब देने के लिए भारतीय सेना पूरी तरह से सक्षम और तत्पर रहती है। इस बार भी सेना की कार्रवाई ने यह स्पष्ट कर दिया कि देश की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध किसी भी देश के लिए आर्थिक रूप शेष पेज 11 पर...

# माओवादी एरिया कमांडर तुलसी भुइयां पुलिस मुठभेड़ में मारा गया

- कमांडर नितेश यादव को भी गोली लगने की चर्चा
- एसपी के नेतृत्व में दूसरे दिन भी जंगलों में सर्च अभियान चला

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर/हैदरनगर।** पलामू जिला के विश्रामपुर व पांडू के सीमावर्ती हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के माहुर, मंगरदह व सर्वाधिक उग्रवाद प्रभावित महुडंड से लगे जंगल में सोमवार की देर रात पुलिस और भाकपा माओवादी के बीच मुठभेड़ में मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के माहुर गांव निवासी नक्सली तुलसी भुइयां मारा गया। दोनों ओर से चली घंटों गोलीबारी के बाद दूसरे दिन मंगलवार को सीआरपीएफ की टीम के साथ पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के नेतृत्व में जारी सर्च अभियान में तुसली का शव बरामद कर लिया गया है। इसमें कई वरीय पुलिस पदाधिकारी, विभिन्न थाना के थाना प्रभारी के सहित काफी संख्या में पुलिस जवान भी शामिल थे। सुरक्षाबलों की कार्रवाई में घटना स्थल से एक एसएलआर राइफल, एक अतिरिक्त भरी मैग्जीन, कुछ गोलियां, एक पिट्ठू बैग बरामद हुआ, जिसमें दैनिक उपयोग की वस्तुओं में तीन सर्फ एक्सेल साबुन, एक नहाने का साबुन, एक मोबाइल चार्जर, जलान सत्तू के तीन खाली पैकेट, ईनो और इलेक्ट्रोल के पाउच, एक स्मार्टफोन और एक कीपैड मोबाइल (बिना सिम) शामिल थे। इसके अलावा एक डायरी, एक विन्डोलिया तथा ठेगन मियां के नाम से आधार और आयुष्मान कार्ड भी बरामद हुए। इस अभियान का नेतृत्व एएसपी (अभियान) राकेश सिंह और एसडीपीओ हुसैनाबाद मो. याकुब ने किया। उनके साथ नावाबाजार, मोहम्मदगंज, पांडू और हैदरनगर थानों के पुलिस पदाधिकारी, झारखंड जगुआर की एसाल्ट-39 यूनिट, सीआरपीएफ 172 बटालियन, जैप-8, जिला सैट एवं जिला बल के जवान शामिल थे। पलामू पुलिस शेष पेज 11 पर...

### पलामू आइजी, डीआईजी व एसपी ने संयुक्त प्रेस वार्ता में दी जानकारी, कहा- मुख्यधारा में लौटें नक्सली




**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जंगलों में नक्सल विरोधी अभियान के तहत हुई मुठभेड़ की जानकारी देने के लिए पलामू रेंज के आइजी सुनील भास्कर, डीआईजी वाईएस रमेश, एसपी रीष्मा रमेशन ने संयुक्त प्रेस वार्ता की। समाहरणालय के बी ब्लॉक स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस वार्ता में आइजी ने बताया कि डीजीपी के निर्देश पर पलामू, गढ़वा और लातेहार के जंगलों में उग्रवाद विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत हुसैनाबाद, प्रतापपुर और केमो के जंगलों में पुलिस को सफलता मिली है। आइजी सुनील भास्कर ने कहा कि यह कार्रवाई पुलिस की टीम भावना और रणनीतिक शेष पेज 11 पर...

## महावीर नायक राष्ट्रपति के हाथों पद्मश्री से सम्मानित




- नागपुरी के गायक-गीतकार ने कहा, यह झारखंड की मधुर संस्कृति का सम्मान

**रांची/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कला, साहित्य, शिक्षा, सार्वजनिक मामलों, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान, खेल और उद्योग जैसे विविध क्षेत्रों में असाधारण योगदान देने वाले 71 व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अन्य गण्यमान्य लोगों ने भाग लिया। झारखंड की क्षेत्रीय भाषा नागपुरी के गायक-गीतकार 82 वर्षीय महावीर नायक ने भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों पद्मश्री सम्मान प्राप्त किया। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से फोन पर कहा, यह सम्मान अपने दिवंगत पिता-दादा और क्षेत्रीय नागपुरी भाषा के तमाम कलाकारों को समर्पित करता हूं। यह मुझसे ज्यादा यहां की मधुर संस्कृति का सम्मान है। महावीर नायक ने झारखंड के गांवों-गलियों, चौपालों, क्षेत्रीय संस्कृति के विविध मंचों से लेकर विदेशों तक में अपने फन का जलवा दिखाया है। वह झारखंड की नागपुरी भाषा-संस्कृति में 'भिनसरिया कर राजा' (सुबह का राजा) के नाम से मशहूर रहे हैं। दरअसल, यह एक राग है, जो एकदम शेष पेज 11 पर...

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

**आज / कल**




### झारखंड एकेडमिक काउंसिल 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी

## गढ़वा की बेटी गीतांजलि बनी स्टेट टॉपर

- रिजल्ट में इंदिरा गांधी बालिका स्कूल की छात्राओं का रहा दबदबा

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** 10वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मंगलवार को जारी कर दिया। इस परीक्षा में इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर टॉप 10 में दबदबा बनाया है। राज्य के टॉप-5 विद्यार्थियों में से सात इसी स्कूल से हैं। इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की गीतांजलि 98.60 प्रतिशत (493 अंक) के साथ स्टेट टॉपर बनी हैं। वह गढ़वा जिले की रहने वाली हैं। जैक के 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम मंगलवार को शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने संयुक्त रूप से जारी किया। मौके पर उन्होंने 10वीं की बेहतर रिजल्ट पर खुशी प्रकट की। साथ ही, उन्होंने सभी टॉपर और उतीर्ण हुए छात्र-छात्राओं, उनके शिक्षक और अभिभावकों को बधाई दी और सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। टॉपर रहे छात्र-छात्राओं के विद्यालयों के प्रबंधन और शिक्षकों ने भी सफल परीक्षार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जैक ने इस बार राज्य के टॉप-5 परीक्षार्थियों की जो सूची जारी की है, उसमें कुल 12 छात्राएं और 2 छात्र शामिल हैं। गीतांजलि 98.60 प्रतिशत अंकों के साथ स्टेट टॉपर बनी हैं। वहीं, 98.2

शेष पेज 11 पर..

### डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना लक्ष्य : गीतांजलि



**भवनाथपुर।** झारखंड बोर्ड 10वीं में गढ़वा जिला अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र भवनाथपुर प्रखंड के मकरी के गीतांजलि कुमारी ने पूरे राज्य में टॉप किया है। गीतांजलि को 98.60 प्रतिशत अंक मिला हैं। उसकी इस सफलता से पूरे प्रखंड और गांव में हर्ष का माहौल है। उसके घर पहुंच कर उनके माता पिता को बधाई देने वालों का तांता लगा है। फिलहाल गीतांजलि राजस्थान कोटा में रहकर नीट की तैयारी में जुटी हुई है। उसका सपना डॉक्टर बनने की है। गीतांजलि ने सेल डीएवी भवनाथपुर से कक्षा एक से पांच तक की पढ़ाई की। इसके बाद उसने इंट्रेस परीक्षा पास कर 2020 में इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय हजारीबाग में कक्षा छह में एडमिशन ली। उसी विद्यालय से मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हुई, जहां मैट्रिक की परीक्षा में उसने 98.6 प्रतिशत अंक लाकर पूरे राज्य में टॉपर हुई। उसने अपनी सफलता से जिला, प्रखंड और गांव को गौरवान्वित किया है।

### झारखंड का नाम किया रोशन

## नायशा सरकार ने राष्ट्रीय प्री-योग ओलंपियाड में जीता स्वर्ण पदक

- एनसीईआरटी राष्ट्रीय योग ओलंपियाड में सीआईएससीई बोर्ड का प्रतिनिधित्व करेंगी

**नवीन मेल डेस्क**




**रांची।** नायशा सरकार ने देहरादून स्थित सेंट जोसेफ्स एकेडमी में आयोजित सीआईएससीई राष्ट्रीय प्री-योग ओलंपियाड 2025 में अंडर-17 बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर झारखंड का नाम रोशन किया है। वह सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, जमशेदपुर की छात्रा है। इस जीत के बाद नायशा को जून 2025 में कन्याकुमारी में आयोजित होने वाले एनसीईआरटी राष्ट्रीय योग ओलंपियाड में सीआईएससीई बोर्ड का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय प्री-योग ओलंपियाड में बिहार-झारखंड क्षेत्र से कुल पांच प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इनमें देवनिष्ठा, श्रुति और नंदिनी भी शामिल हैं। मेटास एडवेंटिस्ट स्कूल की दिव्या मांझी ने शीर्ष 10 में सातवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। सीआईएससीई बिहार-झारखंड की योग कोच राफिया नाज ने मंगलवार को कहा कि अथक शेष पेज 11 पर...

**इंडिया**

## सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए अपने कमियों को दूर करना पड़ेगा



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति जापान को पीछे छोड़कर हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं उस जापान को जिसकी देशभक्ति और कर्मठता के किस्से हम बचपन से सुनते रहे हैं। यह हमारे लिए गौरव से अधिक आत्ममंथन का समय है इसलिए कि हम बदलते विश्व के दर्शक मात्र नहीं बल्कि कर्ताधर्ता भी हैं पर हमारे अंदर कमियां भी बहुत हैं जिन्हें दूर किए बिना हम महाशक्ति बने नहीं रख सकते। हमारे देश की सबसे बड़ी कमी हमारी सबसे बड़ी आबादी है जो लगातार बढ़ती जा रही जो हमारी सभी समस्याओं के मूल में है। हम अक्सर ईमानदार देशों की बात करते हैं जहां चोरी नहीं होती और अपराध न्यूनतम होते हैं जिस कारण उन्हें सबसे सुखी या संपन्न देश कहा जाता है पर उनमें और हममें जो सीधा अंतर है वह है जनसंख्या का। जहां लोग कम रहेंगे और संसाधन अधिक वहां सभी को संतोष रहेगा और यह विश्वास भी कि उन्हें या उनके परिवार का भविष्य सुरक्षित है। पहले भारत में यही स्थिति थी पर विभिन्न कारणों से आबादी के विस्फोट ने भारत में समस्याओं के साथ अभावजनित असंतोष को जन्म दिया और असुरक्षा की भावना ने उन मूल्यों को समाप्त कर दिया जिसकी चर्चा अभी गांवों की कहावतों में होती है। हमें घुसपैठ से लेकर जनसंख्या बढ़ने के कारणों पर प्रभावी कार्ययोजना बनानी होगी। महानगरों या महानगर संस्कृति में जीते छोटे शहरों में हालत यह है कि अपने बच्चों को पढ़ाने या इलाज के लिए लगभग लूटपाट करने वाले कुछ निजी स्कूलों और अस्पतालों से त्रस्त कुछ अभिभावक हेराफेरी से लेकर गैरकानूनी काम तक करने को तैयार हैं। कई बार उन्हें देखकर लगता है कि वे अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ते अमानवीय हो रहे हैं और ग्रामीण परिवेश के अपने संस्कार भूलते जा रहे हैं। गलाकाट प्रतियोगिता के बीच ऐसी स्थिति हर जगह है ऐसी बात नहीं पर महानगरीय संस्कृति का यह क्रूर चेहरा भी है जिससे समाज का कई बार सामना होता है। इसी प्रकार हम जो भी काम



करते हैं उसमें दीर्घकालीन सोच या योजना नहीं नहीं होती खास तौर पर सरकारी कामों में सड़कें बन जाती हैं फिर याद आता है कि पाईपलाइन तो बिछाया ही नहीं जब पाईपलाइन का काम पूरा होता तब नाली की याद आती है या याद पड़ता है कि कि गैस के लिए पाईपलाइन बिछानी है या केबल या सीवरेज के लिए बार-बार सड़क खोदी जाती है। यह राजधानी रांची से लेकर अधिकांश शहरों में दशकों से चल रहा है जिसमें बहुमूल्य जनधन की बर्बादी होती है। शहरीकरण या जनसंख्या में वृद्धि या बड़ी परियोजनाओं के पूरा होने पर उसकी देखभाल जैसे मुद्दे कभी भी योजना बनाते समय ध्यान में रखे ही नहीं जाते थे जिससे अनेकों बार सड़क चौड़ीकरण के लिए हजारों पेड़ काटे जाते हैं या बड़े पुल गलत प्लानिंग के कारण ध्वस्त हो जाते हैं छोटे अनुपयोगी हो जाते हैं। अरबों की लगत से तैयार बहुत से भवन या पुल कई बार गलत स्थल के चुनाव या उपयोगिता के लिए अनुपयुक्त होने के कारण एक घंटे के लिए भी उपयोग में नहीं आते। ऐसा कई बार अहंकारी या अदूरदर्शी अधिकारियों की जिद्द या लालच के कारण होता है। उन अधिकारियों पर या सरकारों पर कोई कार्रवाई नहीं होती जो ऐसे महंगे निर्माण को सुधारने के बजाय नई योजनाओं में लग जाती हैं। अनेकों बार सरकारी कार्यों में कार्य करने वाली एजेंसी के चयन की घिसी-पिटी प्रक्रिया में भी दोष होता है जो एल वन यानी सबसे कम रेट की निविदा भरने वाली का चयन करती है। इसमें बहुत बार घटिया काम करने वाली एजेंसी का चयन होता है जो सबसे सस्ते में काम करने के अलावा रिश्वत देकर बिल पास कराने के चक्कर में गुणवत्ता से समझौता करती है। इसके अलावा सरकारी विभागों में अंदरूनी भ्रष्टाचार भी ऐसे तत्वों को बढ़ावा देता है जिसमें बड़े टर्नओवर की शर्त को पूरा करने के लिए फर्जी प्रमाण पत्र और बैंक गारंटी जैसे अनेक मामले पकडे गए हैं पर रोक नहीं लग पाई है। जापान जिसे पीछे छोड़कर हम आगे निकले हैं अपने बुजुर्गों के कारण पिछड़ा है और हम अभी भी उन प्रतिभावान बच्चों या उद्यमियों को न तो उचित सम्मान दे पाए हैं और न माहौल जिस कारण प्रतिभा पलायन से लेकर पूंजी निवेश में हिचकिचाहट बड़ी समस्या रही है जबकि भारत में न तो प्रतिभा की कमी है और न मेहनती और ईमानदार मानव संसाधन की पर पर वोट बैंक की राजनीति से अक्षम और भ्रष्ट तथा असामाजिक तत्वों का वर्चस्व बना हुआ था जिसमें पिछले एक दशक में कमी आई है आतंकवाद,उग्रवाद और जातीय क्षेत्रीय मुद्दे यदि फिर उभरे तो हमारी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था औंधे मुंह गिरेगी जिसे संभालने में दशकों का समय लगेगा। अब जनता को और सरकारों को भारत का भविष्य तय करना है कि क्षुद्र राजनीति में देश को उलझाना है या सबसे सुखी संपन्न देशों में शामिल होना है।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी सफल विद्यार्थियों को बधाई

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की 10वीं बोर्ड परीक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि में सहभागी रहे और मार्गदर्शन देने वाले सभी शिक्षकों और अभिभावकों को भी हार्दिक बधाई दी। सोशल मीडिया 'एक्स' पर राज्यपाल ने लिखा है, मैं आप सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जैक 10वीं बोर्ड की परीक्षा में सफल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को ढेरों बधाई, शुभकामनाएं और जोहार किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा है, परीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप जिन्हें परिणाम नहीं मिल पाया वे निराश न हों, कड़ी मेहनत और परिश्रम करते रहें।

## रोहतास के खिलाड़ियों को बराही धाम में मिला सम्मान



**हैदरनगर।** बिहार प्रांत के रोहतास जिलांतर्गत तिलौथू के खिलाड़ियों का जत्था मंगलवार को हुसैनाबाद के बराही धाम पहुंचा। यहां दर्जनों खिलाड़ियों ने बीर हनुमान की विधिवत पूजा अर्चना कर महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके पर हैदरनगर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह ने खिलाड़ियों को विधिवत अंगवस्त्र से उपसम्मान देकर उन्हें जलपान कराया। उन्होंने हुसैनाबाद, हैदरनगर में आयोजित होने वाली फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इन क्षेत्रों मैच कराने की रुपरेखा तैयार की जायेगी। जिसकी सूचना निर्धारित समय से पूर्व उन्हें दी जायेगी।

# नरसिंहपुर में चोरी के मामले का खुलासा, एक गिरफ्तार, जेवरात बरामद

### चैनपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से कीमती आभूषण हुए जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लहलहे पोलपोल, थाना सतबरवा, पलामू के प्रीति देवी (29 वर्ष), पति अंकित लाल, निवासी द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर चैनपुर थाना क्षेत्र स्थित उनके मायके ग्राम नरसिंहपुर पथरा से अज्ञात चोरों द्वारा कीमती आभूषणों की चोरी किए जाने का मामला चैनपुर थाना कांड संख्या 57/2025, 19 अप्रैल 2025, धारा 331(4), 305 भा.न्या.सं. के तहत दर्ज किया गया था। अनुसंधान एवं छापामारी के क्रम में वरीय अधिकारियों के निदेर्शानुसार संदेह के आधार पर प्रवीण कुमार चौधरी (26 वर्ष), पिता सीताराम चौधरी, ग्राम नरसिंहपुर पथरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसकी संलिप्तता सामने आने पर उसकी निशानदेही पर चोरी गए आभूषण उसके घर से बरामद कर जब्त किए गए। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। बरामद जेवरात में सोने जैसा मंगटीका, चेन, लरिया, लॉकेट, ढोलना सहित चांदी जैसी कटोरी, पायल, मछली, पान पत्ता, सुपारी, कमरधनी, पंजा, बिछिया, अंगूठा सेट एवं सिक्के शामिल हैं, जिनका कुल वजन लगभग 600 ग्राम से अधिक है। गिरफ्तार आरोपी पूर्व में चैनपुर थाना कांड संख्या 163/2019, आर्म्स एक्ट के तहत भी आरोपित रह चुका है। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक जीतराम महली, थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, पु.अ.नि. रंजीत कुमार, बाबूलाल दूबे एवं चैनपुर थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे। चैनपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से चोरी गए सभी जेवरात की बरामदगी संभव हो सकी है और मामले की जांच जारी है।



## साइड लेने में पलटी बस आधा दर्जन यात्री जख्मी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के ढकचा हाई स्कूल के समीप आरईओ सड़क पर मंगलवार को यात्री बस साइड लेने के दौरान 10 फीट गहरे गड्ढे में पलट जाने जाने से उस पर सवार आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। सभी का इलाज किया गया। यात्री बस ढकचा से मेदिनीनगर जा रही थी। बस में 15 यात्री सवार थे। अन्य यात्रियों को मामूली चोट आई है। जानकारी के अनुसार सुबह 8.30 बजे ढकचा से यात्री बस 15 यात्रियों को लेकर मेदिनीनगर जा रही थी। हाई स्कूल के समीप आरइओ सड़क पर मकान ढलाई के बाद रोड पर खड़ी मिक्सर मशीन से साइड लेने में अनियंत्रित होकर 10 फीट गहरे गड्ढे में पलट गयी। घटना के बाद चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बस का शीशा तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल ढकचा के अखिलेश सिंह (64 वर्ष), गंगा सिंह (65 वर्ष), तिलकाटांड के फुलमति देवी (45 वर्ष), सुखाड़ी भुइयां (40 वर्ष) बस मालिक नौडीहा के महेन्द्र राम को इलाज के लिए भर्ती कराया गया। सभी का इलाज नौडीहा और छतरपुर में चल रहा है। पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने जख्मी यात्रियों को इलाज के लिए भेजने में मदद की।

## तेज रफ्तार स्कार्पियो ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर, एक गंभीर

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के सुलतानी बस स्टैंड के समीप एनएच 98 फोरलेन सड़क पर मंगलवार को स्कार्पियो ने ट्रैक्टर में टक्कर मार देने से ट्रैक्टर पर बैठा एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान हरिहरगंज के बांसो गांव निवासी घुरा भुइयां का २० वर्षीय पुत्र सतेन्द्र भुइयां के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर छतरपुर की ओर से आ रही थी। तभी तेज रफ्तार में आ रहे स्कार्पियो ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर के असंतुलित हो जाने से ट्रैक्टर पर बैठा मजदूर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायला अवस्था में उसे इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## बिजली विभाग ने जर्जर पोल व तार बदलना शुरू किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** बिजली विभाग ने शहरी क्षेत्र में एनएच 139 किनारे स्थित जर्जर बिजली खंभों व तार बदलने का कार्य मंगलवार से प्रारंभ कर दिया है। जर्जर पोल तार रहने से हमेशा दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। साथ ही सड़क जाम रहने का एक कारण भी था। इसे बदलने के लिए वर्षों से मांग की जाती रही है। भाजपा नेता राजीव रंजन ने सीओ हरिहरगंज को ज्ञापन देकर कहा था कि जर्जर हो चुके बिजली खंभों तथा झूलते तार को 30 मई तक नहीं बदला गया तो वह एनएच 139 पर शहरी क्षेत्र में बड़े वाहनों का परिचालन रोक देंगे। हालांकि दिए गए समय-सीमा से पहले ही बिजली विभाग द्वारा पोल तार बदलने का कार्य शुरू कर देने से शहरवासियों में हर्ष है। इस अवसर पर एसआई रंजीत कुमार सिंह, चौकीदार उदय पासवान के अलावे समाजसेवी राजीव रंजन,अखिलेश मेहता, विजय प्रजापति, मृत्युंजय कुमार सिंह, मो. तस्लीम अंसारी, गोपाल प्रसाद गुप्ता सहीत कई लोग उपस्थित थें।

## केसीसी ऋण को लेकर 4 शिविरों में लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 141 किसानों का आवेदन प्राप्त

▶ **जून में हर मंगलवार को आवेदन जमाकर सकते हैं किसान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने के लिए 6,13, 20 और 27 मई यानि चालू माह के प्रत्येक मंगलवार को प्रखंड सभागार में आयोजित विशेष शिविर में क्रमशः 60,42, 28 और 11 कुल मिलाकर अब तक 141 किसानों से ही आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिला से 325 का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस संबंध में कृषि पदाधिकारी नौशाद आलम ने कहा कि लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में पूरी कोशिश होगी। इसके लिए जून माह के हर मंगलवार को भी आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इसके लिए विभागीय आदेश प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि प्राप्त आदेश के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार के निर्देश पर इस प्रखंड के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने को लेकर पूरी तत्परता के साथ कोशिश की जा रही है। इसके प्रति किसानों को सजग और जागरूक करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों, किसान मित्रों और जनसेवक को जवाबदेही सुनिश्चित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अबतक प्राप्त आवेदन को निष्पादित करने को लेकर बैंकों को भेज दिया गया है। स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक और केनरा बैंक के शाखा प्रबंधकों और बीटीएम प्रशांत कुमार तिवारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए लक्ष्य के अनुरूप किसानों को केसीसी ऋण से आच्छादित करना सुनिश्चित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने आगामी शिविरों में किसान क्रेडिट कार्ड सृजन के लिए किसानों को आवेदन जमा कर इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है।



## अवनि कस्तूरबा गांधी व काजल बनी झारखंड आवासीय विद्यालय टॉपर

▶ **पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हुसैनाबाद की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन, शत-प्रतिशत रिजल्ट से बढ़ाया विद्यालय का मान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय हैदरनगर एवं पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हुसैनाबाद की छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए शतझप्रतिशत सफलता प्राप्त की। कस्तूरबा गांधी विद्यालय से 76 और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय से 41 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुईं थीं। कस्तूरबा गांधी विद्यालय की अवनि कुमारी ने 88.80% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं डिंपी कुमारी ने 86.40% अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में काजल कुमारी ने 84.80% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। सिमरन कुमारी ने 83.20% और दीपसिखा कुमारी ने 82.80% अंक प्राप्त कर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा कस्तूरबा गांधी विद्यालय की सोनम कुमारी ने 80.20%, नीतू कुमारी 80.60%, चांदनी कुमारी 81.20%, निशा कुमारी व नंदनी कुमारी 81.60%, अंशु कुमारी 81.80%, शीतल कुमारी 82%, निकी कुमारी व निधि कुमारी 82.60%, प्रिया कुमारी 84%, और रूपा कुमारी ने 84.40% अंक प्राप्त कर विद्यालय की प्रतिष्ठा को और ऊंचा किया। छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय की वार्डन किरण सिंह ने सभी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम छात्राओं की मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रमाण है।

## प्लास्टिक छोड़ो, प्रकृति से नाता जोड़ो' अभियान को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के उपलक्ष्य में चल रहे पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान को लेकर जपला स्टेशन परिसर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।इस दौरान स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार सिंह व कर्मियों के द्वारा रेलकर्मियों एवं यात्रियों को प्लास्टिक के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले प्रदूषण और स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। 'प्लास्टिक छोड़ो, प्रकृति से नाता जोड़ो' के मंत्र के साथ प्लास्टिक उपयोग कम करके पर्यावरणीय संतुलन के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य की रक्षा भी संभव है। स्टेशनों पर डस्टबिन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई और गीले और सूखे कचरे के अनुसार इनके सही उपयोग हेतु यात्रियों एवं कर्मियों को जागरूक किया गया। यात्रियों में इको-फ्रेंडली, बायोडिग्रेडेबल कटलरी के उपयोग को बढ़ावा दिया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने को जागरूक किया गया।

## प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने से कृषि मित्रों ने हड़ताल पर जाने का लिया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड सरकार द्वारा कृषि मित्रों को प्रोत्साहन राशि नहीं दिये जाने पर अनिश्चित हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश कृषक महासंघ के आह्वान पर हैदरनगर प्रखंड के सभी किसान मित्रों ने अनिश्चित कालीन अगले आदेश तक हड़ताल पर चले जाने आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि कई सालों से प्रदेश के सभी प्रखंडों के कृषक मित्रों का प्रोत्साहन राशि नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। साथ ही संघ ने राज्य सरकार प्रोत्साहन राशि किये जाने तक सभी प्रखंडों के कृषि मित्र अनिश्चित काल के लिए हड़ताल जारी रखने का आदेश दिया है। इस आदेश के आलोक में हैदरनगर के कृषक मित्रों ने प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेन्द्र सिंह और सहायक तकनीकी प्रबंधक परवीन जहां को सामूहिक रुप में आवेदन सौंपा है। उसमें हैदरनगर प्रखंड के उपस्थित के कृषक मित्र संघ के अध्यक्ष रामसुंदर मेहता, कृषक मित्र अभय कुमार सिंह, सुदर्शन यादव, वीरेन्द्र सिंह, विजय सिंह, कुणाल सिंह आदि शामिल हैं।

## गलत जाति प्रमाण पत्र मामले में सेविका चयन मुक्त

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के लालगड़ा पंचायत अंतर्गत कुहकुह आंगबाड़ी केंद्र की सेविका सजूं कुमारी यादव पति राजेन्द्र यादव का गलत व फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार चयन होने के मामले में जांच के बाद डीडीसी शबीर अहमद के निर्देश के आलोक में डीएसडब्ल्यूओ नीता चौहान ने सेविका को तत्काल प्रभाव से चयन मुक्त कर दिया है। डीएसडब्ल्यूओ ने इस संबंध में सीडीपीओ को चयन मुक्त स्थान पर अपने स्तर से शीघ्र ही आमसभा की तिथि निकालकर आमसभा कर सेविका का चयन विभागीय नियमानुसार करने का निर्देश दिया है।

## मैट्रिक परीक्षा में यूएच एस कटैया के 97 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल




**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** जैक द्वारा मैट्रिक परीक्षा परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया गया। जिसके अनुसार प्रखंड के कटैया गांव स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के 97.33 प्रतिशत छात्रों ने सफलता पाई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी ने बताया कि कुल 75 विद्यार्थी मैट्रिक परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें 69 प्रथम तथा 4 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। छात्र रविश नयन ने 93.20 प्रतिशत कुल 466 अंक लाकर विद्यालय टाप रहा । जबकि 463 अंक लेकर प्रियांशु कुमार द्वितीय तथा मधु कुमारी एवं सुमंत कुमार 456 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाध्यापिका ने सभी उत्तीर्ण छात्रों तथा अध्यापकों को इस सफलता के लिए बधाई दी है।

### पलामू जिला टॉप टेन में विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त किया

# जपला के छात्र-छात्राओं ने 10वीं की परीक्षा में लहराया परचम

◀◀ **सौम्या कुमारी 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बनी विद्यालय टॉपर**





**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड अधिविद्य परिषद्,रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2025 में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला का परिणाम शत- प्रतिशत प्रथम श्रेणी रहा। बहुप्रतीक्षित परीक्षाफल को लेकर भैया-बहनों में भारी उत्साह देखा गया। प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने बताया कि विद्यालय के 127 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए थे।जिसमें सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।गौरतलब है कि विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ छात्रा सौम्या कुमारी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, हर्ष वर्मा 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा सुहाना 95.20 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। वहीं 91 प्रतिशत से ऊपर 45 विद्यार्थी,81 प्रतिशत से ऊपर 71 विद्यार्थी तथा 71 प्रतिशत से ऊपर 11 विद्यार्थी ने अंक प्राप्त कर विद्यालय व अभिभावकों का मान बढ़ाया है।साथ ही कहा कि बेहतर अंकों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया जाएगा। वहीं पलामू जिला टॉप टेन में विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने सफलता दर्ज कर विद्यालय सहित पलामू का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर उपस्थित भैया-बहनों तथा उनके अभिभावकों को यशस्वी प्रधानाचार्य जी द्वारा मिठाई खिलाकर बधाई दी गई और सभी भैया-बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी भैया-बहनें प्रतिभावान, नियमित और अनुशासित हैं वे जिस भी क्षेत्र में जाएंगे अग्रसर होंगे और उस क्षेत्र में बुलंदियों तक पहुंच जाएंगे। वहीं इस सफलता के लिए विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष डॉ. शिवप्रसाद मेहता,सचिव राकेश तिवारी, उपाध्यक्ष डॉ. सत्येन्द्र चंदेल, राजेश सिंह,प्रदीप मिश्रा,सतीश सिंह, कामख्या नारायण सिंह,परीक्षा प्रमुख राजकुमार सिंह,दीपक पाण्डेय, राजेश्वर सिंह यादव,रणजीत मिश्रा, शशि कुमार, सुनील गुप्ता, चंदन कुमार तथा मीडिया प्रभारी अभिषेक कुमार पाठक आदि उपस्थित थे।

### श्रुति कुमारी प्रथम टॉपर बनी



**हैदरनगर।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 में तीन छात्राओं ने विद्यालय टॉप किया है। प्राचार्य बैद्यनाथ राम ने बताया कि श्रुति कुमारी ( रोल नंबर 0522) ने 478 अंक लेकर प्रथम स्थान लाई है। वही पायल कुमारी ( रोल नंबर 0523) ने 476 अंक से द्वितीय और अंजलि कुमारी ( रोल नंबर 384) ने 471 अंक पाकर तृतीय स्थान लाई है। इनकी सफलता से संबंधित माता व पिता सहित परिजनों में खुशी की लहर है। उन्होंने आगे भी उच्च शिक्षा में उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### अंशु बनी प्रखंड टापर

**नौडीहा बजार।** प्रखंड के उच्च विद्यालय नौडीहा बजार के अंशु कुमार गुप्ता ने 94 प्रतिशत अंक लाकर पूरे प्रखंड में अपने स्कूल के साथ अपने माता-पिता का भी नाम रौशन की है। अंशू कुमार गुप्ता ने कहा कि स्कूल के शिक्षक के साथ स्कूल प्राचार्य रोहित के मार्गदर्शन में मुझे पढ़ाई करने के लिए हर समय मदद किया गया।

### पीएमश्री राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के 99.3 प्रतिशत परीक्षार्थी मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण



**मोहम्मदगंज।** जैक की मैट्रिक बोर्ड परीक्षा का परिणाम स्थानीय पीएमश्री प्लस टू उच्च विद्यालय के लिए सुखद अनुभूति और बड़ी खुशी लेकर आया है। इस पर परीक्षार्थियों उनके माता-पिता, अभिभावकों और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने खुशी जाहिर की है। प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने परीक्षा परिणाम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा में कुल मिलाकर 376 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें 373 उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। 298 को प्रथम और 75 को द्वितीय श्रेणी मिला है। इनमें टॉप थ्री में शिलापर गांव निवासी रौल नंबर 306 व 307 रामप्रवेश प्रसाद के पुत्र पुष्पम कुमार और सुनील कुमार के पुत्र ओमप्रकाश को समान रूप से 89.60 और रौल नंबर 309 संजय राम के पुत्र रौशन कुमार को 89 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। वहीं,इनके बाद टॉप टेन में रौल नंबर 312,316 को 88.40, 7 को 88,148,149 को 87.40,137 को 86.80, और रौल नंबर 132 85.80 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने परिणाम को परीक्षार्थियों के लगन और मेहनत के साथ ही शिक्षकों के बेहतर शिक्षण कार्य का प्रतिफल बताया है। इससे इस स्कूल का नाम रौशन हुआ है। उन्होंने सभी सफल परीक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### राजकीयकृत प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय का रिजल्ट 99.66 प्रतिशत 290 में 289 परीक्षार्थी सफल




**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीयकृत प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय तारा के छात्र-छात्राओं ने माध्यमिक परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने बताया कि इस विद्यालय के नियमित 290 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिए थे। इसमें से 289 ने पास किया है। इस तरह से इस परीक्षा में इस स्कूल का परिणाम 99.66 प्रतिशत रहा है। प्रथम श्रेणी से पास करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या 271 (93%) है। द्वितीय श्रेणी से पास करने वाले छात्र -छात्राओं की संख्या 19 है। इस विद्यालय के टॉप 3 छात्र-छात्रा जिला के टॉप टेन में भी शामिल हैं। इनमें सौरभ कुमार,पिता- अरुण कुमार चौधरी, प्राप्तांक 478 (95.60%),लोकेश रोशन, पिता- श्यामलाल राम, प्राप्तांक 476 (95.20%), नीतीश पाल, पिता-संजय पाल प्राप्तांक 476(95.20%) और अभिषेक पाल,पिता- वीरेंद्र पाल, प्राप्तांक 473 (94.60%) के नाम शामिल हैं।

## जपलाकी साक्षी व गणेशपुरी की सोनल कुमारी बनी मैट्रिक में जिला टॉप



**दोनो छात्राओं ने 96.40 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का नाम रौशन की**

**आईएएस बनना चाहती है साक्षी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** राज्य भर में जैक बोर्ड द्वारा मैट्रिक की परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम का सीधा प्रसारण जैक कार्यालय के वेबसाइट पर लोड कर सार्वजनिक की गई इधर जैसे ही रिजल्ट की मेधा सूची इंटरनेट पर आया मैट्रिक परीक्षा के विद्यार्थियों में खुशी देखा गया,ऐसे फिर एक बार टॉपर्स की सूचियों में छात्रों के अपेक्षा छात्राओं की पलड़ा भारी हैं। हुसैनाबाद शहर के पटेल नगर कुर्मी टोला की साक्षी कुमारी, 96.40 प्रतिशत लाकर क्षेत्र व पटेल नगर की नाम रौशन की हैं । साक्षी पलामू जिला में टॉप टेन में अपनी जगह बनायी है साक्षी दिलीप कुमार चौधरी,व ऐश्वर्या चौदरी की बेटी है, साक्षी इस सफलता का श्रेय अपने मां और पिता और गुरुजनों को दिया है, साक्षी ने बताया का वह आगे यूपीएससी की पढ़ाई कर देश की सेवा करना चाहती है,साक्षी के पिता दिलीप कुमार चौधरी हैं, जिनका थाना रोड स्थित मेडिकल का दुकान है।

### प्रशासनिक सेवा में जाने का लक्ष्य, सोनल

**हुसैनाबाद** ।मैट्रिक की परीक्षा में सोनल कुमारी 96.40 प्रतिशत लाकर पलामू जिला में टॉप टेन में अपनी जगह बनायी है, सोनल कुमारी नगर पंचायत क्षेत्र के गणेशपुरी क्लोनी निवासी अशोक कुमार की बेटी है, सोनल अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता मां के साथ अपने दादा रामनंदन राम जो बाल विकास परियोजना से सेवा निवृत्त हो चुके है, और साथ ही अपने स्कूल के सभी शिक्षकों को दिया है, सोनल का कहना है की किसी भी परीक्षा में सफल होने के लिये नियमित पढ़ाई जरूरी है, सही मार्गदर्शन और खुद पर भरोसा रखना चाहिए।

# पत्थर से कुचलकर युवक की हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने मृतक का मोबाइल व अभियुक्तों के कपड़े किए जब्त

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक की सिर पर पत्थर से वार कर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में वादिनी नीलम कुमारी (उम्र 24 वर्ष), पति स्व. रंजीत कुमार मेहता, निवासी ग्राम निमिया, वार्ड संख्या-02, थाना शहर, जिला पलामू द्वारा दर्ज फर्दबयान के आधार पर 18 मई 2025 को पंडवा थाना कांड संख्या-35/2025 दर्ज किया गया है। यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1)/238/61(2)/3(5) के अंतर्गत दर्ज किया गया है।

प्राथमिकी में छह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है, जिनमें ब्रजकिशोर दुबे उर्फ छोटन दुबे (साकिन कंदाखाड, स्थायी पता पुरबडीहा, थाना चैनपुर), अमन सिंह (साकिन अघोर आश्रम, थाना शहर), रामलाल मेहता, भोला महतो, तारामनी महतो (निवासी निमिया, वार्ड-02 तथा स्थायी पता ओरिया, थाना लेस्लीगंज) और लालमोहन महतो (निवासी निमिया, जिला पलामू) शामिल हैं।

अनुसंधान के क्रम में दो अप्राथमिकी अभियुक्त सोनू कुमार उर्फ रोहित (उम्र लगभग 30 वर्ष), पिता भरदुल राम, निवासी बैंक कॉलोनी, निमिया तथा संतोष कुमार भुईया उर्फ चिट्टू, पिता स्व. रामाराम भुईया, निवासी पटेल नगर, सुदना को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि यह हत्या अमन कुमार सिंह के कहने पर की गई थी। उनकी निशानदेही पर मृतक का क्षतिग्रस्त मोबाइल फोन एवं घटना के समय अभियुक्तों द्वारा पहने गए कपड़े बरामद किए गए, जिन्हें विधिसम्मत जब्त किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त सोनू कुमार उर्फ रोहित पूर्व में भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है, जिसके विरुद्ध सदर थाना कांड संख्या-58/2023, 02 जून 2023 धारा 395 भा.दं.वि. के तहत मामला दर्ज है।

छापेमारी दल में पु.नि. अनिल कुमार सिंह (अंचल पाटन), पु.अ.नि. चन्द्रशेखर यादव (थाना प्रभारी, पंडवा), पु.अ.नि. जितेन्द्र कुमार यादव (थाना पंडवा), स.अ.नि. भूपेन्द्र सिंह (टीओपी-03 प्रभारी), आ. 864 शाहिन परवेज (टीओपी-03) तथा पंडवा थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों की गिरफ्तारी और साक्ष्य की बरामदगी सुनिश्चित की है। मामले की जांच आगे जारी है।

# समीरा एस ने पलामू के उपायुक्त का पदभार संभाला, विकास योजनाओं को दी प्राथमिकता



- नवपदस्थ डीसी ने बेहतर क्रियान्वयन व समन्वय का भरोसा दिलाया, निवर्तमान डीसी ने साझा किए अनुभव

**मेदिनीनगर।** समीरा एस, भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी, ने आज अपराह्न 4:00 बजे पलामू जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण समारोह समाहरणालय के द्वितीय तल स्थित नये सभागार भवन में संपन्न हुआ।

पदभार ग्रहण के उपरांत नवपदस्थ उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि वे जिले में संचालित विकास योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से आगे बढ़ाएंगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गति लाई जाएगी। साथ ही, प्रशासनिक कार्यों में मीडिया और अधिकारियों से सहयोग की अपेक्षा जताई।

इस अवसर पर निवर्तमान उपायुक्त शशि रंजन ने अपने कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि पलामू ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया। उन्होंने कहा कि यहां की पत्रकारिता स्तरवान और सहयोगी रही है। स्थानीय लोगों से संवाद के दौरान उन्हें नई सोच और परिपक्वता विकसित करने का अवसर मिला। शशि रंजन ने कहा कि पलामू हमेशा उनकी स्मृतियों में रहेगा और वे यहां के लोगों को नहीं भूल पाएंगे।

# शराब नीति पर गरमाया सियासी माहौल, रघुवर दास ने झारखंड सरकार पर साधा निशाना

- पूर्व मुख्यमंत्री ने की सीबीआई जांच की मांग, कहा- छत्तीसगढ़ की तर्ज पर लागू की गई नीति में भारी गड़बड़ी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड में नई शराब नीति को लेकर सियासत गर्म है। इसी कड़ी में मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पलामू दौरे पर पहुंचे और उन्होंने परिसदन में प्रेस वार्ता कर राज्य सरकार की शराब नीति पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 2022 में छत्तीसगढ़ की विवादित शराब नीति को अपनाकर भारी घोटाला किया है।

रघुवर दास ने आरोप लगाया कि सरकार आदिवासी बहुल इलाकों में शराब की दुकानें खोलने के लिए पहले कैबिनेट से फैसला कराती है और फिर दिखावे के लिए ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी (टीएसी) को भेजती है। उन्होंने सवाल किया कि राज्य में कैबिनेट बड़ी है या टीएसी? पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि जब वे सत्ता में थे, तब शराब नीति से सरकार को सालाना 2000 करोड़ रुपये का राजस्व मिलता था। जबकि वर्तमान सरकार ने नीति बदलकर न सिर्फ नुकसान पहुंचाया, बल्कि अनियमितताओं को बढ़ावा भी दिया। उन्होंने दावा किया कि 2022 में सत्तारूढ़ दल के 22 विधायक शराब नीति को समझने के नाम पर 21 अगस्त से 31 अगस्त तक छत्तीसगढ़ के एक होटल में रुके थे। उन्होंने सवाल किया कि इतने दिनों तक होटल में ठहरने का खर्च किसने उठाया और इसके पीछे किसका हित छुपा है?

रघुवर दास ने इस पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हुए कहा कि यह केवल आर्थिक नहीं, नैतिक भ्रष्टाचार का मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार की नीति न सिर्फ राज्य को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि समाज को भी गर्त में ले जा रही है।

## आंधी पानी से जन जीवन अस्त-व्यस्त,किसानों के सब्जियों को क्षति

**हुसैनाबाद।** बेमौसम बारिश और तेज आंधी ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। अचानक मौसम बदलाव से हुसैनाबादवासियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। खासकर किसानों को सोमवार को हुई बेमौसम बारिश व आंधी-तूफान से कई स्थानों पर पेड़ गिरने की सूचना हैं। इससे चार घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी थी। क्षेत्रों में मंगलवार से नियमित बिजली आपूर्ति बहाल हुई हैं। कई घरों के छप्पर भी उड़ गये, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सोमवार चार बजे के बाद आंधी, पानी और तूफान के साथ बेमौसम बारिश शुरू हुई। इस बारिश से खेतों में लगी फसलों को, विशेषकर स जियों की खेती को, सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। किसानों ने बताया कि तेज आंधी के आने से टमाटर, मिर्च, कद्दू, बीन्स, बैगन सहित अन्य स जियों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। गरीबों के आशियाने भी उजड़े।

# 10वीं बोर्ड में छात्राओं का जलवा पलामू का राज्य में आठवां स्थान

## 94.92% विद्यार्थी सफल, आशुतोष और राशि संयुक्त टॉपर बने

नवीन मेल संवाददाता



मेदिनीनगर। झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा मंगलवार को दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया गया, जिसमें पलामू जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 94.92% सफलता प्राप्त की। छात्राओं ने 94.56% सफलता दर के साथ छात्रों (93.57%) से बेहतर प्रदर्शन किया। इस बार जिले की सफलता दर पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 2% अधिक रही, हालांकि जिले की राज्य रैंकिंग छठवें से गिरकर आठवें स्थान पर पहुंच गई। इस वर्ष जिले से 34,665 विद्यार्थियों ने फॉर्म भरा, जिनमें 34,479 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें 16,496 छात्र शामिल हुए, जिनमें से 15,436 पास हुए, जबकि 17,983 छात्राओं में से 17,006 ने सफलता प्राप्त की। प्रथम श्रेणी में 19,888, द्वितीय श्रेणी में 10,924 और तृतीय श्रेणी में 1,630 विद्यार्थी पास हुए, वहीं 1,996 विद्यार्थियों को मार्जिनल पास घोषित किया गया। छात्राओं ने सभी वर्गों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कुल 10,436 ने प्रथम श्रेणी, 5,730 ने द्वितीय श्रेणी और 840 ने तृतीय श्रेणी में सफलता हासिल की। जिले में इस बार दो विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से टॉप किया। पड़वा प्रखंड के हाई स्कूल लामी पतरा के सुधीर कुमार महतो के पुत्र आशुतोष कुमार रंजन और बड़की बैरिया के जितेंद्र विश्वकर्मा हाई स्कूल की छात्रा राशि कुमारी ने 97.20% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं प्लस टू उच्च विद्यालय पांकी के हीरा प्रसाद गुप्ता के पुत्र शांतनु कुमार ने 97% अंक लाकर दूसरा स्थान हासिल किया। गर्ल्स हाई स्कूल हैदरनगर और आर.के. प्लस टू गर्ल्स हाई स्कूल हुसैनाबाद की छात्रा श्वेता कुमारी ने 96.4% अंक पाकर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। जिले के 10 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक लाकर जिले का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

# रघुवर दास के पलामू आगमन पर महिला कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



- नेत्री स्मिता के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मान

नवीन मेल संवाददाता


**मेदिनीनगर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास के पलामू आगमन पर महिला कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। नेत्री स्मिता के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

रघुवर दास टाउन हॉल में रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में शामिल होने पहुंचे थे। इस मौके पर स्मिता ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि उनके कार्यों से प्रेरणा लेकर आज महिलाएं आगे बढ़ रही हैं।

स्मिता ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर के जीवन में शिक्षा, धर्म, सेवा और न्याय के कई पहलू देखने को मिलते हैं। उन्होंने अपने राज्य के जरूरतमंद लोगों और कामगारों की आवश्यकताओं का ध्यान रखा।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सुमन गुप्ता, महिला मंडल अध्यक्ष नीलिमा झा, पार्षद प्रमिला देवी, निर्मला देवी, मुन्नी देवी, पुष्पा देवी, सरस्वती देवी, श्रेया झा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। यह आयोजन सामाजिक चेतना और सहभागिता का प्रतीक बना।

## महिला समर्थकों संग अरुणा शंकर ने किया रघुवर दास का स्वागत



**मेदिनीनगर।** नगर भवन में आज झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के स्वागत में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मेदिनीनगर की पहली महापौर अरुणा शंकर ने सैकड़ों महिला समर्थकों के साथ भाग लिया। सभी महिलाएं प्रधानमंत्री और महापौर की तस्वीरों वाली भगवा रंग की छतरियां लिए थीं, जिससे पूरा परिसर उत्सवमय माहौल में रंगा नजर आया।

रघुवर दास ने मंच पर पहुंचकर महिलाओं से मिलते हुए अभिवादन स्वीकार किया। मंच से बोलते हुए अरुणा शंकर ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का जीवन धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और पुनर्निर्माण को समर्पित था। केंद्र सरकार उनके आदर्शों पर काम करते हुए देशभर में सांस्कृतिक धरोहरों को जीवित कर रही है। भाजपा द्वारा उनकी 300वीं जयंती के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो गर्व का विषय है।

इस अवसर पर सांसद बीडी राम, विधायक शशि भूषण मेहता, पूर्व विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, कमलेश सिंह, पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज, घूरन राम, मनोज सिंह, विपिन बिहारी सिंह, लवली गुप्ता, श्याम नारायण दुबे, अविनाश वर्मा, विजय ओझा, अरविंद गुप्ता, डिंपल, विजयनंद पाठक, नरेंद्र पांडे, छोटू, श्रवण, अजय तिवारी, प्रियंका सिंघानिया, टीना, संध्या समेत कई लोग उपस्थित थे।

## 96.20% अंक लाकर विंध्याचल यादव ने बढ़ाया स्कूल व परिवार का मान

**मेदिनीनगर।** जितेंद्र विश्वकर्मा हाई स्कूल, बड़की बैरिया के दसवीं कक्षा के छात्र विंध्याचल यादव ने मैट्रिक परीक्षा में 481 अंक प्राप्त कर 96.20% अंक हासिल किए हैं। इस उपलब्धि के साथ उसने जिले के टॉप 10 विद्यार्थियों की सूची में स्थान बनाया है। विंध्याचल की सफलता पर विद्यालय में खुशी की लहर है। प्रधानाध्यापक, शिक्षक और सहपाठी छात्रों ने उसकी इस उपलब्धि पर गर्व जताया है। विंध्याचल के पिता सुरेंद्र यादव और माता उत्तिमा देवी ने बताया कि वह शुरू से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित रहा है। उसकी मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि आज वह जिले के मेधावी छात्रों में शामिल हुआ है। परिवार ने विश्वास जताया कि विंध्याचल भविष्य में कोई बड़ा पद हासिल करेगा और उनका नाम और रोशन करेगा।

# शहरी क्षेत्र में वाहन जांच अभियान, 61 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला गया



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के विभिन्न चौकों पर परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सोमवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया, चारपहिया, टेंपो और अन्य सवारी वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में कई गड़बड़ियां पाई गईं, जिनमें दोपहिया वाहन चालकों का बिना हेलमेट चलना, बिना लाइसेंस वाहन चलाना और ट्रिपल लोडिंग शामिल थी। वहीं एक कार चालक बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चला रहा था। जांच के दौरान कुल 13 दोपहिया वाहन और एक कार को जब्त किया गया, जिन्हें शहर थाना परिसर में सुरक्षित रूप से रखा गया है। सभी जब्त वाहनों का चालान जिला परिवहन कार्यालय, पलामू को भेजा गया। 27 मई 2025 को जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 11 दोपहिया वाहनों पर कुल 12,235 का चालान फाइन लगाया गया। इसके अलावा, शराब पीकर वाहन चला रहे तीन दोपहिया चालकों पर 31,370 का जुर्माना लगाया गया। एक कार चालक पर भी शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में 10,185 का फाइन तय किया गया। साथ ही, नो एंट्री में पकड़े गए एक कंटेनर ट्रक पर 6,150 और एक ई-रिक्शा टेंपो पर 1,150 का जुर्माना लगाया गया। कुल मिलाकर इस अभियान में 61,090 की चालान राशि वसूली गई है।

# सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर झामुमो ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड में सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से रैली और प्रदर्शन किया गया। शिवाजी मैदान से शुरू हुई यह रैली कचहरी परिसर होते हुए समाहरणालय पहुंची, जहां उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सन्नू सिद्दीकी ने कहा कि जातीय जनगणना से पहले आदिवासियों की धार्मिक पहचान सुरक्षित रखने के लिए केंद्र सरकार को सरना धर्म कोड लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक यह कोड नहीं लागू होता, तब तक जनगणना नहीं होनी चाहिए।

रैली में शामिल लोग 'सरना धर्म कोड लागू करो' जैसे नारे लगा रहे थे। हाथों में तख्तियां लेकर बड़ी संख्या में आदिवासी पुरुष और महिलाएं शामिल हुए। रैली के बाद बालकिशुन उरांव और सन्नू सिद्दीकी के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि झारखंड विधानसभा ने 11 नवंबर 2020 को एक विशेष सत्र बुलाकर सर्वसम्मति से सरना धर्म कोड से संबंधित प्रस्ताव पारित किया था और इसे केंद्र सरकार को मंजूरी के लिए भेजा गया था। लेकिन पांच साल बीतने के बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि सरना धर्म के अनुयायी प्रकृति की पूजा करते हैं और खुद को हिंदू धर्म से अलग मानते हैं। इसलिए जनगणना में सरना धर्म के लिए अलग कॉलम होना जरूरी है। अगर पहचान ही नहीं होगी तो जातीय जनगणना का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा।

प्रदर्शन में चंदन सिन्हा, रंजन चंद्रवंशी, सलोनी टोप्पो, अनुराग प्रताप सिंह, रंजीत जयसवाल और अन्य प्रखंडों से आए कई कार्यकर्ता व सदस्य शामिल हुए। हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में मांग की कि जब तक सरना धर्म कोड लागू नहीं होता, जनगणना रोक दी जाए।

# पलामू में सब-जूनियर खो-खो प्रतियोगिता संपन्न 5 जून को राज्यस्तरीय मुकाबले में होंगे शामिल

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला खो-खो एसोसिएशन की ओर से रविवार को जी.एल.ए. एथलेटिक्स स्टेडियम में जिला स्तरीय सब-जूनियर खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में पलामू के विभिन्न विद्यालयों से करीब 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन पलामू जिला ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे, खो-खो संघ के अध्यक्ष आजात शत्रु प्रसाद सिन्हा, पर्यटन विभाग से जुड़े सुशील द्विवेदी और सिकंदर कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता का संचालन कोच रेशमा पांडे के निर्देशन में कोच निरंजन कुमार, अक्सा नाग, प्रीति कुमारी और रिया कुमारी ने किया।

एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता के बाद चयनित खिलाड़ियों को एक सप्ताह तक प्रतिदिन संध्या 4 बजे से प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह सभी खिलाड़ी 5 जून को हजारीबाग में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पलामू का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**बालक वर्ग में चयनित खिलाड़ी:** उपवन कुमार, रुद्र कुमार शुक्ला, हैप्पी कुमार, अंकुश कुमार, आर्यन कुमार, मनीष कुमार, मयंक तिवारी, लव कुमार यादव, अनुराग कुमार पासवान, अनुराग दुबे, पार्थ प्रियदर्शी, अंसराज तिवारी, अंश कुमार मिश्रा, प्रांजल कुमार पांडे, सनी कुमार, साकेत कुमार।

**बालिका वर्ग में चयनित खिलाड़ी:** ज्योति कुमारी, सोनी खातून, फिजा प्रवीण, अंजलि कुजूर, ममता कुमारी, चांदनी कुमारी, रितिका कुमारी, संजना कुमारी, अंशु कुमारी, स्नेह लता कुमारी, सोनम कुमारी और रिया कुमारी ठाकुर।

खिलाड़ियों के उत्साह और संगठन की बेहतर व्यवस्था के कारण आयोजन सफल रहा।

## संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत

**केतार।** थाना क्षेत्र के योगीयावीर गांव में एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के रेणुकूट निवासी रविंद्र गुप्ता के 22 वर्षीय पुत्र मुकेश गुप्ता के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मुकेश गुप्ता अपने दोस्त की बहन की शादी में शामिल होने के लिए योगीयावीर गांव में दुदुन गुप्ता के घर आया था। मंगलवार की दोपहर वह अपने दोस्तों के साथ सोन नदी में स्नान करने परती घाट पर गया था। नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण और मछुआरों ने काफी खोजबीन कर युवक को नदी से बाहर निकाला। आनन-फानन में ग्रामीणों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा में उसे भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# दिनेश कुमार यादव गढ़वा के 33वें उपायुक्त के रूप में किया पदभार ग्रहण

▸ **जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना व निराकरण पहली प्राथमिकताः उपायुक्त**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2018 बैच के अधिकारी दिनेश कुमार यादव ने गढ़वा जिले के 33वें उपायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। मंगलवार को निवर्तमान उपायुक्त शेखर जमुआर ने उपायुक्त वेश्म में उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा अपना प्रभार सौंपा। उपायुक्त गढ़वा के कार्यालय कक्ष में प्रभार सौंपने



संबंधित सम्पूर्ण कागजी प्रक्रिया पूर्ण हुई। इसके बाद नव नियुक्त उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने पदभार संभाला। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों व कर्मियों से परिचय लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद गढ़वा जिले के नए उपायुक्त मीडिया से भी मुखातिब हुए। कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना एवं आमजनों से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करना उनकी प्राथमिकताओं में होगा। मौके पर मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, निदेशक डीआरडीए रविश राज सिंह, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा संजय प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थें।

# 97 प्रतिशत लाकर जिला टॉपर बनी साक्षी

## राज्य में 28वां स्थान प्राप्त की



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** लोहिया समता उच्च विद्यालय केतार की छात्रा साक्षी कुमारी ने 97 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉपर बनी। उसे राज्य में 28 वां स्थान मिला है। लोहिया समता उच्च विद्यालय का परिणाम 96.32 प्रतिशत है। इसमें साक्षी यादव 97 प्रतिशत, वंदिता शिवा 93.3 प्रतिशत, प्रिया कुमारी 93.6 प्रतिशत, किशन कुमार 93.2 प्रतिशत, दीप्ति कुमारी 92 प्रतिशत और प्रेमलता कुमारी 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप पांच में जगह बनाई है। विद्यालय कि छात्रा साक्षी कुमारी को जिला में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्रधानाध्यापक व शिक्षकों ने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं।

## पवन 91.80 प्रतिशत लाकर प्रखंड टॉपर बना



**खरौंधी(गढ़वा)।** खरौंधी प्रखंड के विभिन्न उच्च विद्यालयों से मैट्रिक परीक्षा में शामिल हुए छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन इस वर्ष बेहतर है। मंगलवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल का घोषित परीक्षा परिणाम में प्रखंड के कई प्रतिभागियों ने बेहतर अंक प्राप्त कर प्रखंड में टॉप टेन में अपनी जगह बनाई है। स्तरोन्नत उच्च विद्यालय अमरोरा के पवन कुमार प्रजापति ने 91.80 प्रतिशत के साथ प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं स्तरोन्नत+2 उच्च विद्यालय राजी के विक्की कुमार ने 88.80 प्रतिशत हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा के उत्तम राज 87.40 प्रतिशत हासिल कर तीसरा स्थान और हाई स्कूल खरौंधी के रत्नेश कुमार प्रजापति 86.60 प्रतिशत के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया है। हाई स्कूल खरौंधी के संजीव कुमार 86 प्रतिशत, स्तरोन्नत+2 उच्च विद्यालय राजी के बलवंत राम 84.60 प्रतिशत अंक लाकर बेहतर प्रदर्शन किया है। परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा के प्रशांत कुमार मेहता ने भी 84.60 प्रतिशत अंक, हाई स्कूल खरौंधी के अंशिका कुमारी ने 84.40 प्रतिशत तथा नीरज कुमार ने 84.40 प्रतिशत अंक लाया है। स्तरोन्नत उच्च विद्यालय निधि कुमारी ने 84 अंक प्राप्त की है। खरौंधी हाई स्कूल के सिमरन कुमारी ने 83.80 प्रतिशत अंक तथा परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा के प्रिया कुमारी 83.80 प्रतिशत और स्तरोन्नत+2 उच्च विद्यालय राजी के प्रीतम पासवान 82.80 प्रतिशत लाकर प्रखंड के टॉप टेन में अपनी जगह बनाया हैं। खरौंधी प्रखंड के हाइ स्कूल खरौंधी, स्तरोन्नत+2 उच्च विद्यालय राजी तथा परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा से सर्वाधिक छात्र टॉप टेन में शामिल है। जो क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है। स्थानीय स्कूलों के शिक्षक और अभिभावकों ने छात्रों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना किया है। वहीं इन विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।

## सोनाली ने 81 प्रतिशत लाकर बढ़ाया मान, खुशी की लहर



**मझिआंव (गढ़वा)।** नगर पंचायत क्षेत्र के व्यवसायी अजय सोनी की पुत्री सोनाली कुमारी ने मैट्रिक परीक्षा में 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। सोनाली ने कुल 406 अंक हासिल कर यह सफलता पाई है। वह अपग्रेडेड हाई स्कूल, मझिआंव की छात्रा है और अपने सभी विषयों में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। सोनाली की इस शानदार उपलब्धि से जहां उसके परिवार में खुशी का माहौल है, वहीं स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने भी उसकी मेहनत और लगन की सराहना की है। माता-पिता ने बेटी की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सोनाली शुरू से ही पढ़ाई में गंभीर रही है और उसने पूरे समर्पण के साथ तैयारी की थी। गौरतलब है कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल, रांची द्वारा संचालित मैट्रिक परीक्षा 2025 का परिणाम आज घोषित किया गया है। जैसे ही परिणाम की घोषणा हुई, सोनाली की मेहनत रंग लाई और वह क्षेत्र की प्रतिभावान छात्राओं में एक नाम बन गई। सोनाली ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और कठिन परिश्रम को दिया है। उसने आगे चलकर बेहतर शिक्षा प्राप्त कर समाज में एक सशक्त भूमिका निभाने की इच्छा जताई है। उसकी इस सफलता से क्षेत्र के अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

## सरस्वती विद्या मंदिर के 102 विद्यार्थियों ने मैट्रिक में प्रथम श्रेणी से पास किया



**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने जैक द्वारा जारी मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में जिले एवं राज्य स्तर पर अव्वल दर्जा प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार सहित पूरे जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के सभी 102 छात्र छात्राओं ने इस बार मैट्रिक के परीक्षा में प्रथम श्रेणी से पास विद्यालय का मान बढ़ाया है। जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविकांत पाठक ने बताया कि विद्यालय का मैट्रिक परिणाम शत प्रतिशत रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के आशुतोष कुमार चौबे ने 484 अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सुमित कुमार ने 482 अंक लाकर अपने विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। रोहित कुमार,प्रवीण कुमार ने 480 अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। सागर कुमार ने 479 व आशुतोष कुमार ने 478 अंक लाकर क्रमशः चौथे व पांचवा स्थाना प्राप्त किया। अनुराग कुमार,युवराज कुमार, ओम कुमार ने संयुक्त रूप से छठा स्थान प्राप्त किया। उत्तम कुमार, अंकित विश्वकर्मा, शांभवी कुमारी, प्रियांशु कुमार, रंजन कुमार ने विद्यालय के टॉप 10 में अपना स्थान प्राप्त किया।

# प्लस टू हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 95.1 प्रतिशत रहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** स्थानीय प्लस-टू हाई स्कूल का रिजल्ट बेहतर रहा। परीक्षा में 95.1 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने सफलता हासिल की। परीक्षा में 301 शामिल हुए थे,जिसमें 286 पास हुए। प्रथम 77,द्वितीय 160 और 49 तृतीय स्थान पर रहे। सर्वाधिक विपुल कुमार ने 94.8 प्रतिद्वत अंक लाकर विद्यालय सहित प्रखंड टॉपर रहा। जबकि हर्षित ने 93.4 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान,वहीं सुमित कुमार गुप्ता ने 92.4 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार उपाध्याय ने बच्चों और शिक्षकों के मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने सफल हुए परीक्षार्थियों की उज्वल भविष्य की कामना की परियोजना बालिका उच्च विद्यालय का 95.8 प्रतिशत रिकल्ट हुआ। परीक्षा में 310 परीक्षार्थी शामिल हुए थे,297 उतीर्ण हुए। जिसमे 66 प्रथम,195 द्वितीय और 36 छात्राएं तृतीय स्थान लाई। सर्वाधिक अमिता कुमारी और सुषमा कुमारी ने 82.6 प्रतिशत अंक लाकर दोनों छात्राएं विद्यालय टॉपर रही। जबकि प्रियंका कुमारी 79.2,खुशी कुमारी 77.8,गुलशन खातून 77,मदीना प्रवीन 75.8,नेहा कुमारी 74.8,नसरीना खातून 74,चंदा कुमारी 73.4,प्रिया कुमारी 70.8 और सोनम कुमारी 70.2 प्रतिशत अंक लाए। विद्यालय के प्राचार्य सत्यप्रकाश यादव ने सफलता प्राप्त करने वाले छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की। राजकीय कृत प्लस-टू हाई स्कूल झगराखांड़ विद्यालय का 98.8 प्रतिशत रिजल्ट हुआ। परीक्षा में 172 शामिल हुए,जिसमें 170 उतीर्ण हुए। प्रथम 62,द्वितीय 78 और 30 परीक्षार्थी तृतीय स्थान लाये। आयुष कुमार पाठक 84.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर रहा। साजन कुमारी 84.4,सौरभ रंजन 82.2,सुदामा कुमार, अंबिकेश मिश्रा और नवीन कु पासवान 77.6,सत्यम कुमार यादव, 76.8,नेहा कुंमारी 76.6,करिश्मा कुमारी 76,रूपमती कुमारी 75.6,पवन कुमार यादव 75,संध्या कुमारी और निशु कुमारी 74 प्रतिशत अंक लाये। कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में 50 छात्राएं शामिल हुई जिसमें सभी सफल रही। प्रथम सात,द्वितीय 41 और दो छात्राएं तृतीय स्थान लाई। सर्वाधिक रितु कुमारी ने 65.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही। जबकि जितनी कुमारी 62.6 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय और कंचन कुमारी ने 62.2 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान लाई।


**कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सेन्हा (लोहरदगा)**

**ई-निविदा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 01/2025–26 दिनांक

| क्र0/ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सेन्हा | सेन्हा | सेन्हा मार्केट कॉम्पलेक्स निर्माण | 20,00,000 | 5,000 | 40,000 | 04(चार) माह |

2. वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 28.05.2025
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 05.06.2025 / 10:00 बजे पूर्वाह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि व समय :– 06.06.2025 / 11:00 बजे पूर्वाह्न में
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– प्रखण्ड कार्यालय सेन्हा
6. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– प्रखण्ड कार्यालय सेन्हा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित सेन्हा प्रखण्ड के संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।

2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in जिला परिषद् लोहरदगा पर देखा जा सकता है।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी
सेन्हा (लोहरदगा)

PR 353565 Lohardaga(25-26)#D


# सफल छात्र-छात्राओं को अभाविप ने दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** मैट्रिक की परीक्षा विद्यार्थी जीवन की पहली परीक्षा होती है। यह आगे की शिक्षा का मार्ग प्रशस्त करती है। हर परीक्षा कुछ न कुछ नयी सीख देती है, जिसका आगे की शिक्षा और जीवन में काफी महत्व होता है। इसलिए परीक्षा में सफल और असफल सभी छात्र-छात्राएं इस परीक्षा से प्राप्त अनुभवों से अपनी आगे की शिक्षा को सकारात्मक दिशा दें। उक्त बातें अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस कुमार सिंह ने कही। उन्होंने मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। कहा कि आपकी मेहनत और समर्पण ने आपको यह सफलता दिलाई है। यह सिर्फ एक परीक्षा की जीत नहीं, बल्कि उज्वल भविष्य की ओर बढ़ाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है. एवं जो छात्र-छात्रा परीक्षा में सफल नहीं भी हुए हैं, उनको बहुत-बहुत आशीर्वाद, क्योंकि आपको अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करने के लिए और समय मिला है। मिले समय का सदुपयोग करें और अगली परीक्षा में स्वर्णिम प्रदर्शन करें। उन्होंने विशेष रूप से इस परीक्षा में शीर्ष स्थान पानेवाले विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, और यह आपके भविष्य के लिए एक शानदार शुरूआत है. अपने शैक्षिक जीवन में स्वर्णिम प्रदर्शन जारी रखें एवं सफलता को अपनी पहचान बनाएं और अपने ज्ञान से देश और समाज के विकास में योगदान दें।

# दिव्यांग के परिजनों से मिले बीडीओ, सहायता का दिया भरोसा

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड के अमरोरा गांव में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रवींद्र कुमार दिवंगत दिव्यांग सुदामा चेरो के घर पहुंचे और उनके परिवार को सांत्वना दी। बीडीओ ने सुदामा चेरो की मृत्यु के कारणों की जानकारी ली और उनके परिवार की वर्तमान स्थिति का भी जायजा लिया।बीडीओ ने मृतक के श्राद्ध कर्म के लिए परिवार को 50 किलो चावल, दाल, नमक और भोज के लिए गेहूं उपलब्ध कराया। साथ ही उन्होंने मृतक की पत्नी को पारिवारिक लाभ और पेंशन योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले गांववासियों से उन्हें जानकारी मिली थी कि सुदामा चेरो पिछले एक माह से बीमार हैं, लेकिन आर्थिक



तंगी के कारण उनका समुचित इलाज नहीं हो पा रहा था। इस जानकारी के बाद उन्होंने भवनाथपुर के चिकित्सा पदाधिकारी से संपर्क किया, जहां से यह पुष्टि हुई कि सुदामा चेरो की मृत्यु हो चुकी है और उनका शव घर भेजा जा चुका है। बीडीओ ने पंचायत के मुखिया पति सतीश राम को मृतक के भोज की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश भी दिया ताकि श्राद्ध हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न हो सके। परिजनों से बात करते हुए बीडीओ ने कहा कि किसी भी जरूरत के लिए वे बिना संकोच प्रखंड कार्यालय से संपर्क करें, उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर नाजिर संजय सक्सेना, मुखिया पति सतीश राम, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी बिनोद पासवान, राजकुमार राम, मृतक की पत्नी शिला देवी, मां ब्यारी देवी, तेज साह, सुजीत द्विवेदी समेत कई लोग उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**

**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

73वीं औपबंधिक सूची

जिला :– पलामू

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता का विवरण | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक–478<br>2. आवेदक–रामदयाल उराँव<br>3. पिता–स्व0 रामकिशुन उराँव<br>4. ग्राम–चियाँकी, पोस्ट–चियाँकी<br>5. प्रखण्ड–डालटनगंज थाना–डालटनगंज<br>6. लिंग–पुरूष आयु–70 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही है। | नहीं | नहीं | कारण :–आवेदक द्वारा सलंग्न विभिन्न कागजातों द्वारा ज्ञात होता है कि आवेदक झा0मु0मो0 पार्टी के सदस्य रहे है। | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।

2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आषय का शपथ पत्र अवष्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 353621 Home (25-26)_D


## प्रखंड कार्यालय सभागार में हुई समीक्षा बैठक

# दूसरी व तीसरी किस्त की राशि लेकर आवास निर्माण नहीं करने वालों से राशि रिकवरी होगी: बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को बीडीओ प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। उक्त बैठक में पंचायत जनप्रतिनिधि सहित ब्लॉक कर्मी और मनरेगा कर्मी शामिल हुए। उक्त बैठक में बीडीओ प्रशांत कुमार ने अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास की पंचायतवार समीक्षा करते हुए अधूरे आवास का निर्माण कार्य शुरू कराते हुए पूरा करने का निर्देश कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों को दिया। बीडीओ ने कहा कि जो लाभुक पहली और दूसरी किस्त कि राशि लेकर आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं किए हैं, उनको नोटिस भेजकर राशि रिकवरी किया जायेगा। बीडीओ ने अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास का मजदूरी भुगतान के लिए डिमांड लगाने का निर्देश रोजगार सेवकों और बीपीओ



को दिया, ताकि समय पर मजदूरी भुगतान किया जा सके। बीपीओ नीरज कुमार पाल ने मनरेगा योजना के तहत आम बागवानी योजना के लिए गड्ढा खुदाई कराने का निर्देश रोजगार सेवकों को दिया। ताकि समय पर लाभुकों को खाद और कीटनाशक उपलब्ध कराया जा सके। बीपीओ ने कहा कि इस बार 74 एकड़ भूमि में आम बागवानी योजना करने का लक्ष्य है। इस मौके पर मुखिया मुंगा साह, प्रमोद कुमार, मुनि देवी, मनोरंजन गुप्ता, कलेंदर पासवान, पंचायत सचिव आदित्य कुमार,राम सुरेश राम, बीपीओ निरज कुमार पाल, रोजगार सेवक धीरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, राम कुमार प्रजापति, दिपक जयसवाल, पंकज सिंह, जेई आनंद कुमार, अमर भारती, सत्यम कुमार, राजीव कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय का मैट्रिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**केतार।** प्रखंड के उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय परसोडीह का 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के 214 बच्चों में सभी ने परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। इनमें चंचला कुमारी ने 88.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनी है। आकृति कुमारी 88.20 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त की। आनंद देव सिंह ने 87.40 प्रतिशत अंक लाकर तीसर स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दीपक सिंह ने बताया कि विद्यालय के 214 छात्रों ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें 107 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, 92 छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जबकि 15 छात्रों ने तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। प्रधानाध्यापक ने सभी सफल छात्र -छात्राओं को उज्जवल भविष्य कि कामना किया है।


**कार्यालयः–जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार**

संयुक्त जिला कृषि भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार–829206

Email :- lateharda0@rediffmail.com

**लातेहार जिला के सभी बिरसा किसान भाईयों के लिए आवशयक सूचना**

हर्ष की बात है कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष 2025–26 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा चलाए जा रहे **"बीज विनिमय एवं वितरण कार्यक्रम तथा उत्पादन योजना"** अन्तर्गत किसानों को धान, मक्का, ज्वार, अरहर, जौ, रागी, मूंगफली एवं मूंगबीन का बीज 50% अनुदान दर पर लैम्पस/पैक्स, कृषक उत्पादन संगठन (FPO) एवं अधिकृत बीज अनुज्ञप्तिधारियों के द्वारा Block Chain Technology के माध्यम से बीज का वितरण किया जायेगा है। इच्छुक किसान अपने आधार कार्ड एवं मोबाईल नं० के साथ निम्न दर से बीज प्राप्त कर सकते है। इस संबंध में अपने प्रखण्ड के BAO/BTM/ATM एवं कृषक मित्र से सम्पर्क कर सकते है।

| फसल का नाम | प्रभेद | बीज की मात्रा (क्वीं०में) |
|---|---|---|
| धान (संकर) | PAC-801, PNPH-24, Sava-7301, MTU-1010, IR-64 DRT, IR-64, DRRH-2, AZ 8433DT (IET28160), BS-129G (ARIZE-6129 GOLD) | 1450 |
| मक्का | DHM-117, DMRH-1301, DHM-121, BIO-9682, DMRH-1308, HQPM-1, NMH-803, IMH-224 | 400 |
| उरद | PU-31 | 50 |
| मूंगबीन | IPM-205-07 | 100 |
| मूंगफली | Girinar-4 | 100 |
| तील | RT-351 | 20 |
| अरहर | IPA-203 | 50 |
| रागी | VL-379 | 50 |
| जौ | RD-2794 | 20 |
| अरहर | Rajendra arhar-1 | 50 |
| ज्वार | CSV-15 | 50 |

जिला कृषि पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 353556 (Agriculture) 25-26 (D)

## पूरे प्रदेश में लातेहार का चौथा स्थान

# प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बारियातू की नेहा रानी बनी जिला टॉपर

- टॉप टेन में सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के नौ छात्र

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड अधिवद्य परिषद ने 27 मई को 10 वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया है। लातेहार जिले का रिजल्ट पिछले साल की तुलना में थोड़ा बेहतर है। पिछले साल लातेहार जिले का रिजल्ट 93.26 प्रतिशत रहा था, जबकि इस वर्ष लातेहार जिले का रिजल्ट 96.27 प्रतिशत दर्ज किया है। बता दें कि इस वर्ष लातेहार जिले में कुल 11187 परीक्षार्थियों ने अपना निबंधन कराया था, जिसमें कुल 11122 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। इनमें से 10707 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें प्रथम श्रेणी में 5688, द्वितीय श्रेणी में 4683 और तृतीय श्रेणी में कुल 336 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। पूरे प्रदेश में जैक 10 वीं बोर्ड के रिजल्ट के मामलें में लातेहार जिले का चौथा स्थान रहा है। लातेहार जिले के 96.27 परीक्षार्थियों ने सफलता हासिल की। जबकि प्रदेश में पहले स्थान में कोडरमा ( 97.83), पाकुड ( 96.83) और जामताड़ा ( 96.33) क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्?थान पर रहे। जैक 10 वीं की बोर्ड 2025 की परीक्षा में प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बारियातू की नेहा रानी सर्वाधिक 96.6 प्रतिशत अंक ला कर जिला टॉपर बनी है। जबकि प्रो उच्च विद्यालय सासंग की आलिया तब्बसूम ने 96.4 प्रतिशत अंक ला कर दूसरा और उत्क्रमित उच्च विद्यालय बालूमाथ के बुलबुल ने 96.2 अंक ला कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार की कुमारी कोमल सिंह ने 96 प्रतिशत, उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरइडीह बरवाडीह की चंदा कुमारी ने 95.2,प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बालूमाथ की श्रुति ने 95, सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार की प्राची गुप्ता ने 95, शौर्य राज ने 94.8, हामिया खातून ने 94.8 व शीतल कुमारी ने 94.8, प्रोजक्ट हाई स्कूल सांसग की सिंपी कुमारी ने 96.6, लातेहार सरस्वती विद्या मंदिर के दीपा रानी ने 94.6, श्रेया कुमारी ने 94.6, कृष राज ने 94.2 व माही कुमारी ने 94.2, उत्क्रमित उच्च विद्यालय हेरहंज के नमन कुमार व सरस्वती विद्या मंदिर के दिव्य सिंह ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप टेन में अपनी जगह बनायी है।



### टॉपर नेहा इंजीनियर बनना चाहती है

**बारियातू।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल रांची द्वारा जारी मैट्रिक परीक्षाफल में बारियातू परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्रा नेहा रानी पिता रिटायर्ड पारा शिक्षक अशोक कुमार हैं। नेहा रानी 96.6 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉपर बनकर अपने परिवार विद्यालय व प्रखंड क्षेत्र का नाम रौशन की। उच्च विद्यालय फुलसू के छात्र विवेक कुमार ने 92.8 प्रतिशत लाकर प्रखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि उत्क्रमित उवि टोंटी हेसला के छात्र मयंक प्रसाद सोनी ने 92.4 प्रतिशत लाकर प्रखंड मे तृतीय स्थान प्राप्त किया है। नेहा आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहती है। मैट्रिक मे जिला टॉपर रहे नेहा रानी की सूचना पाकर साल्वे पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष राजीव भगत नेहा के घर पहुंच टॉपर बने नेहा को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया एवं पेन डायरी देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बोर्ड परीक्षा में प्रोजेक्ट हाई स्कूल सासंग का रहा दबदबा

नवीन मेल संवाददाता





**चंदवा।** झारखंड एकेडमिक कौंसिल के द्वारा मंगलवार को दसवीं बोर्ड की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस वर्ष जारी दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल सासंग के विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय की छात्रा आलिया तबस्सुम पिता ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड टॉपर होने के साथ जिला में दूसरा स्थान है। इसी विद्यालय की एक और छात्रा सिंपी कुमारी पिता ने 94.40 अंक प्राप्त कर प्रखंड में दूसरा एवं जिला टॉप 10 में 8 वां स्थान प्राप्त किया है। शाहजहां परवीन ने 93.40 अंक प्राप्त कर प्रखंड में तीसरा स्थान, जुली कुमारी ने 92.6 अंक प्राप्त कर खीस्त राजा विद्यालय के छात्र आदित्य कुमार के साथ संयुक्त रूप से चौथा स्थान प्राप्त किया है। सासंग की ही छात्रा राखी कुमारी ने 91.60 अंक प्राप्त किया हैं। विद्यालय वार टॉप विद्यार्थियों की बात की जाए तो प्लस टू उच्च विद्यालय चंदवा से जयंत कुमार ठाकुर 87.8 प्रतिशत अंक, बालिका उच्च विद्यालय से सोनम परवीन 80.60, जस्टिस एलपीएन शाहदेव से सचिन लोहरा 90.40 प्रतिशत, श्री श्री उग्रतारा उच्च विद्यालय नगर से विवेक कुमार गुप्ता 84.40 प्रतिशत अंक,पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से राधा कुमारी 82.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर होने का गौरव हासिल किया है। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता के श्रेय अपनी कड़ी मेहनत, शिक्षकों का मार्ग दर्शन और माता पिता व अभिभावकों के आशीर्वाद को दिया है।

### कस्तूरबा विद्यालय का 10वीं में शत प्रतिशत परिणाम

**लातेहार।** जिले में जैक मैट्रिक परीक्षा 2025 की परीक्षा में कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालयों का शत प्रतिशत परिणाम रहा है। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मनिका की शत प्रतिशत छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से उर्तीण हुई हैं। इस वर्ष विद्यालय से कुल 74 छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा दी थी, जिसमें सभी ने प्रथम श्रेणी से पास हो कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। कोमल कुमारी ने सर्वाधिक 89.20 प्रतिशत अंक हासिल किया है। उषा कुमारी ने 89 प्रतिशत, सुमन कुमारी ने 86.60 प्रतिशत, मनीषा कुमारी ने 86.60 प्रतिशत और काजल कुमार ने 86.60 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय के टॉप फाइव में शामिल हुई हैं।

### टॉप टेन में शामिल 17 में 10 छात्र सरस्वती विद्या मंदिर के

**लातेहार।** जैक 10 वीं की बोर्ड 2025 की परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। इस वर्ष जिले में टॉप टेन में कुल 17 छात्र व छात्राएं शामिल हैं। इनमें से 10 छात्र लातेहार जिला मुख्यालय के सरस्वती विद्या मंदिर के है। इनमें कुमारी कोमल सिंह ने 96 प्रतिशत ला कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। प्राची गुप्ता ने 95 प्रतिशत अंक लाकर छठा स्।थान प्राप्त किया है। शौर्य राज, हामिया खातून और शीतल कुमारी ने 94.8 प्रतिशत अंक ला कर सातवां स्थान प्राप्त किया है। दीपा रानी व श्रेया कुमारी ने 94.6 प्रतिशत लाकर आठवां, कृष राज व माही कुमारी ने 94.2 प्रतिशत अंक लाकर नौं व दिव्या सिंह ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर 10वां स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय प्रबंधन ने सफल छात्र व छात्राओं को शुभकामनाएं दी है।

# सरना धर्म कोड लागू करे केंद्र सरकार : बैद्यनाथ राम

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पूरे देश में जनगणना कराने का निर्णय लिया है। झारखंड सरकार द्वारा सरना धर्म कोड व आदिवासी धर्म कोड विधेयक को झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र द्वारा पारित कर राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को अनुमोदन के लिए भेजा था, लेकिन आज पांच साल बीत जाने के उपरांत भी केंद्र सरकार ने इस पर कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक सरना धर्म कोड या आदिवासी धर्म कोड लागू नहीं करती है, तब तक जनगणना नहीं कराने दिया जायेगा। वह सरना कोड लागू करने की मांग को लेकर समाहरणालय के समक्ष आयोजित धरना प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से ही आदिवासी समुदाय के प्रति दोहरी मानसिकता रखती है। भाजपा कहती कुछ और करती कुछ और है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जनगणना के फार्म में हिंदू, मुस्लिम व इसाई आदि धर्म का कॉलम है, उसी प्रकार सरना या आदिवासी का भी कॉलम होना चाहिए। सरना धर्म कोड लागू कराने की मांग को ले कर पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालय में एक साथ 27 मई को धरना प्रदर्शन किया रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि सरना धर्म कोड एक विशेष धार्मिक कोड है, जो आदिवासी समुदायों की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मान्यता देने के लिए प्रस्तावित है। यह कोड आदिवासियों को उनकी विशिष्ट धार्मिक परंपराओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने में मदद करेगा। लेकिन केद्र की सरकार इसे लागू नहीं करना चाहती है। कार्यक्रम में जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, शमसुल होदा, इमरान खान, विनोद उरांव, सुशील कुमार, प्रभात कुमार, अंकित पांडेय व विशाल कुमार आदि मौजूद थे। इससे पहले शहर के बाजारटांड़ से एक रैली निकाली गयी।

# न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन में लाएं तेजी : उपायुक्त



**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विधि शाखा से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में न्यायालय से संबंधित लंबित वादों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। विभागवार लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जितने भी मामलों में कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया जाना है, वैसे सभी लंबित मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को ससमय प्रति शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान लंबित मामलों की समीक्षा की गयी और इनके शीघ्र निष्पादन पर जोर दिया गया।
उपायुक्त ने कहा कि समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई से लंबित वादों का शीघ्र निपटारा किया जाए। बैठक में अंचल अधिकारी बरवाडीह को समीक्षा बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार अजय कुमार रजक, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, सरकारी अधिवक्ता मो, शमसुल कमरखान , विधि शाखा प्रभारी अनिल मिंज व अन्य संबंधित पदाधिकारी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

### समूह से लोन लेकर पढ़ाई बेटी को, बनी प्रखंड टॉपर



**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम रामपुर निवासी शंभू मिस्त्री की पुत्री रंगोली कुमारी संत तेरेसा बालिका ऊंच विद्यालय से 93.80 लाकर मैट्रिक में प्रखंड टॉपर बनी। रंगोली के घर की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है। माता प्रतिमा देवी बताती है कि हम दोनों मिल कर लोहा पिटाई कर टांगी, फार, चाकू अन्य समान बनाने का काम करते है। घर में 4 लड़की व एक लड़का है। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई के लिए समूह से लोन लेकर बच्चों का फीस जमा करते थे, जिससे उनकी उज्ज्वल भविष्य बने। प्रखंड टॉपर रंगोली कुमारी कहती है कि हम पढ़ाई में मन तन से परिश्रम कर आज प्रखंड टॉपर बने हैं। प्रतिदिन दिन आठ घंटे तो कभी ज्यादा समय तक पढ़ाई करती थी।अपने माता पिता पर गर्व है कि किसी तरह मजदूरी कर व लोन लेकर हम सब को पढ़ा रही है। वह इंजिनियर बनना चाहती है। उसे हिंदी 90,इंग्लिश 96,गणित 93 ,विज्ञान 96, सामाजिक विज्ञान 94, संस्कृत 83 कुल 469 लाकर प्रखंड का नाम व विद्यालय का नाम रौशन किया।

### कुन्दा के मजदूर की दिल्ली में मौत

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड के कुन्दा गांव के टिकुलिया टोला निवासी दिनेश भारती की मौत मंगलवार सुबह छह बजे ब्रेन हेमरेज से हो गई हैं। मृतक के पुत्र ने बताया कि पिताजी को दो माह पूर्व सीढ़ी से उतरने के दौरान पैर फिसल कर गिर गए। गिरने के बाद सिर में गंभीर चोट लगने से सिर फट गया। शव को दिल्ली से कुन्दा लाया जा रहा हैं।अंतिम संस्कार कुंदा में किया जाएगा

### सड़क दुघटना में महिला की मौत, युवक घायल

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के साल्वे गांव के पास मंगलवार को सड़क हादसे में स्कूटी में सवार एक महिला की मौत हो गई। चालक घायल हो गया। घटना के संबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार टंडवा थाना क्षेत्र निवासी डोली देवी पति संजय पासवान (35 वर्ष) और विवेक पासवान पिता संजय पासवान (18 वर्ष स्कूटी से शादी समारोह में शामिल होने बारियातू आ रहे थे। इस दौरान एक जानवर को बचाने के दौरान साल्वे गांव के समीप बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से स्कूटी में सवार दोनों घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन में महिला व युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां पर चिकित्सक संजय सिद्धार्थ के जांच बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार की गई। ग्रामीण ने बताया कि घायल युवक विवेक कुमार की महिला रिश्ते में मौसी थी। घटना के बाद स्थानीय पुलिस अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

# मुख्यमंत्री सारथी योजना का शिविर लगा

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** प्रखंड सभागार में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए लगाया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ सोमा उरांव ने की। प्रशिक्षण केंद्र में तेरह पंचायतों के मुखिया और पंचायत सेवक शामिल थे। वहीं क्रेडल कौशल केंद्र के प्रोजेक्ट मैनजर प्रवीण कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना का प्रशिक्षण केंद रांची में है। बच्चो को वहां पर सिलाई मशीन, नर्सिंग, कंप्यूटर की तीन महीने के ट्रेनिंग मुफ्त में दी जाएगी। बच्चों को ट्रेनिंग करने के बाद झारखंड के अंदर ही जॉब मिल जाएगा। मोबलाइजेशन हैंड प्रशान्त तिवारी ने कहा कि कंडिडेट की योग्यता 5 वीं पास लेकर स्नातकोत्तर तक ली जाएगी। प्रशिक्षण लेते है अगर जॉब नहीं मिला तो सरकार के तरफ बेरोजगारी भत्ता लड़कियों के लिए 1500 सौ महीना एक साल तक और लड़कों के लिए 1000 हजार रुपये एक साल तक मिलेगा। यह एक महत्वाकांक्षी योजना है। इससे पलायन रुकेगा। मौके पर बीडीओ सोमा उरांव,बड़ा बाबू राजीव रंजन, मुखिया नरेश उरांव,बिमला देवी,संध्या देवी,परमेश्वर उरांव, पंचायत सेवक,अरविंद कुमार,महेश मुंडा,पंचायत समिति सदस्य पिंटू नायक,साहेन्द्र राम,बीपीएम सुनील कुमार,वकील उराव, सोनू कुमार,दिनेश उराव,वही राँची के ट्रेनर पंकज कुमार ठाकुर, विकास कुमार, अभिनय कुमार, प्रतिमा कुमारी, सालोनी कुमारी, गीता कुमारी, सहित कई लोग उपस्थित थे। अगला कैंप प्रखंड हेरहंज में 29 मई को लगेगा।

# पक्की सड़क के इंतेजार में गोली गांव के ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** आजादी के इतने वर्ष बीतने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों की सड़को की हालत दयनीय बनी हुई है। प्रखंड मुख्यालय के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कच्ची सड़क देखकर सरकार द्वारा किये जा रहे विकास के दावे खोखले दिखाई पड़ते हैं। ऐसा ही कुछ चंदवा प्रखंड अंतर्गत लाधुप पंचायत के गोली गांव में देखने को मिला है, जहां सड़क की हालत काफी दयनीय स्थिति में है। हल्की बारिश में ही सड़क कीचड़नुमा बन जाता है। उक्त सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल है। प्रखंड मुख्यालय से गोली गांव की दूरी लगभग 21 किमी है, जो चंदवा-कुडू सीमाने पर स्थित है। वहां करीब 600 सौ की आबादी निवास करती है। यह गांव एनएच 39 से लगभग 500 मीटर की दूरी पर है। स्थानीय लोगों के आग्रह पर लाधुप पंसस बुधन गंझू गोली गांव पहुंचे। ग्रामीणों ने सड़क की दयनीय स्थिति से उन्हें अवगत कराया और अपनी पीड़ा सुनाई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पक्की सड़क तक नहीं है, जिसके कारण हम लोगों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। गोली गांव एनएच 39 से सटा हुआ है इसके बावजूद यह गांव विकास से कोसों दूर है। पंसस ने उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, विधायक प्रकाश राम से गांव में पक्की सड़क का निर्माण कराने का आग्रह किया है। मौके पर उप मुखिया रामप्रवेश पाहन, उदय यादव,भोला यादव, बीरेंद्र यादव,श्याम कुमार, सुरज यादव, विजय गंझु, वरुण महतो, अभय यादव समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

**जिला परिवहन कार्यालय, गढ़वा**

सूचना संख्या– 299
दिनांक– 21.05.2025

**ऑटो चालकों/मालिकों के लिए आवश्यक सूचना।**

अक्सर देखा जा रहा है कि गढ़वा जिला अन्तर्गत संचालित ऑटो में दाहिने तरफ रड नहीं लगा रहता है तथा ऑटो चालकों द्वारा सवारी बैठाने के लिए बीच सडक पर यत्र–तत्र ऑटो को रोक दिया जाता है, जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

अतः गढ़वा जिला अन्तर्गत संचालित सभी प्रकार के ऑटो के चालकों/मालिकों को सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर अपने ऑटो रिक्सा में दाहिने तरफ अनिवार्य रूप से रड लगाना सुनिश्चित करेंगे तथा अपने ऑटो को निर्धारित ठहराव (स्थान) पर ही रोककर सवारी बैठायेंगे।

सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के बाद सघन वाहन जॉच अभियान चलाकर ऑटो की जॉच की जाएगी और सूचना में अंकित आदेशों का पालन नही किये जाने की स्थिति में आपके विरूद्व मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओ के तहत कार्रवाई की जाएगी।

ह0/–
जिला परिवहन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 353632 (Transport) 25-26 (D)

**कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना (2nd Call)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद् के वाहन संख्या JH08C 4108 की नीलामी जिला परिषद् सभा कक्ष में दिनांक 03.06.2025 को 11:30 बजे पूर्वाहन को की जायेगी:–

| क्र0 | वाहन का पंजीयन संख्या | वाहन का प्रकार | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | JH08C 4108 | TATA INDIGO | 70,000/- | 7,000/- |

नियम एवम् शर्त :–
1. इच्छुक डाकवक्ता कॉलम 05 में अंकित राशि का बैंक ड्रॉफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय एवम् बैंक ऑफ इंडिया, कोर्ट एरिया शाखा में भुगतेय हो जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं।
2. डाकवक्ता डाक के पूर्व जिला परिषद् कार्यालय में वाहन का अवलोकन कर सकते हैं।
3. उच्चतम डाकवक्ता डाक में बोली गई राशि का शत प्रतिशत राशि 03(तीन) दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा करायेंगे अन्यथा जमानत की राशि को जब्त करते हुए द्वितीय उच्चतम डाकवक्ता को वाहन देने की कार्रवाई की जायेगी।
4. वाहन का निबंधन हस्तान्तरण करने में होने वाले शुल्क डाकवक्ता को स्वंय वहन करना होगा।
5. इस नीलामी को कभी भी रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 353629 Lohardaga (25-26)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**(डी0एम0एफ0टी0 मद)**
**संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/7/2025-26(2ND CALL)**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत कृषि फार्म कैम्पस में अवस्थित पुराने भवनों (Building no-06,07,08) का जिर्णोद्धार। | 2493200 | 50000 | 5000 | 1 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत लातेहार जिला के नगर पंचायत में पुराना पुलिस लाईन में स्वच्छता/SLRM कार्य हेतु अवस्थित जर्जर भवन का मरम्मति कार्य। | 2432300 | 49000 | 5000 | 1 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत लातेहार जिला के पुराना पुलिस लाईन में बुनियादी विद्यालय के समीप स्वच्छता/SLRM कार्य हेतु अवस्थित जर्जर भवन का मरम्मति कार्य। | 2149600 | 43000 | 5000 | 1 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 28.05.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 28.05.2025 से दिनांक 04.06.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –06.06.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लातेहार

PR 353612 (Rural Development)25-26*D

## प्रधानाचार्य ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर हर्ष जताया

# सफलता उन्हीं को मिलती है जो अपने सपनों को साकार करने की हिम्मत रखते हैं : शशिधर लाल





नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) झारखंड बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट प्रकाशित हुआ। कक्षा दशम में कुल 137 भैया बहन शामिल हुए। जिसमें अन्वेषा मुखर्जी 95 प्रतिशत, तन्मय शेखर 92.6 प्रतिशत, रवि कुमार गुप्ता 91.6 प्रतिशत, अंश कुमार पांडे 91.4 प्रतिशत, रणवीर कुमार सिंह 89.4 प्रतिशत, एकलव्य पाण्डेय 88 प्रतिशत, निधि कुमारी 87.8 प्रतिशत, दिव्यांशी प्रिया 87.6 प्रतिशत, अंकित कुमार 86.4 प्रतिशत एवं समृद्धि गुप्ता 86 प्रतिशत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया। शत प्रतिशत परिणाम के साथ सभी भैया-बहन प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस अवसर पर गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, परीक्षा विभाग मधुमिता शर्मा एवं आचार्यगण ने भैया -बहनों को ढ़ेर सारी शुभकामनाएं दी। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल एवं सचिव अजय प्रसाद विद्यालय में उपस्थित होकर सभी भैया- बहन एवं आचार्यगण को शुभकामनाएं एवं बधाई दिए।

प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि भैया-बहनों की मेहनत शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों का सहयोग प्राप्त हुआ एवं धन्यवाद के पात्र है। परीक्षा विभाग प्रमुख मधुमिता शर्मा, राजीव कुमार सिंह, अनीता देवी, जोधन सिंह, दिनेश सिंह, अमन कुमार सभी ने एक साथ मिलकर विद्यालय के अच्छे परिणाम पर सभी भैया- बहनों को शुभकामनाएं देने का कार्य किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 10वीं की परीक्षा में विद्यार्थियों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



**कुड़ू-लोहरदग़ा।** जैक बोर्ड कक्षा 10वीं में एमजी प्लस 2 उच्च विद्यालय माराडीह के छात्र - छात्राओं ने इस बार भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का मान बढ़ाया है। विद्यालय के 87 प्रतिशत विद्यार्थी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण घोषित हुए। रेगुलर कुल 320 छात्रों में 101 विद्यार्थिय प्रथम, 150 द्वितीय एवं 25 विधार्थीयों ने तृतीय स्थान प्राप्त कर सफल हुए हैं। सर्वाधिक अंक लाने वालों में समीक्षा कुमारी सर्वाधिक 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अव्वल रही, मोहम्मद इक़रामा 90.4 अंक के साथ दूसरे स्थान पर वहीं शिवांगी कुमारी 89 अंक के साथ विधलाय में तीसरे स्थान पर रहीं। इसके अलावा शिफत परवीन एवं हिना परवीन 87, दिव्या कुमारी 85.8, मोहम्मद कैफ आंसरी 84.4, मनीषा कुमारी 83.8, प्रिंस राज 83.4, राजकुमारी उरांव 83.2, विकी महली एवं अरमान खलीफा ने 82.4, और साक्षी कुमारी 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। विद्यार्थियों के अप्रत्याशित परिणाम से विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है। प्रभारी प्रधानाध्यापक पुष्प निहारी बाखला और वरीय शिक्षक विजय कुमार साहू ने सभी विद्यार्थियों एवं सभी शिक्षकों को बधाई व शुभकामनाएं दी है। एक से दस सफल क्षात्रों में व्यवसायिक शिक्षा के 8 विद्यार्थियों की सफलता के लिए शिक्षक तथागत साकेत को भी ढेर सारी शुभकानाएं दी हैं। साथ ही विधलाय के रमेश साहु, शनि कुजूर, मंजू कुमारी, संजय साहू, रश्मि केरकेट्टा, प्रशांत मुंडा, डोली वर्मा, संगीता बाला ने बधाई और शुभकानाएं दी हैं।

## महादेव आश्रम का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



**लोहरदगा।** झारखंड अधिविध परिषद, रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा सत्र 2024-25 का परीक्षाफल हाल ही में घोषित किया गया। इस अवसर पर मंजूरमती उच्च विद्यालय, महादेव आश्रम लोहरदगा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता अर्जित की है। विद्यालय के छात्र रामदेव उरांव ने 93.80प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी सफलता की विशेष बात यह है कि उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन द्वारा उन्हें निःशुल्क शिक्षा प्रदान की गई थी, जो उनकी मेहनत, लगन और विद्यालय के सहयोग का प्रत्यक्ष प्रमाण है। टॉप टेन छात्र-छात्राओं की सूची में रामदेव उरांव – 93.80 प्रतिशत, अमित राम – 92.20 प्रतिशत, अभिषेक राम – 90.80प्रतिशत, अभय राम – 90.80प्रतिशत, विक्की साहू – 90.20प्रतिशत, ज्योति कुमारी – 89.20प्रतिशत, प्रीति राज भगत – 89.00प्रतिशत, किंजल कुमारी – 87.80प्रतिशत, सत्यम कुमार – 87.80प्रतिशत, मयंक कुमार – 87.40प्रतिशत, करण उरांव – 86.00प्रतिशत, आर्यभ कुमार – 86.00प्रतिशत, निखिल वर्मा – 85.80प्रतिशत, लक्ष्मण कुमार महतो – 85.80प्रतिशत शामिल हैं। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मदनमोहन पांडेय ने कहा, हमारे छात्रों की यह सफलता न केवल उनके कठिन परिश्रम का परिणाम है, बल्कि शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का भी परिचायक है। विशेष रूप से रामदेव उरांव की सफलता यह सिद्ध करती है कि यदि इच्छाशक्ति प्रबल हो, तो कोई भी बाधा लक्ष्य प्राप्ति में आड़े नहीं आ सकती। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकों और कर्मचारियों के योगदान की सराहना की है। यह परीक्षा परिणाम विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने खिलाड़ी रवाना

**लोहरदगा।** धनबाद में आयोजित जूनियर एवं सब जूनियर 25 वा राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लोहरदगा जिला के 20 सदस्यीय ताइक्वांडो खिलाड़ी रवाना हुए। यह प्रतियोगिता जो 27 से 29 मई तक आयोजित होगी। जिसे लोहरदगा जिला के इंटक अध्यक्ष आलोक साहू के द्वारा धनबाद के लिए लोहरदगा रेलवे स्टेशन से रवाना किया गया। यह जानकारी जिला ताइक्वांडो महासचिव अजय कुमार महतो ने दिया।


NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL
NETARHAT
P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institution under School Education & Literacy Department, Govt. of Jharkhand)

Tender Cancellation Notice

No. 159 Date – 27.05.2025

The tender invited vide enquiry No. – 141, Dated – 06.05.2025 (PR. No. – 351769 Human Resource Development (24-25), for different renovation works is hereby cancelled due to unavoidable reason.

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School
Cum-Member Secretary
Netarhat Vidyalaya Samiti

PR 353598 Human Resource Developement (25-26)_D



कार्यालय कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

पत्रांक– 331 /दिनांक– 22.05.2025

शुद्धि-पत्र सूचना

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0– WRD/MID/LATEHAR F2-02/2025-26 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No-353110 water resource( 25-26) D है में अतिअल्पकालीन ई0 निविदा अंकित हो गया है। इसे ई0 निविदा समझा जाय। उक्त निविदा को इस हद तक संशोधित किया जाता है। निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 353667 Water Resource (25-26)_D


## देवनद दामोदर महोत्सव पांच जून को



**लोहरदगा।** दामोदर बचाओ आंदोलन लोहरदगा की बैनर तले देवनद दामोदर महोत्सव के निमित्त राम स्वारथ साहू की अध्यक्षता में सलगी में बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संरक्षक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि चूल्हा पानी जो दामोदर नदी का उद्गम स्थल है। लोहरदगा जिला का ऐतिहासिक धरोहर है इसे हर हाल में हमें संजो कर रखना है। गंगा दशहरा के अवसर पर 5 जून 2025 को कार्यक्रम के निमित श्री सिंह ने प्रशासन से आग्रह किया है। कि मेला स्थल तक जाने के लिए के सड़क मरमती, साफ सफाई के साथ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। ताकि दर्शनार्थियों को किसी तरह का कष्ट ना हो। जिला संयोजक बाल कृष्णा सिंह ने कहा कि देवनद दामोदर महोत्सव के निमित्त 5 जून प्रताः 9:00 बजे से चूल्हा पानी में नदी पूजन, हवन, आरती के साथ-साथ भंडारा का भी आयोजन हर वर्ष होता है। बैठक में विपिन भारती, जयनारायण प्रजापति, वीरेंद्र उरांव, हरि साहू, अकलू साहू, मनोज गंझु, रघु गंझु, काशी साहू, बालेश्वर साहू सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

## 10वीं में 92.80 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉप बनी प्रार्थना कुमारी

**लोहरदगा।** मंगलवार को सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुजरा स्थित लोहरदगा कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल बालिका आवासीय विद्यालय कुजरा विद्यालय से मैट्रिक परीक्षा परिणाम वर्ष 2024-2025 का परिणाम में टोटल 55 विद्यार्थीयों ने परीक्षाफल में 55 विद्यार्थीयों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सरकारी विद्यालय का नाम रोशन की है। परीक्षा परिणाम में सबसे ज्यादा अंक लाने वाली प्रार्थना कुमारी 92.80, स्वाति सुमन मुण्डा 92.40, राधिका कुमारी 91.20, पुनम कुमारी 91.00 और चांदनी कुमारी 90.80 अंक प्रतिशत लाकर लोहरदगा जिला एकलव्य मॉडल बालिका आवासीय विद्यालय कुजरा का नाम रोशन की। जिसमें दो विद्यार्थी ने जिला टॉप प्रार्थना कुमारी 92.80 और स्वाती सुमन मुण्डा 92.40 है।

## केजीबीवी की छात्रा कीर्ति बनी प्रखंड टॉपर

नवीन मेल संवाददाता



**भंडरा।** भंडरा प्रखंड क्षेत्र का जैक बोर्ड मैट्रिक का परीक्षा फल ओवरऑल 85 प्रतिशत हुआ. प्रखंड क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की कीर्ति कुमारी 92 प्रतिशत मार्क्स लाकर प्रखंड टॉपर बनी. इसी विद्यालय के पुष्पा कुमारी 91 प्रतिशतमार्क्स लाकर सेकंड टापर बनी। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से कुल 69 छात्राएं मैट्रिक का परीक्षा लिखी थी। जिसमें प्रथम श्रेणी से 63 छात्राएं पास की, द्वितीय श्रेणी से तीन छात्राएं पास की, मार्जिनल में तीन छात्राएं रही. उत्क्रमित उच्च विद्यालय बीटपी का मैट्रिक का रिजल्ट 85.32 प्रतिशत रहा। इस विद्यालय का टॉपर पूजय उरांव 90.4 प्रतिशत मार्क्स लाया, द्वितीय टॉपर सुमित उरांव 83 प्रतिशत मार्क्स लाया, इस विद्यालय से 109 छात्र परीक्षा लिखे थे। जिसमें से प्रथम श्रेणी से 71 छात्र, द्वितीय श्रेणी से 22 छात्र, मार्जिनल से 16 छात्र सफल हुए। वही लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय भंडरा का मैट्रिक का रिजल्ट 67 परसेंट हुआ. इस विद्यालय से कुल 226 छात्र परीक्षा लिखे थे. जिसमें से 75 छात्र फेल हो गए. प्रथम श्रेणी से 70 छात्र सफलता प्राप्त किया. द्वितीय श्रेणी में 78 एवं तृतीय श्रेणी में तीन छात्र सफल रहे. विकास कुमार विद्यालय का टॉपर बना इस 87 प्रतिशत मार्क्स मिला. प्रोजेक्ट बंशीधर कन्या उच्च विद्यालय से कुल 199 छात्र जैक मैट्रिक का परीक्षा लिखी थी. इसमें से प्रथम श्रेणी से 50, द्वितीय श्रेणी से 96, तृतीय श्रेणी से 16 एवं मार्जिनल 37 रहे।

## इंजीनियर बनना चाहता है लक्ष्य भारद्वाज



**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के बड़की चांपी ग्राम निवासी पत्रकार नंदलाल तिवारी एवं बड़की चांपि पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी के पुत्र लक्ष्य भारद्वाज ने कक्षा दसवीं में 88.2 प्रतिशत अंक लाकर परिवार एवं विद्यालय का नाम रौशन किया है। लक्ष्य भारद्वाज को इंजीनियरिंग की पढ़ाई में रुचि है और वह इंजीनियर बनकर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपना योगदान करना चाहता हैं। वर्तमान में आई आई टी-जे ई ई का पढ़ाई कर रहा है। लक्ष्य भारद्वाज की सफलता पर उन्होंने इसका श्रेय अपने माता-पिता और परिवार के सदस्यों सहित शिक्षको को दिया है।

## वाहन जांच अभियान में कई मोटरसाइकिल जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा।** सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से सेन्हा थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर मंगलवार को सेन्हा थाना के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र में बढ़ते सड़क दुर्घटना को रोक-थाम के लिये और नशा में वाहन चलाने को रोकने के उद्देश्य से वाहन जांच किया गया। वही बिना हेल्मेट का मोटरसाइकिल चलाने वाले चालकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। वाहन जांच के दौरान बिना हेलमेट और बिना कागजात का गाड़ी चलाते हुए 13 वाहन चालकों का मोटरसाइकिल को जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखते हुए। अग्रतर कारवाई हेतु परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया है। मौके पर यातायात प्रभारी शिवशंकर मार्डी, एस आई सुशील कुमार सिंह, ए एस आई संजय भगत सहायक पुलिस बल के साथ मौजूद थे।


कार्यालय कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

पत्रांक– 332 /दिनांक–22.05.2025

शुद्धि पत्र सूचना

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/LATEHAR F2-03/2025-26 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No-353111 water resource( 25-26) D है में अतिअल्पकालीन ई0 निविदा अंकित हो गया है। इसे ई0 निविदा समझा जाय। उक्त निविदा को इस हद तक संशोधित किया जाता है। निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 353670 (Water Resource) 25-26 (D)


## छात्रा ज्योति 94.6 प्रतिशत अंक लाकर बनी प्रखंड टॉपर

**सेन्हा-लोहरदगा।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित बोर्ड की परीक्षा का रिजल्ट सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों का शत प्रतिशत रहा. वही प्रखंड के नन्दलाल उच्च विद्यालय में कुल 135 छात्र छात्राओं में 74 छात्राओ ने परीक्षा में भाग लिया.जिसमे 74छात्राएं उतीर्ण हुए.विद्यालय की छात्रा ज्योति कुमारी 94.60 प्रतिशत अंक के साथ प्रखंड व जिला में टॉपर रही.वही दूसरे स्थान पर 92.20 प्रतिशत के साथ नेहा परवीन और सृष्टि कुमारी रही.और सायरा बानो 85.40 प्रतिशत और रेहाना खातून नेहा परवीन 84.60 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पफ रही.आफान अहमद 88 प्रतिशत के साथ सातवें स्थान पर रह.पीएम श्री कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा की छात्रा दीपिका कुमारी 86.20 प्रतिशत,अंजली कुमारी 85.60,सीमा कुमा 84 प्रतिशत जीनत परवीन 83 प्रतिशत रजंती कुमारी 83 प्रतिशत मुनिका कुमारी 82 प्रतिशत अनिशा कुमारी 78.60 प्रतिशत फुलमन्ती कुमारी 78.20 प्रतिशत पूजा कुमारी 77.20 प्रतिशत गुड़िया खेरवार 76 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉप 10 की सूची में शामिल हैं. वही प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय शाहबुटी,उत्क्रमित उच्च विद्यालय चितरी,बुनियादी उच्च विद्यालय सेन्हा,उत्क्रमित उच्च विद्यालय सीठीयो और उच्च विद्यालय मंजुरमती का भी परिणाम शत प्रतिशत रहा।


कार्यालय-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा
(राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा)

शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा द्वारा स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों यथा– LT & STS पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या 09/2024–25 दिनांक–07.03.2025 प्रकाशित किया गया था जिसका PR No.-348075 है। योग्य अभ्यर्थियों के द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि–24.03.2025 था। आवेदन करने की अंतिम तिथि को दिनांक–16.04.2025 तक विस्तारित किया गया था जिसका PR No.-349720 है। पुनः आवेदन करने की अंतिम तिथि को दिनांक–31.05.2025 तक विस्तारित किया जाता है।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा

PR 353553 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D


## डीसी के रूप में आईएएस अधिकारी कुमार ताराचंद ने पदभार ग्रहण किया

# शिक्षा, स्वास्थ्य व कृषि के विकास पर विशेष फोकस रहेगा : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** मंगलवार को लोहरदगा जिला के 42वें उपायुक्त के रूप में कुमार ताराचंद ने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर निवर्तमान उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने नवनियुक्त उपायुक्त को पदभार सौंपा। प्रभार लेने के बाद उपायुक्त ने जिले के अधिकारियों और कार्यालय कर्मियों से परिचय भी प्राप्त किया। जिले के तमाम विभाग के अधिकारी-कर्मियों ने दोनों अधिकारियों को बुके देकर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उपायुक्त कुमार ताराचंद ने कहा कि जिला में उपायुक्त के रूप में कार्य करने का अवसर मिलने पर परम पिता ईश्वर, माननीय मुख्यमंत्री और अपने माता-पिता का धन्यवाद देता हूं। कहा कि जिला में शिक्षा, स्वास्थ्य व कृषि के विकास पर विशेष फोकस रहेगा। लोहरदगा जिला एक कृषि बहुल जिला है जहां 80% आबादी कृषि पर निर्भर है। जिला के विकास कार्य को गति देनी है, यहां के जिलावासियों के उत्थान व उन्नति के लिए कार्य करना है। जिला में विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि समेत अन्य विषयों पर बेहतरी के लिए कार्य करना है। कहा कि किसानों को हर तरह से लाभ पहुंचाया जाएगा चाहे वो डीएमएफटी फंड, सीएसआर के माध्यम से हो। वही राज्य सरकार और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को सीधे लाभुकों तक पहुचाने का प्रयास किया जाएगा। तत्कालीन उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के शिक्षा के क्षेत्र में किये गए उत्कृष्ट कार्य को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

जेईई मेंस, नीट की पढ़ाई जारी रहेगी। राज्य सरकार की प्राथमिकताएं मेरी प्राथमिकताएं होगी। कृषि स्वास्थ्य और शिक्षा के ऊपर ऊपर विशेष प्राथमिकता होगी। उन्होंने सरकारी योजनाओं को अधिकारियों से समन्वय के साथ प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने की बात कही। यह भी कहा कि वह आम लोगों की समस्याओं एवं परेशानियों का त्वरित निदान देने का प्रयास भी करेंगे। उन्होंने जिला के अधिकारियों सहित आम जनों एवं जनप्रतिनिधियों से विकास कार्य में सहयोग की अपेक्षा की। कहा कि वे तत्कालीन उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के प्रयास और अधूरे कार्यों को पूरा करने को लेकर समर्पित रहेंगे। जनता से भी इसमें सहयोग की अपेक्षा करते हैं। वही अधिकारी-कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर विकास के पथ पर आगे बढ़ेंगे। मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला अवर निबंधक सुभाष दत्ता, डीएसओ ज्ञानशंकर जायसवाल समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। वही निवर्तमान उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा लोहरदगा जिला में अपने लगभग तीन साल दो महीने के कार्यकाल के दौरान जिला वासियों का भरपूर प्यार और सहभागिता मिला। जिसके कारण लोहरदगा जिला में बहुत से कार्यों को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने में सहायता मिली। कहा कि लोहरदगा में जनता का साथ मिला है। चाहे विकास की बात हो या फिर सांप्रदायिक माहौल बनाए रखने की। हर क्षेत्र में यहां की जनता ने साथ दिया है। कहा कि लोहरदगा में बिताया गया


कार्यालय – उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार
(जिला ग्रामीण विकास शाखा)

मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित नियुक्ति से संबंधित सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन सं0–01/2023 के द्वारा मनरेगा अन्तर्गत लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक का नियुक्ति हेतु Online आवेदन आमंत्रित किया गया था। Online आवेदनों का विभागीय नियमानुसार (अनिवार्य एवं अतिरिक्त) शैक्षणिक प्रमाण पत्र तथा अन्य प्रमाण पत्रों का डाटा प्रविश्टि किया गया है। प्राप्त आवेदन पत्रों की सामान्य सूची लातेहार जिला के Website–www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

प्रविष्टि की गयी डाटा में आवेदनकर्ता को उक्त सूची पर किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 10/06/2025 तक पदवार अलग–अलग दावा–आपत्ति उप विकास आयुक्त, जिला ग्रामीण विकास शाखा कार्यालय, लातेहार को निबंधित डाक से या कार्यालय में आकर अपना दावा–आपत्ति साक्ष्य सहित जमा करेगें। निर्धारित अवधि के पश्चात किसी प्रकार का दावा या आपत्ति मान्य नहीं होगा।

नोटः– आवेदनकर्त्ता द्वारा आवेदन करते समय जो शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्र अपलोड किया गया है, उन्ही प्रमाण पत्रों पर दावा–आपत्ति करेंगे तथा दावा–आपत्ति में किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त प्रमाण पत्र आवेदनकर्त्ता संलग्न नहीं करेंगे।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक,
लातेहार

PR 353555 (Rural Development)25-26*D

## न्यूज बॉक्स

### पारिवारिक विवाद से आहत होकर महिला ने की अत्माहत्या की कोशिश

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र में बीती रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक महिला ने पारिवारिक विवाद से आहत होकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि, राहगीरों की सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से महिला की जान बचा ली गई। घटना रात के करीब 11:30 बजे की है। चैनपुर निवासी 32 वर्षीय बसंती लकड़ा, पति भूषण लकड़ा, ने चैनपुर थाना के समीप स्थित पोस्ट ऑफिस परिसर में एक आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों ने देखा कि महिला फांसी के फंदे से झूल रही है, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। थाना के सिपाहियों ने बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचकर महिला को फंदे से नीचे उतारा और तुरंत चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद, चिकित्सकों ने बसंती की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल, उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। जानकारी के अनुसार, बसंती लकड़ा नशे की हालत में थी और बताया जा रहा है कि यह पहली बार नहीं है जब उसने आत्महत्या का प्रयास किया हो। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक मामूली पारिवारिक झड़प के बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठाने का फैसला किया।

### पिकनिक मनाने गए युवक की नदी में डूबने से हुई मौत



**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के भीखमपुर स्थित लावा नदी में सोमवार सुबह गर्मी की छुट्टी मनाने दिल्ली से आए तीन दोस्त नहाने के दौरान तेज धार की चपेट में आ गए। स्थानीय युवक सिमोन मिंज ने दो बच्चों, अर्पण मिंज और सोनम थापा को बचा लिया, लेकिन 16 वर्षीय योगेश थापा पानी में बह गया और डूब गया। घटना की सूचना तुरंत प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा और थाना प्रभारी आदित्य कुमार को दी गई। सूचना मिलते ही प्रखंड प्रशासन मौके पर पहुंचा और स्थानीय गोताखोरों की मदद से योगेश की तलाश शुरू की गई, लेकिन 24 घंटे से अधिक समय तक उसका कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार देर रात ग्रामीणों ने प्रशासन की मदद से नदी में जाल भी बिछाया, ताकि योगेश का शव बहते हुए फंस जाए, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।मंगलवार सुबह 10 बजे एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद भी योगेश का शव नहीं मिल पाया। जब एनडीआरएफ की टीम ने उम्मीद छोड़ दी, तभी अचानक नदी में एक सिर दिखाई दिया।एनडीआरएफ की टीम को दोबारा नदी में उतारा गया और इस बार योगेश थापा का शव बरामद कर लिया गया।शव मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

### समर कैंप में बच्चों का जोश और रचनात्मकता हुई बेमिसाल



**गुमला।** उधनी पंचायत के गवर्नमेंट उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कंडापाठ में आयोजित एक दिवसीय समर कैंप ने बच्चों के चेहरों पर खुशियाँ और मन में उत्साह की लहरें दौड़ा दीं। क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए सैकड़ों बच्चों ने इस आयोजन में भाग लेकर खेल, गीत, चित्रकला और समूह चर्चा जैसी रचनात्मक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन की खास बात रही आदिम जनजाति समुदाय के बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता, जिन्होंने अपनी सक्रिय उपस्थिति से समर कैंप को समावेशी और प्रेरणादायक रूप दिया। समर कैंप का उद्देश्य बच्चों में कौशल विकास, रचनात्मकता को प्रोत्साहन और शिक्षा के प्रति रुचि को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य जागरूकता को भी अहमियत दी गई, जिसमें विशेष रूप से फाइलेरिया जैसे गंभीर रोग पर जानकारी दी गई। बच्चों को इस बीमारी के लक्षण, बचाव और रोकथाम के उपाय सरल भाषा में समझाए गए, ताकि वे यह संदेश अपने घर और समुदाय तक पहुंचा सकें। इस सफल आयोजन में पीरामल फाउंडेशन टीम गुमला की अहम भूमिका रही, जिन्होंने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर इस कार्यक्रम को वास्तविक रूप दिया। फाउंडेशन की पहल ने स्वास्थ्य और शिक्षा को एक साथ जोड़ते हुए बच्चों के समग्र विकास की दिशा में सार्थक कदम बढ़ाया। शिक्षकों, अभिभावकों और आयोजकों ने समर कैंप को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया और भविष्य में भी इसी प्रकार सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## गुमला में खाद्य सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

**गुमला।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग, रांची की प्रभारी अध्यक्ष-सह-सदस्या शबनम परवीन की अध्यक्षता में मंगलवार को गुमला जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अधिनियम के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति, शिकायत निवारण की प्रगति, तथा राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष की उपलब्धता और व्यय की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। शबनम परवीन ने जिले के सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सभी पात्र लाभुकों को निर्धारित मात्रा में और समय पर खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही आकस्मिक खाद्यान्न कोष की राशि का उपयोग विशेष परिस्थितियों जैसे आपातकालीन स्थिति या असहाय व्यक्तियों की सहायता हेतु किया जाए।

## बच्चों के बीच बांटी गयी 13 साइकिलें



**बिशुनपुर (गुमला)।** नक्सल प्रभावित और आदिम जनजाति बहुल जमटी परहैया टोला गांव में शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रशासन की एक सराहनीय पहल सामने आई है। तत्कालीन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल पर बिशुनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी के नेतृत्व में गांव के 13 परहैया जनजाति बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। ताकि वे नियमित रूप से विद्यालय जा सकें। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने करीब एक सप्ताह पूर्व जमटी परहैया टोला का दौरा किया था। इस दौरान यह बात सामने आई कि गांव के बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, क्योंकि पहले गांव में संचालित विद्यालय को अब जमटी स्कूल में मर्ज कर दिया गया है, जिससे बच्चों को अब दूर जाना पड़ता है।

# जंगली हाथी का तांडव जारी : टंगराटोली में ग्रामीण के घर को किया तहस-नहस

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के करंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सलकेया टंगराटोली गांव में बीते सोमवार की रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने गांव की बेंगटी देवी के मिट्टी के बने घर को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया। हाथी ने घर में रखे चावल और गेहूं को चट कर गया। इस दौरान दीवार गिरने से घर में रखे बर्तन समेत कई आवश्यक सामान भी टूटकर बर्बाद हो गए। घटना के वक्त बेंगटी देवी का परिवार खाना खाकर सोने की तैयारी में था। तभी हाथी के उत्पात की आहट मिलते ही पूरा परिवार जान बचाकर दूसरे कमरे में भाग गया, जिससे किसी की जान को नुकसान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने मशाल जलाकर काफी मशक्कत के बाद हाथी को गांव से खदेड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि यह वही जंगली हाथी है जो एक दिन पहले कानरावा और बनटोली गांव में भी दो घरों को नुकसान पहुंचा चुका है। यह हाथी कभी करंज थाना तो कभी भरनो थाना क्षेत्र में लगातार तांडव मचाता रहता है। घटना की सूचना वन विभाग, बसिया को दे दी गई है। इधर, पीड़ित परिवार ने वन विभाग से मुआवजे की मांग करते हुए मदद की गुहार लगाई है। गांव में हाथी के भय से दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

सरस्वती विद्या मंदिर, सिसई का शानदार प्रदर्शन

# साक्षी ने 10वीं में 95 प्रतिशत अंक लाकर नाम किया रौशन

नवीन मेल संवाददाता



**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड के कुदरा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर ने 2025 जैक बोर्ड की दशम परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर जिले भर में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के कुल 36 परीक्षार्थियों में से 31 ने प्रथम श्रेणी और 5 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता हासिल की।

विद्यालय की छात्रा साक्षी कुमारी ने 95प्रतिशत अंक ( 475 अंक ) प्राप्त कर गुमला जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से उन्होंने अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। साक्षी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को देते हुए कहा कि इनके बताए हुए मार्ग पर चलकर हम जीवन के हर क्षेत्र में सफल हो सकते हैं। उन्होंने भविष्य में डॉक्टर बनने की इच्छा जाहिर की। प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के कुल 18 भैया-बहनों ने 75प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जबकि सभी 36 विद्यार्थी सफलता पूर्वक उत्तीर्ण हुए हैं, जिससे विद्यालय का उत्तीर्णता प्रतिशत 100प्रतिशत रहा।

### अपग्रेड हाई स्कूल पबेया के तन्नू और उल्फान बने प्रखंड टॉपर

**भरनो (गुमला)।** मैट्रिक बोर्ड परीक्षा 2025 में भरनो प्रखंड के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर न केवल अपने विद्यालयों, बल्कि पूरे प्रखंड का नाम रोशन किया है। इस बार सुदूरवर्ती क्षेत्र स्थित अपग्रेड हाई स्कूल पबेया के छात्र-छात्राओं ने प्रखंड स्तर पर टॉप कर इतिहास रच दिया। पबेया स्कूल की छात्रा तन्नू कुमारी और छात्र उल्फान अंसारी ने 91.20% अंक हासिल कर प्रखंड टॉपर का खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अम्बर प्रसाद, शिक्षक योगेश प्रसाद केशरी और विद्यालय प्रबंधन समिति ने बच्चों को हार्दिक बधाई दी।

### बेनाम जिला कांग्रेस सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया

**सिसई (गुमला)।** युवा कांग्रेस सोशल मीडिया के राष्ट्रीय चेयरमैन मनु जैन ने पत्र जारी कर सिसई विधानसभा युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर बेनाम उरांव को गुमला जिला युवा कांग्रेस सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। मौके पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव भगत ने कहा कि बेनाम उरांव पूर्व से विधानसभा सोशल मीडिया के पद पर रहकर कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाने का काम किए हैं, आशा है पूरे गुमला जिला में सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस पार्टी के विचारों को गांव गांव तक पहुंचाने का काम करेंगे। गुमला जिला के जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा कि बेनाम उरांव एनएसयूआई के समय से पार्टी से जुड़े हुए हैं , और एनएसयूआई के सिसई प्रखंड अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इनकी सक्रियता को देखते हुए इन्हें जिला सोशल मीडिया का कोऑर्डिनेटर बनाया गया है।

## हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले के भरनो थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मारासिली नदी के पास दो संदिग्ध युवकों को धर दबोचा।

गुप्त सूचना के आधार पर जब पुलिस ने युवकों को रोकने की कोशिश की, तो दोनों भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान लोंगा गांव निवासी 19 वर्षीय विकास लोहरा और महूगांव निवासी 21 वर्षीय प्रकाश महली उर्फ टेचा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देशी पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

हालांकि, पुलिस के अनुसार अभी तक दोनों का कोई आपराधिक इतिहास सामने नहीं आया है। विकास लोहरा हाल ही में ईंट भट्ठा से काम कर लौट कर आया था। मामले की जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव ने गुमला अनुमंडल कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि छापेमारी दल में थानेदार कंचन प्रजापति, एसआई मंटू चौधरी, निर्मल प्रसाद सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

बीडीओ की अध्यक्षता में मनरेगा योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

## अधिकारियों को जल्द काम पूरा करने के निर्देश

- नई योजनाओं को भी शीघ्र जियो-टैग कर डिमांड डालने और कार्य शुरू करने को कहा

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव की अध्यक्षता में मनरेगा से संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में आम बागवानी, टीसीबी और अबुआ आवास योजना सहित सरकार की अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बीडीओ यादव ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने नई योजनाओं को भी शीघ्र जियो-टैग कर डिमांड डालने और कार्य शुरू करने को कहा। बीडीओ यादव ने स्पष्ट चेतावनी दी कि योजनाओं को पूरा करने में किसी भी तरह की कोताही बरतने वाले अधिकारी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बीपीओ कांति कुमारी ने भी सभी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का गंभीरता से निर्वहन करने की बात कही। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मनरेगा के तहत चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और यह सुनिश्चित करना था कि सभी कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे हों। बैठक में बीडीओ यादव बैठा,बीपीओ कांति कुमारी, बीपीआरओ राममोहन साहू, प्रखंड की सभी मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जेई,एई मौजूद थे।

### पांच जून भव्य गंगा महाआरती का आयोजन

**लोहरदगा।** आगामी 5 जून 2025 को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर शिव मंदिर बड़ा तालाब परिसर में भव्य गंगा महाआरती का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन भाजपा नगर मंडल के नेतृत्व में संपन्न होगा, जिसमें विशेष रूप से कुंवारी कन्याएं महाआरती अर्पित करेंगी। इससे इस धार्मिक आयोजन की पवित्रता और गरिमा में अद्वितीय वृद्धि होगी। कार्यक्रम की तैयारियों के तहत मंगलवार को जिले के विभिन्न मंदिरों में कुंवारी कन्याओं को आरती की पारंपरिक विधि और मंत्रोच्चारण का प्रशिक्षण दिया गया।

मंत्री चमरा लिंडा के नेतृत्व में जेएमएम का हुंकार, कहा -

## बिना सरना कॉलम नहीं होने देंगे जनगणना

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** सरना धर्म कोड की मान्यता को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे राज्यव्यापी आंदोलन के तहत मंगलवार को गुमला जिला मुख्यालय में जबरदस्त प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व राज्य के आदिवासी कल्याण मंत्री एवं विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा ने किया। उनके साथ गुमला विधायक भूषण तिर्की और सिसई विधायक जिगा सुशासन होरो भी मौजूद रहे। इस मौके पर बड़ी संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता, आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि और आम नागरिक शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान मंत्री चमरा लिंडा ने केंद्र सरकार पर आदिवासियों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा, "जब तक जनगणना प्रपत्र में सरना धर्म के लिए अलग कॉलम नहीं जोड़ा जाएगा, झारखंड में जनगणना प्रक्रिया को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

प्रेरणा दीक्षित ने उपायुक्त का पदभार संभाला

# जिले के विकास की गति होगी और तेज : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिला को मंगलवार को नई उपायुक्त के रूप में प्रेरणा दीक्षित मिलीं। समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में निवर्तमान उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने उन्हें विधिवत रूप से कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर जिले के सभी वरीय अधिकारी, विभागीय पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद श्रीमती दीक्षित ने गुमला को एक गौरवशाली जिला बताते हुए कहा कि यह उनके लिए सम्मान और जिम्मेदारी दोनों का विषय है। उन्होंने कहा कि गुमला जिला लगातार दो वर्षों तक प्रधानमंत्री पुरस्कार प्राप्त कर चुका है, जो यहां के अधिकारियों, कर्मियों और जनता के साझा प्रयास का परिणाम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस सम्मान को बनाए रखते हुए वे जिले के विकास की गति को और तेज करेंगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण और विशेष रूप से आदिवासी समुदाय के सर्वांगीण विकास पर उनका विशेष फोकस रहेगा। जिले में पूर्व से संचालित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा और सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागीय समन्वय को और मजबूत किया जाएगा। उधर, अपने विदाई संबोधन में निवर्तमान उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने गुमला में अपने कार्यकाल को यादगार बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से टीम भावना के साथ कार्य किया और जिले के विकास में भागीदारी निभाई। गुमला की प्राकृतिक सुंदरता, शांतिपूर्ण वातावरण और नागरिकों के मधुर व्यवहार की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह जिला हमेशा उनके दिल के करीब रहेगा। अब वे पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त के रूप में नई जिम्मेदारी निभाएंगे। कार्यभार ग्रहण के तुरंत बाद श्रीमती दीक्षित ने जिले के सभी वरीय अधिकारियों से औपचारिक परिचय प्राप्त किया और विभागवार प्राथमिकताओं की जानकारी ली।

गुमला में जन शिकायत निवारण दिवस आयोजित

## उपायुक्त ने आम नागरिकों से किया सीधी संवाद

**गुमला।** मंगलवार को आम जन की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। उपायुक्त ने प्रत्येक फरियादी से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देश जारी किए। कार्यक्रम के दौरान लगभग 25 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पानी, भूमि विवाद, आपदा राहत, पेंशन, चिकित्सा सहायता, शिक्षा और सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं शामिल रहीं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या 03/2025-26/EE/NREP/LATEHAR जिसका PR No. – 353088 Rural Development (25-26).D में प्रकाशित निविदा में निम्न संशोधन किये जाते है।

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 28.05.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 06.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 09.06.2025 अपराह्न 03:30 बजे।

निविदा के शेष सभी शर्ते यथावत रहेगी।

PR 353571 Rural Development(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार

**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

अनुमति वाद संख्या–97 / 2025

**आम इस्तेहार**

आवेदक सहबतिया देवी पति–स्व0 जगदीश यादव निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+अंचल–चन्दवा, जिला– लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम +पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 167 | 2064 | 0.2300 |
| | | 1188 | 0.0575 |
| | | 2078 | 0.0200 |
| | | 2073 | 0.0275 |
| | | कुल रकबा– | 0.3350 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता, जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 353568 (District)25-26*D

**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।**

अनुमति वाद संख्या–98 / 2025

**आम इस्तेहार**

आवेदक लालजीत उरांव वो किसुन उरांव वो रंजीत उरांव वो कामेश्वर उरांव चोरो के पिता–स्व0 गंदुवा उरावं वो रूपन उरांव वो केलेया उरांव दोनों के पिता–स्व0 सोमिया उरांव मनोज उरांव वो धनेशर उरांव दोनों के पिता–स्व0 रामराज उरांव, सभी निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+अंचल– चन्दवा, जिला– लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 140 | 1322 | 1.40 |
| | | 1654 | 1.10 |
| | | 1679 | 1.12 |
| | | 1680 | 0.36 |
| | | 1707 | 0.21 |
| | | 1709 | 1.23 |
| | | 1711 | 0.96 |
| | | 1713 | 1.36 |
| | | 1725 | 0.03 |
| | | 1743 | 0.19 |
| | | 1744 | 0.05 |
| | | 1745 | 0.26 |
| | | 1761 | 0.08 |
| | | 1762 | 1.83 |
| | | 1782 | 0.09 |
| | | 1786 | 0.96 |
| | | 1789 | 0.55 |
| | | 1936 | 0.28 |
| | | 1937 | 1.26 |
| | | 1984 | 1.30 |
| | | 1986 | 3.54 |
| | | 1995 | 0.82 |
| | | 1997 | 1.60 |
| | | कुल रकबा– | 20.58 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता, जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR 353570 District(25-26)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

दृढ़ निश्चय कर लीजिए कि आप समस्याओं से प्रभावित नहीं होंगे, आप चिड़चिड़े नहीं बनेंगे, आप आदतों एवं मनोभावों के शिकार नहीं बनेंगे, आप एक पंछी की तरह स्वतंत्र बनेंगे। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# छोटी बचत को बढ़ावा भारत की मांग

भारत की अनुमानित आबादी लगभग 140 करोड़ है, जिसमें से मार्च 2025 तक शेयर बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों की संख्या 11.3 करोड़ से अधिक थी, जबकि पोस्ट ऑफिस में निवेश करने वाले निवेशकों की संख्या लगभग 13 करोड़ थी, जबकि बैंकों में 31 मार्च 2024 तक 253 करोड़ से अधिक जमा खाते थे। इसमें महिलाओं की संख्या 39.2 फीसदी, जबकि पुरुषों की संख्या 60.8 फीसदी थी। वहीं, ग्रामीण इलाकों में 42.2 फीसदी महिलाओं के बैंकों में जमा खाते थे। अमूमन पैसे दो तरह से कमाए जाते हैं। पहले के तहत नौकरी या कारोबार से आय अर्जित की जाती है और दूसरे के तहत पैसों को बैंक, पोस्ट ऑफिस, शेयर बाजार, सोने आदि में निवेश करके ब्याज या डिविडेंड या प्रतिफल के रूप में पैसे कमाए जाते हैं। बैंक और पोस्ट ऑफिस में निवेशकों की जमा राशि की अवधि के अनुसार उस पर ब्याज दिया जाता है। वहीं, शेयर बाजार में निवेशक सेंसेक्स और निफ्टी में सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर खरीदते हैं और जब कंपनियों के शेयर के भाव में इजाफा होता है तो निवेशकों को मुनाफा होता है। कुछ वर्षों पहले तक निवेशकों के पास निवेश के सीमित विकल्प थे। उनके लिए निवेश का सबसे अच्छा विकल्प बैंक और पोस्ट ऑफिस थे। टैक्स में राहत पाने के लिए भी निवेशक इन्हीं दोनों विकल्पों का चुनाव करते थे। मौजूदा समय में निवेश के बहुत सारे विकल्प उपलब्ध हैं। बदली परिस्थितियों में बैंक और पोस्ट ऑफिस ने जमा पर दिए जाने वाले ब्याज में उल्लेखनीय कटौती की है। इसलिए, आज निवेशक अधिक प्रतिफल की आस में शेयर बाजार, बॉन्ड्स, म्यूचुअल फंड, सोने आदि में निवेश करने को प्राथमिकता दे रहे हैं। मई 2025 में बैंक और पोस्ट ऑफिस द्वारा जमा पर दिए जा रहे ब्याज में सबसे अधिक 8.25 फीसदी ब्याज पंजाब नेशनल बैंक और कोटक महिंद्रा दे रहे थे। अन्य बैंक गैर-वरीय नागरिकों को 7.05 फीसदी और वरीय नागरिकों को 7.55 फीसदी ब्याज दे रहे हैं, जबकि पोस्ट ऑफिस में राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) में ब्याज 7.5 फीसदी दिया जा रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान प्रति 10 ग्राम सोने में निवेश करने वालों को 33 फीसदी का प्रतिफल मिला, तो कैलेंडर वर्ष 2024 में निवेशकों को 20 फीसदी का प्रतिफल मिला, वहीं सोने में पांच वर्षों तक निवेश करने वालों को 17.2 फीसदी, 10 वर्षों तक निवेश करने वालों को 11.07 फीसदी और 20 वर्षों तक निवेश करने वालों को 13.8 फीसदी का प्रतिफल मिला। 2017-18 सीरीज के सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेशकों को 17.5 फीसदी का प्रतिफल मिला, जबकि गोल्ड ईटीएफ में एक साल तक के निवेश पर 29.97 फीसदी तक का प्रतिफल मिला, जबकि तीन साल के निवेश पर 16.93 फीसदी का प्रतिफल और पांच वर्षों के निवेश पर 13.59 फीसदी का प्रतिफल मिला। आमतौर पर भारत में निवेशक नियम 72 के अनुसार, बैंक या पोस्ट ऑफिस में चल रही योजनाओं में पैसा निवेश करते हैं, क्योंकि वे निवेश के पहले यह जरूर देखते हैं कि उनका पैसा कितने साल में दोगुना हो जाएगा।



*शेयर बाजार में निवेशक सेंसेक्स और निफ्टी में सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर खरीदते हैं और जब कंपनियों के शेयर के भाव में इजाफा होता है तो निवेशकों को मुनाफा होता है।*

# बीएचयू का भाषाविज्ञान विभाग और मैं




**भाग - 3**

हम लोग चलते-चलते बातें कर रहे थे। मैंने उनसे कहा- नहीं! हम ऐसा नहीं करेंगे। किसी को घर में घुसाकर बाद में गेटआउट कहना कठिन होता है। इसलिए घर में घुसने के पहले ही रोक देना है। उन्हें हम घर में घुसने ही नहीं देंगे। कल उन्हें आने दीजिए। हम देखेंगे। उनके आने पर आप कुछ मत बोलिएगा। मैं बोलूगा।दूसरे दिन मिश्र जी के बहुत छोटे-से कमरे में स्टेज सज चुका था। मिश्र जी के सामने चार कुर्सियों लगी थीं। एक पर मैं बैठा था। दो पर दूसरे वर्ष के मेरे दो साथी बैठे थे। चौथी कुर्सी डा. उपाध्याय जी के लिए थी। उपाध्याय जी निर्धारित समय पर ऊँची एड़ी का बूट पहने आ रहे थे। दूर से ही आवाज सुनाई पड़ गई। हम सतर्क हो गए। उपाध्याय जी आए। हमने उनका स्वागत किया। उनके आसन ग्रहण करते ही पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मैंने बोलना आरंभ किया। पूरे सम्मान के साथ मैंने उनसे कहा- हममें से कई लोग हिन्दी में एमए कर चुके हैं। एक तो पीएचडी भी कर रहे हैं। हम हिन्दी भाषाविज्ञान थोड़ा जानते ही हैं। अब तक गुरु जी ने (मिश्र जी ने) बहुत कुछ हिन्दी भाषाविज्ञान पढ़ा भी दिया है। बाकी बचा कोर्स भी आसानी से पूरा हो जाएगा। ग्रीक, लैटिन और हिट्टाइट हमारी परेशानी के विषय हैं। हमें इन विषयों को पढ़ाने वाला अध्यापक चाहिए। उसके लिए आप तैयार हों तो स्वागत है।उपाध्याय जी ने जो सोचा न होगा, ऐसी घटना उनके साथ हो गई। मिश्र जी चुपचाप बैठे थे और उनका एक अदना-सा विद्यार्थी उन्हें इतना कुछ सुना गया। वे कुछ बोल न सके। अपमान से उनका चेहरा लाल हो गया। अपमान जैसी बात तो थी ही। परंतु हम करते भी क्या! उनको अपमानित करना हमें अच्छा थोड़े ही लगा। पर हम भी मजबूर थे। उपाध्याय जी चुपचाप उठे और चले गए। उसी बीच एक और अपमान हमसे हो गया था।उपाध्याय जी के आते ही डा. गुप्त जी अपने कमरे से आ गए। कुर्सियाँ चार ही हमने जानबूझ कर रखी थीं। आते ही उन्होंने पूछा- मीटिंग आरंभ हो गई? मिश्व जी ने तुरंत संक्षिप्त उत्तर दिया कैसी मीटिंग? दूसरा समय होता तो हम खड़े होकर उनका स्वागत करते। अपनी कुर्सी पर उन्हें बैठाते। आखिर वे हमारे गुरु थे। कुलपति जी के साथ हुई बैठक के दूसरे दिन उन्होंने मुझे अपने कमरे में बुलाकर अपनी नाराजगी प्रकट की थी। उसी समय उन्होंने मुझसे कहा था कि उनके (डा. मिश्रजी के) हेडशिप में विभाग बनवाकर आप क्या करेंगे। परंतु आज परिस्थिति अलग थी। आज वे हमारे प्रतिद्वंदी थे। यह पहले से तय था कि उन्हें बैठने नहीं देंगे। वे अपने कमरे में चले गए। हमने उनका भी अपमान किया था। पर हम कर भी क्या सकते थे।

उस घटना के बाद से उपाध्याय जी जब भी कैंपस में सामने पड़ते एक खिसियानी-सी मुस्कान उनके चेहरे पर आ जाती। इस घटना के बाद से डीन महोदय भी मुझसे बहुत खफा हो गए थे।लगे हाथ एक और बात स्पष्ट कर दूँ। ऊपर मैंने ग्रीक, लैटिन और हिट्टाइट की चर्चा की है। डा. सत्यस्वरूप मिश्र जी उन भाषाओं के पंडित थे। उन्होंने अपनी रुचि के अनुसार ही एमए का पाठ्यक्रम बनाया था, जिसमें भारोपीय भाषा-परिवार की भाषाओं की प्रमुखता थी प्राचीन भारतीय आर्यभाषा, मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा, आधुनिक भारतीय आर्यभाषा (हिन्दी भाषाविज्ञान), ग्रीक, लैटिन, हिट्टाइट, ओल्ड पर सियन, अवेस्ता भाषाएँ। यह सारा विषय वे बड़े मनोयोग से पढ़ाते थे।पाठ्यक्रम ही डा. गुप्त जी तथा मिश्र जी के मतभेद का मूल कारण था। हालांकि चार-चार यानी आठ प्रश्नपत्रों में से चार प्रश्नपत्र आधुनिक भाषाविज्ञान के थे तथा चार ऐतिहासिक भाषाविज्ञान के थे। संतुलन तो था ही। फिर भी उनके अपने-अपने आग्रह थे। आगे चलकर डा. मिश्र जी मेरे शोध-निर्देशक बने। इसलिए उनकी सोच का मुझ पर गहरा प्रभाव पड़ा था। इसी वजह से में आरंभ में आधुनिक भाषाविज्ञान का महत्व ठीक से नहीं समझ सका था। आगे चलकर जब सरदार पटेल विश्वविद्यालय में डा. उमाशंकर उपाध्याय के संपर्क में आया, तब आधुनिक और ऐतिहासिक संबंधी मेरा सारा आग्रह-दुराग्रह निरस्त हो गया।समय बीता। हमारी परीक्षाएँ हुई। परीक्षा परिणाम भी आ गया। मेरी आशंका सही साबित हुई। मेरे गुरुदेव डा. बीपी गुप्त जी में अपने प्रश्नपत्र में मेरी धुलाई कर दी। उसके लिए तो मैं पहले से ही तैयार था। आखिर ये भी तो मनुष्य थे। अपना बदला ले लिया। मैंने तुरंत पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया। उसका भी परिणाम शीघ्र आ गया। आज भी मुझे याद है। उन्नीस अंक बढ़े थे।

बीएचयू की **बात**



**योगेन्द्रनाथ मिश्र**

एमए का परिणाम आने के लगभग दो महीने के बाद पीएचडी का फार्म भरने की तारीख आ गई। पीएचडी के लिए कुल चार शोधार्थी (तीन हमारे बैच से तथा एक पहले बैच से) तैयार थे। हम आवेदन-पत्र तैयार करके जमा करने के लिए डीन आफिस पहुंचे तो पता चला कि हमारा फार्म जमा नहीं होगा। डीन ने आफिस को निर्देश दे रखा था। कारण बताया गया कि मंजूरी नहीं मिली है। अब एक अलग मुसीबत! एकेडेमिक आफिस में जाकर मैंने पता किया तो मालूम पड़ा कि मंजूरी दे दी गई है। जबकि डीन आफिस का कहना था कि मंजूरी नहीं मिली है। केवल दो दिन का समय रह गया था। परंतु डीन आफिस के सुपरिन्टेन्ड चटर्जी बाबू का भी मुझ पर बड़ा स्नेह था। उसे नियति का चक्र ही मानता हूँ कि ऐसे-ऐसे लोग मुझे मिलते गए। नहीं तो मुझमें ऐसा कुछ नहीं था निरीहता के सिवाय। चटर्जी बाबू ने धीरे से मुझसे ऐसी गोपनीय बात बताई, जो आफिस को कोई व्यक्ति सामान्यतः नहीं बता सकता। उन्होंने बडी आत्मीयता के साथ मुझसे कहा मिश्रा, मंजूरी का पत्र आ गया है। परंतु उसने (डीन ने) बताने से मना किया है। फार्म न लेने के लिए कहा है। मंजूरी का पत्र तो मैं ले जाने के लिए नहीं दे सकता है। परंतु तुम यहीं कापी कर सकते हो। यह सुनकर मैं तो दंग रह गया। मुझे अंग्रेजी लिखने की आदत नहीं थी। मेरी सहपाठी एक लड़की थी। उसे अच्छी अंग्रेजी आती थी। वह बीएससी करके भाषाविज्ञान में एमए करने आई थी। चटर्जी बाबू ने फाइल से निकाल कर पत्र हमें दिया। उसने सादे कागज पर पूरा पत्र लिख लिया।

अब में शक्तिमान बन गया था। परंतु सबसे पहले जरूरी था पीएचडी फार्म जमा करना। डीन ने मना कर रखा था। इसलिए डीन आफिस हमारा फार्म ले नहीं सकता था। परंतु मेरी अंतः प्रेरणा हमेशा मेरा साथ देती है। पहले भी देती थी। आज भी देती है। मैं सामान्यतः अपने सारे कार्य अंतः प्रेरणा से करता हूँ। उस समय मुझे अंतः प्रेरणा हुई कि चारों फार्म में कुलपति कार्यालय में जमा कर दूँ। वहाँ से होकर फार्म यहाँ आएँगे तो डीन आफिस को लेना ही पड़ेगा। चारों फार्म एक कवरिंग लेटर के साथ मैंने कुलपति कार्यालय में जमा कर दिया। बाद में वही हुआ। कुलपति कार्यालय से हमारे फार्म डीन आफिस आ गए। समय आने पर प्रक्रिया आरंभ हुई और हम लोगों को पीएचडी में प्रवेश मिल गया। कुलपति कार्यालय में फार्म जमा करने के बाद मैं वह मंजूरी पत्र लेकर सीधे लाइब्रेरी साइंस विभाग में गया। डीन प्रोफेसर कौल जी से मिलने के लिए। पत्र हाथ में होने की वजह से में उस समय शक्तिमान बन गया था। वे हेड के आफिस में अपनी कुर्सी पर बड़े आराम से बैठे हुए थे। उनके पास पहुँचकर मैंने पत्र उनके सामने टेबल पर रख दिया। पत्र पढ़ते ही मानो उन्हें चक्कर आ गया। उनके द्वारा छिपाया गया पत्र इस तरह लीक हो जाएगा, इसकी तो उन्हें कल्पना भी नहीं थी। थोड़ा सहज होकर बोले यह पत्र तुम्हें कहाँ से मिला? मैंने भी बड़े तीखेपन से कहा कहीं से भी मिला हो! इससे आपको क्या! मैंने उनसे पूछा जब विश्वविद्यालय से पीएचडी की मंजूरी मिल गई थी तो आपने हमारे फार्म लेने से इन्कार क्यों किया? इसका उनके पास कोई जवाब न था। संभवतः दो वर्ष के अंदर भाषाविज्ञान विभाग को पूर्ण विभाग का दर्जा मिल गया। एक लेक्चरर की नियुक्ति हो गई। अपना आफिस हो गया। एक क्लर्क आ गया। डा. बीपी गुप्त जी बीएचयू छोड़कर के. एम. इन्स्टीट्यूट, आगरा चले गए। रीडर बन कर। 1986 में मेरी पीएचडी पूरी हो गई। इसी दौरान किसी समय डा. गुप्त जी द्वारा खाली किए गए पद का विज्ञापन हुआ। मैंने फार्म भर दिया। ।। इन्टरव्यू का इंतजार करने लगा। तभी एक संयोग घटित हुआ। 1988 में गुजरात के सरदार पटेल विश्वविद्यालय में रिसर्चएसोशिएट (अस्थायी) पद पर मेरी नियुक्ति हो गई। सोचा जब तक बीएचयू का इंटरव्यू नहीं होता, तब तक वहाँ रहूँगा। एक साल बाद किसी समय इंटरव्यू की तारीख आई। में बीएचयू पहुंचा। परंतु एक्सपर्ट की संख्या पूरी न होने से इंटरव्यू रद्द हो गया। फिर दुबारा पद विज्ञापित हुआ और फरवरी 1990 में इंटरव्यू की तारीख आई। हुआ यों कि फरवरी में मैं गुजरात से अपने गाँव आ आया हुआ था। उसी दौरान सरदार पटेल विश्वविद्यालय में बीएचयू के इंटरव्यू का तार पहुँचा। विभाग के एक मित्र ने तार को मेरे गाँव के पते पर रिडाइरेक्ट किया। परंतु यहाँ नियति/प्रारब्ध ने मेरे साथ खेल कर दिया। मुझे जो तार मिला, उसमें तार आपरेटर की गलती से बीएचयू के तार की एक पंक्ति गायब थी। तार में केवल बीएचयू, इंटरव्यू की तारीख तथा शहादरा, दिल्ली लिखा हुआ था। इतना तो समझ में आया कि बीएचयू के इंटरव्यू का तार है। परंतु एक बात मेरी समझ में आ रही थी कि बीएचयू के इंटरव्यू का दिल्ली से क्या लेना देना। दिल्ली में इंटरव्यू कहाँ है, कहाँ जाना है, तार में वह लिखा नहीं था। गुजरात पहुंचने पर मूल तार मेरे हाथ में आया, तब पता चला कि दिल्ली में इंटरव्यू कहाँ पर था।

परंतु अब फायदा क्या। आज की तरह मोबाइल की सुविधा तो थी नहीं कि फोन करके पूछा जा सके। तीन चार महीनों के बाद जब बनारस गया, तब सारी बातें गुरु जी ने यानी डा. सत्यस्वरूप मिश्श्र जी ने बताई। उस समय रस्तोगी जी कुलपति थे। किन्हीं कारणों से रस्तोगी जी चाहते थे कि भाषाविज्ञान का इंटरव्यू हो जाए। इसीलिए इंटरव्यू उन्होंने दिल्ली में रखा। ताकि एक्सपर्ट की वजह से इंटरव्यू रद्द न करना पड़े। आवश्यक होने पर किसी को भी तुरंत बुलाया जा सके। इंटरव्यू तो हुआ। । इंटरव्यू तो हुआ। किसी का चयन नहीं हुआ। गुरु जी ने यह भी बताया कि आप आए होते तो आपकी नियुक्ति हो गई होती। मेरे न पहुँचने से गुरु जी ने किसी का चयन होने नहीं दिया। समय खिसकता रहा। थोड़े समय के बाद गुरु जी सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने के साथ ही बीएचयू के भाषाविज्ञान विभाग से हमेशा-हमेशा के लिए मेरा रिश्ता समाप्त हो गया। एक वर्ष बाद गुरुजी के अवसान की जानकारी मिली। पत्राचार के जमाने में कौन कहाँ कैसे सूचना देता।

आखिरी बार लगभग छ वर्ष पहले जब में बनारस गया था, तब अनायास मन में आया कि एक बार 'अपने' भाषाविज्ञान विभाग से हो आऊँ। इस समय वहाँ कौन लोग हैं, उनसे मिल आऊँ। अपनी नजर से एक बार देख आऊँ। मुझे पता नहीं था कि भाषाविज्ञान विभाग का भवन बदल गया है। मैं जब पुराने स्थान पर पहुँचा, तब पता चला कि भाषाविज्ञान विभाग बगल के भवन में चला गया है। झिझकते हुए विभाग में प्रवेश किया सामने बड़े-से टेबल के सामने एक सज्जन बैठे हुए दिखे। मुझे लगा विभाग के हेड होंगे। उनके पास गया और बताया कि मैं इस विभाग के दूसरे बैच का छात्र है। अपना विभाग देखने के लिए आया है। आश्चर्य कि उन महाशय के व्यवहार में तनिक भी अंतर नहीं पड़ा। मेरी उम्र का भी उन्हें ख्याल नहीं रहा। उन्होंने बैठने तक को नहीं कहा। एक गहरा आघात लेकर मैं वापस आ गया। आप कल्पना तो कर ही सकते हैं कि उस समय मुझ पर क्या गुजर रही होगी। **(समाप्त)**

# भूख की तकलीफ और दर्द को कभी हम समझ नहीं पाए

(विश्व भूख दिवस विशेष 28 मई 2025)



दुनिया में करोड़ो लोग हर दिन भूख की तकलीफ़ को जीते हैं, बढ़ती उम्र, शारीरिक कमजोरी, गंभीर बिमारी, दिव्यांगता, अनाथ बेसहारा या कोई भी मजबूरी हो, जब तक आखिरी सांस है, तब तक भूख मिटाने के लिए अनाज चाहिए। केवल दो वक्त की रोटी के जद्दोजहद में ही न जाने कितनो की जिंदगी गुजर जाती है। दुनिया में हर कोई अपने हिस्से का भरपेट अन्न प्राप्त नहीं कर पाता है, अब तो अन्न में पोषक तत्वों की भारी कमी भी बड़ी समस्या है। भूख की कीमत बहत छोटीसी है, लेकिन फिर भी विश्व में बहुत बड़ा वर्ग इस कीमत को भी नहीं चूका पाता। दो वक्त की रोटी और परिवार के भरणपोषण के लिए मनुष्य लगातार संघर्ष करता है। भूख के कारण कई मासूम जिंदगियां कम उम्र में ही जान गंवाती है। अमीर का भोजन महंगा और गरीब का भोजन सस्ता हो सकता है परंतु भूख सबकी एक होती है, भले ही पैसा, पद, देश, प्रतिष्ठा, रंग-रूप, ऊंच-नीच, धर्म-जात कोई भी हो परंतु भूख में अंतर नहीं होता। जिनके पास पर्याप्त मात्रा में भोजन उपलब्ध है उनको अन्न के मूल कीमत का ज्ञान नहीं होता, वें केवल पैसे से उसका दाम लगाते है, इसलिए शायद खाद्य बर्बादी में हमारा देश विश्व में दूसरे क्रमांक पर आता है। जिनके पास भरपूर मात्रा में भोजन के विभिन्न पर्याय उपलब्ध है, वे स्वाद अनुरूप थोड़ा सा खाना खाकर बाकी बचा हुआ अन्न सहजता से फेंक देते है। किसी भी कारणवश जिस दिन हमें भूख लगने पर भी भोजन नहीं मिलता, उस दिन रूखी-सुखी रोटी की भी अहमियत दुनिया की बड़ी दौलत नजर आती है। भोजन की कमी के कारण बहुत बड़ी जनसंख्या नरकीय यातनाओं में जीवन बसर करती है। जन्म से ही भोजन की कमी के कारण बच्चों का सर्वांगीण विकास नहीं होता, संघर्षमय जीवन तभी से शुरू हो जाता है, जिम्मेदारियों का बोझ मासूम कंधो पर आ जाता है, इन जिम्मेदारियों के आगे उनके अधिकार, न्याय, समानता भी बौने प्रतीत होते है। बच्चे से उसका बचपन और मासूमियत छीन ली जाती है, भविष्य अंधकारमय लगता है। अन्न की कमी से जूझते हुए लोग मजबूरी में बद से बदतर स्थिति का सामना करते है, जो मिले वो खाने को तैयार होते है, लोगों की जूठन, कूड़ा, घासफूस यहाँ तक की मिट्टी तक खाते है, हैती देश में गरीब लोग मिट्टी की रोटी बनाकर खाते है। भूख सीधे हमारे स्वास्थ्य पर असर करती है, इससे शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के नुकसान झेलने पड़ते है। भूख इंसान से गुनाह तक करवाती है। हर साल 28 मई को "विश्व भूख दिवस" दुनियाभर में जागरूकता हेतु मनाया जाता है। इस साल 2025 की थीम "हर कोई खाने का हकदार है" यह है। यह थीम प्रत्येक के लिए पौष्टिक भोजन तक पहुंच सुनिश्चित करने के महत्व पर प्रकाश डालती है। विश्व में सभी लोगों को खाने के लिए पर्याप्त भोजन उगता है, अर्थात कोई भूखा नहीं रहेगा, फिर भी, बड़ी जनसंख्या पर्याप्त कैलोरी और पोषक तत्वों की कमी से झुज रही है, क्योंकि वे स्वस्थ आहार का खर्च नहीं उठा सकते, साथ ही दूसरी ओर खाद्य बर्बादी है। हर साल, नौ मिलियन लोग भूख से संबंधित कारणों से मर जाते हैं; इनमें से कई 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं। सभी बाल मृत्युओं में से आधे कुपोषण के कारण होती हैं। विश्व बैंक के अनुसार, वैश्विक खाद्य कीमतों में मात्र 1 प्रतिशत की वृद्धि से 10 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी में चले जाते है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक अनुसार, 18.3 प्रतिशत आबादी अत्यधिक बहुआयामी गरीबी में रहते हैं। 83.7 प्रतिशत गरीब लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। सभी गरीब लोगों में से लगभग 70.7 प्रतिशत लोग उप-सहारा अफ्रीका और दक्षिण एशिया के ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। 2024 के वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 127 देशों में 105वें स्थान पर है, जिसका स्कोर 27.3 है, जो भूख के "गंभीर" स्तर को दर्शाता है। यह खाद्य असुरक्षा और कुपोषण की मौजूदा चुनौतियों के कारण उत्पन्न "गंभीर" भूख संकट को उजागर करता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की **बात**



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

ईश्वर-अल्लह भिड़ गए, हुए अचानक मौन।
आपस में यह पूछकर, आखिर तुम हो कौन??

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# "अभिव्यक्ति का मतलब अपमान नहीं"

भारत की आत्मा, उसकी संस्कृति और उसकी चेतना का केंद्र बिंदु सनातन धर्म है। यह केवल एक धर्म नहीं, बल्कि जीवन का विज्ञान, आचार-विचार, सह-अस्तित्व और आत्मानुभूति का गहन दर्शन है। आज, दुर्भाग्यवश तथाकथित 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' की आड़ में इसी सनातन की गरिमा को बार-बार आहत किया जा रहा है। कभी किसी मंच पर राम और कृष्ण पर भद्दे चुटकुले बनाए जाते हैं, कभी देवी-देवताओं को शराब की बोतलों और फैशन शो के उत्पादों में दिखाया जाता है। यह न तो रचनात्मकता है, न ही आधुनिकता। यह स्पष्ट रूप से असहिष्णुता और सांस्कृतिक अपमान है। भारतीय संविधान ने प्रत्येक नागरिक को विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी है। लेकिन यह स्वतंत्रता अनुच्छेद 19(2) के तहत कुछ युक्तिपूर्ण प्रतिबंधों के अधीन है, जिसमें लोक व्यवस्था, नैतिकता, धार्मिक भावनाओं की रक्षा जैसे बिंदु शामिल हैं। अर्थात, यह स्वतंत्रता पूर्णतः निरंकुश नहीं है। महर्षि अरविंद ने कहा था "स्वतंत्रता वह है जो आत्मानुभूति की ओर ले जाए, न कि परपीड़ा की ओर।" कभी किसी ब्रांड द्वारा 'शिवजी' के चित्र के साथ शराब की बोतलें बाजार में उतारी जाती हैं। कभी किसी वेब सीरीज़ में 'भगवान राम' को अभद्र भाषा में प्रस्तुत किया जाता है। किसी मंच पर धार्मिक प्रतीकों को पहनकर अर्धनग्न नृत्य होते हैं। मंदिरों के प्रतीकों को जूतों पर छापा जाता है। ये घटनाएं महज़ रचनात्मक प्रयोग नहीं, बल्कि सनातन पर सुनियोजित मानसिक हमले हैं। आज का युवा सोशल मीडिया के सबसे बड़े मंचों पर सक्रिय है। यही युवा जब अपनी चेतना को जागृत करेगा, तभी सनातन की रक्षा संभव है। जागरूकता फैलाएं, यह बताएं कि सनातन कोई पोंगापंथ नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक, दार्शनिक और मानवीय परंपरा है। बॉयकॉट करें उन प्रोडक्ट्स, फिल्मों, या कलाकारों को जो धार्मिक भावनाओं से खेलते हैं। कानूनी कार्रवाई के लिए आवाज़ उठाएं।

सृजनात्मक उत्तर दें, लेख, कला, नाटक, और संवाद के माध्यम से सत्य को सामने लाएं। आदि शंकराचार्य ने कहा था। "मूकं करोति वाचालं, पंगुं लंघयते गिरिं।" (अर्थात आत्मज्ञान वह शक्ति है जो गूंगे को वाचाल बना दे और लंगड़े को पर्वत पार करा दे)। अभिव्यक्ति की शक्ति यदि आत्मज्ञान से जुड़ी हो तो वह सृजन करती है, पर यदि वह अज्ञान, विकृति और स्वार्थ से प्रेरित हो तो वह केवल विघटन करती है। तुलसीदास के रामचरितमानस में जो 'लोकमंगल' है, वह अभिव्यक्ति का शुद्धतम रूप है। भारतेन्दु हरिश्चंद्र, जो आधुनिक हिंदी नाटक के जनक हैं, उन्होंने भी धर्म को नाटक और काव्य के माध्यम से सशक्त बनाया। धर्म उपहास का नहीं, उपासना का माध्यम है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सनातन पर आघात का अधिकार नहीं देती। आज समय की मांग है कि समाज, विशेषकर युवा वर्ग, उस रेखा को पहचाने जहाँ रचनात्मकता समाप्त होती है और असंवेदनशीलता आरंभ होती है। किसी मज़ाक, कला या पोस्ट के पीछे यदि एक संस्कृति की जड़ों को काटने का प्रयास छुपा हो, तो यह केवल अपमान नहीं, अपराध है उस संस्कृति के विरुद्ध, जिसने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का विचार दिया। सनातन कोई संस्था नहीं जो मुकदमा करेगी, यह तो चेतना है जिसका उत्तरदायित्व हम सब पर है। अब समय है 'धैर्य' नहीं, 'जागरूक प्रतिकार' का।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग **बात**



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



**बड़ा मंगल के अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ के मुख्य बिंदु**

- **जयकारों की गूंज :** मंदिर परिसर में 'जय श्रीराम' और 'जय-जय हनुमान' के जयकारे गूंजते रहे।
- **भक्तों में उत्साह :** तुलसी की माला और लड्डू चढ़ाने के लिए भक्तों में भारी उत्साह और प्रतिस्पर्धा देखी गई।
- **धार्मिक पाठ :** श्रद्धालु हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करते हुए नजर आए।
- **श्रद्धालुओं की भावनाएं :** एक श्रद्धालु ने कहा कि गंगा स्नान के बाद मंदिर आए और अच्छे से दर्शन किए।

### ज्येष्ठ माह का तीसरा 'बड़ा मंगल'

# प्रयागराज के बंधवा हनुमान मंदिर में जुटे भक्त, भक्तिभाव से की पूजा

**प्रयागराज (आईएएनएस)**

ज्येष्ठ महीने के सभी मंगलवार को 'बड़ा मंगल' या 'बुढ़वा मंगल' कहते हैं। इस दिन खासकर भगवान हनुमान जी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन हनुमान जी की भक्ति और व्रत करने से हर मनोकामना पूरी होती है। तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर प्रयागराज के बंधवा स्थित लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर में सुबह-सुबह भक्तों की लंबी कतार देखने को मिली। यहां श्रद्धा और विश्वास के साथ लोगों की आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। हनुमान जी के पूजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तों की आवाजों से गूंज उठा।

चारों तरफ 'जय श्रीराम', 'जय-जय हनुमान' के जयकारे लगने लगे। तुलसी की माला और लड्डू चढ़ाने के लिए भक्तों में उत्साह और होड़ देखने को मिली। मंदिर में आए श्रद्धालु काफी उत्साह के साथ हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करते दिखे। एक श्रद्धालु ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "सुबह-सुबह गंगा स्नान करके हम मंदिर में आए हैं। मंदिर में भीड़ ज्यादा है, बावजूद इसके हमने हनुमान जी के अच्छे से दर्शन किए हैं। हमारी बस हनुमान जी से यही कामना है कि वह सभी का कल्याण करें।"स्थानीय श्रद्धालु ने कहा, "आज तीसरा बड़ा मंगलवार है, संगम स्नान के बाद बजरंगबली के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हमारी कामना है कि सभी भक्तों को ये सौभाग्य प्राप्त हो। हनुमान जी के दर्शन को आए एक अन्य व्यक्ति ने कहा, "ज्येष्ठ महीने के सभी मंगलवार को बड़े पर्व की तरह मनाया जाता है और जिस तरह से श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिलती है, उससे पता चलता है कि हमारा सनातन धर्म तेजी से आगे बढ़ रहा है। गंगा स्नान के बाद हनुमान जी के दर्शन करने से अधिक लाभ मिलता है। 'बड़ा मंगल' के चलते मंदिर प्रांगण में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सुरक्षा कर्मी पूरी तत्परता से कार्यरत थे ताकि सभी भक्त आराम से दर्शन पूजन कर सकें। इन सभी प्रयासों से श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक माहौल मिला और शांतिपूर्ण ढंग से अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर सकें।

### 'पाकिस्तान की तो पोल ही खोल दी'

## केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने की ओवैसी की तारीफ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर पाकिस्तान के झूठे प्रचार को बेनकाब करने पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) सांसद असदुद्दीन ओवैसी की प्रशंसा की। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "पाकिस्तान की तो पोल ही खोल दी। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने ओवैसी की प्रशंसा तब की जब एआईएमआईएम प्रमुख ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख द्वारा जारी की गई तस्वीर को भारत पर 'अपनी जीत का प्रतीक' बताया था। दरअसल, पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को ऑपरेशन बनयान अल-मर्सस का स्मृति चिन्ह भेंट किया था और भारत पर अपनी जीत का दावा किया था।

## मणिपुर संकट: इबोबी सिंह ने केंद्र और राज्य सरकार पर बोला हमला


**मणिपुर । एजेंसी**

कांग्रेस नेता और मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह ने राज्य और केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की है और मणिपुर में चल रहे संकट को शासन की पूरी तरह विफलता बताया है। उनकी यह टिप्पणी राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को भारी विरोध प्रदर्शनों के कारण भारतीय सेना के हेलीकॉप्टर से ले जाए जाने के एक दिन बाद आई है, जो इंफाल हवाई अड्डे से राजभवन तक मात्र सात किलोमीटर की दूरी तय करने में असमर्थ थे। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि के अवसर पर इंफाल में कांग्रेस भवन में पुष्पांजलि समारोह के दौरान मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए इबोबी ने मणिपुर के राज्यपाल, सुरक्षा सलाहकार, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि हमारे आकलन के अनुसार, यह भारत सरकार, खासकर गृह मंत्रालय की पूरी तरह से विफलता है।

# 'अभी कुछ नहीं किया और पाक को आ गया पसीना'

### सिंधु जल संधि पर पीएम मोदी का बड़ा बयान

**नई दिल्ली । एजेंसी**



- **गाद निकालने की प्रक्रिया :** जलाशयों से गाद (मलबा) निकालने के लिए बाँधों के नीचे के गेट बंद रखे जाएंगे।
- **60 साल में पहली बार :** ये गेट पिछले 60 वर्षों में कभी नहीं खोले गए थे।
- **क्षमता में भारी गिरावट :** जलाशयों की जल संग्रहण क्षमता 100% से घटकर केवल 2%-3% रह गई है।
- **पाकिस्तान पर अप्रत्यक्ष टिप्पणी :** पीएम मोदी ने कहा, "मैंने अभी कुछ नहीं किया और व.हां (पाकिस्तान) लोग पसीना बहा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 1960 की सिंधु जल संधि पर बुरी तरह से बातचीत की गई थी। गांधीनगर में गुजरात शहरी विकास की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संधि के निलंबन से पाकिस्तान अत्यधिक परेशान है। उन्होंने कहा कि मैं नई पीढ़ी को बताना चाहता हूँ कि कैसे हमारे देश को बर्बाद कर दिया गया। अगर आप 1960 की सिंधु जल संधि का अध्ययन करेंगे तो चौंक जाएँगे। उसमें तय हुआ था कि जम्मू-कश्मीर की नदियों पर बने बाँधों की सफाई नहीं की जाएगी। गाद निकालने का काम नहीं किया जाएगा।

मोदी ने कहा कि गाद निकालने के लिए नीचे के गेट बंद रहेंगे। 60 साल तक ये गेट कभी नहीं खोले गए। जिन जलाशयों को 100% क्षमता तक भरना था, वे अब सिर्फ़ 2% या 3% रह गए हैं। अभी मैंने कुछ नहीं किया और वहाँ (पाकिस्तान) लोग पसीना बहा रहे हैं। हमने बाँधों की सफाई के लिए छोटे-छोटे गेट खोले हैं और वहाँ बाढ़ आ गई है। उन्होंने कहा कि मैं कहता हूँ कि इसे अब छद्म युद्ध नहीं कहा जा सकता, क्योंकि 6 मई के बाद जिन आतंकवादियों के अंतिम संस्कार हुए, उन्हें पाकिस्तान में राजकीय सम्मान दिया गया। उनके ताबूतों पर पाकिस्तान के झंडे रखे गए और उनकी सेना ने उन्हें सलामी दी। इससे साबित होता है कि आतंकवादी गतिविधियाँ छद्म युद्ध नहीं बल्कि एक सुनियोजित युद्ध रणनीति है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आप पहले से ही युद्ध में हैं और आपको उसी के अनुसार जवाब मिलेगा। हम किसी से दुश्मनी नहीं चाहते। हम शांति से रहना चाहते हैं। हम प्रगति भी करना चाहते हैं ताकि हम विश्व के कल्याण में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि 26 मई 2014 को मैंने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी।

## 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को जन-जन तक पहुंचाएंगे



**गांधीनगर (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गांधीनगर में 'गुजरात शहरी विकास योजना' के 20वीं वर्षगांठ समारोह में हिस्सा लिया। यहां उन्हें सुनने और देखने सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे। पीएम मोदी ने एक बार फिर 'वोकल फॉर लोकल' का मंत्र दिया। गांधीनगर वासियों ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें काफी प्रेरित किया है। कार्यक्रम में पीएम मोदी को सुनने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे थे। कुछ लोगों के साथ समाचार एजेंसी आईएएनएस ने बातचीत की। बातचीत में लोगों ने प्रण लिया है कि वे जन-जन में वोकल फॉर लोकल अभियान को घर-घर पहुंचाएंगे।

### संकट झेला, चौथी अर्थव्यवस्था बने

गांधीनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा पर बात की। उन्होंने विरोधियों को कठघरे में खड़ा करते हुए विशाल जनसमूह को उस दबाव के बारे में बताया जिससे ढेर सारी उम्मीदें जुड़ी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "कल (सोमवार) 26 मई थी और 2014 में 26 मई को मुझे पहली बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने का अवसर मिला। उस समय, भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें स्थान पर थी। हमने कोरोना से लड़ाई लड़ी, पड़ोसियों से भी मुसीबतें झेलीं, प्राकृतिक आपदा भी झेली, इसके बावजूद इतने कम समय में हम 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से चौथे नंबर की अर्थव्यवस्था बने।

### आतंकवाद कश्मीर में पर्यटन को नहीं रोक पाएगा

## पहलगाम में जाकर सीएम उमर ने ली सेल्फी

**पहलगाम । एजेंसी**



पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी घटना के बाद कश्मीर में पर्यटन को फिर से शुरू करने के प्रयास शुरू करने की कोशिशें की जा रही हैं। इसी क्रम में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को पहलगाम में एक विशेष कैबिनेट बैठक की। इससे यह स्पष्ट संदेश दिया जा सके कि सरकार 'आतंकवाद की कायरतापूर्ण हरकतों से नहीं डरेगी। बैठक के बाद, मुख्यमंत्री कार्यालय ने पहलगाम क्लब में आयोजित बैठक की तस्वीरें पोस्ट कीं। आज पहलगाम में कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की। यह केवल एक नियमित प्रशासनिक अभ्यास नहीं था, बल्कि एक स्पष्ट संदेश था - हम आतंक की कायरतापूर्ण हरकतों से भयभीत नहीं हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स में कहा कि शांति के दुश्मन कभी भी हमारे संकल्प को प्रभावित नहीं करेंगे।

## हाफिज-मसूद के फरार होने पर कांग्रेस का मोदी सरकार पर हमला

**नई दिल्ली । एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए कांग्रेस ने मंगलवार को उनके बयानों की तुलना संवेदनशील विषयों पर बॉलीवुड के संवादों से की और कहा कि उनकी नीतियों से भारत की विदेश नीति को नुकसान पहुंचा है। इसने भाजपा पर 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद पैदा हुए 'संकट में अवसर तलाशने' का भी आरोप लगाया, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा 22 अप्रैल से ही निम्न स्तर की राजनीति कर रही है। वे विभाजन की राजनीति करते रहे और उनके लोगों ने कश्मीरियों और अल्पसंख्यकों को परेशान किया। यह सब तब हुआ जब सोशल मीडिया पर भाजपा के हैंडल धार्मिक नफरत फैला रहे थे।

## नोएडा में कोविड के 10 केस लोगों से सतर्क रहने की अपील

**नोएडा (आईएएनएस)**



जिले में कोविड संक्रमण के मामलों में फिर से इजाफा देखने को मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी कि छह महिलाओं समेत नौ और लोगों की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई है। ये सभी मामले निजी लैब में कराई गई जांचों के बाद सामने आए हैं। नए मामलों के साथ ही जिले में कुल संक्रमितों की संख्या अब 10 हो गई है। सभी मरीजों को फिलहाल होम आइसोलेशन में रखा गया है और स्वास्थ्य विभाग की टीमें मरीजों की ट्रैवल हिस्ट्री और संपर्क में आए लोगों की जानकारी एकत्र करने में जुटी हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी।

**वृष :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**मिथुन :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**कर्क :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कन्या :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरुनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**वृश्चिक :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। काम को प्राथमिकता से करें।

**धनु :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**मकर :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्रम बदलने होंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा।

**कुंभ :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आय के स्त्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा।

**मीन :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

## मुझे बड़े पापा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ

**पटना । एजेंसी**



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मंगलवार को अपने दूसरे बच्चे के जन्म की घोषणा की। दंपति ने पहले मार्च 2023 में एक बेटी कात्यायनी का स्वागत किया था। सोशल मीडिया पर यह खबर साझा करते हुए 35 वर्षीय नेता ने लिखा, "सुप्रभात! आखिरकार इंतजार खत्म हुआ! हमारे नन्हे बेटे के आगमन की घोषणा करते हुए बहुत आभारी, धन्य और प्रसन्न हूं। जय हनुमान!" इस संदेश को पार्टी लाइन से परे और आरजेडी परिवार में गर्मजोशी और जश्न के साथ प्राप्त किया गया। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के छोटे बेटे तेजस्वी यादव ने दिसंबर 2021 में राजश्री से शादी की। लालू परिवार में यह खुशी ऐसे समय में आई है जब कुछ दिन पहले ही लालू प्रसाद ने रविवार को अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था।


**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

73वीं औपबंधिक सूची
जिलाः–लातेहार

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता का विवरण | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड,रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक–115/25<br>2. आवेदक–नन्द किशोर सहाय<br>3. पिता–स्व0 फुलेश्वर सहाय<br>4. ग्राम–भुसाड़, पोस्ट–कामता<br>5. प्रखण्ड–चन्दवा थाना–चन्दवा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–77 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–बायें तरफ गाल में मासा का चिन्ह। | नहीं | नहीं | कारण :– दिनांक 14.11.2001 को हिन्दुस्तान के अखबार में प्रकाशित लेख शीर्षक 'अपने को ठगा सा महसूस कर रहे हैं आंदोलनकारी' में नाम प्रकाशित है। | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।

2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 353619 Home(25-26).D



**झारखण्ड सरकार गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

73वीं औपबंधिक सूची
जिलाः–चतरा

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता का विवरण | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक–113/25<br>2. आवेदक–दखिया देवी(आश्रित पत्नी)<br>3. पति–कन्हाई महतो(मूल आंदोलनकारी)<br>4. ग्राम–डाढ़ा पोस्ट–चतरा<br>5. प्रखण्ड–चतरा थाना–चतरा<br>6. लिंग–महिला आयु–67 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही है। | चतरा थाना काण्ड सं0–81/83 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य करने हेतु जेल भरो अभियान के क्रम में निषेधाज्ञा उल्लंघन करने का आरोप। जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) (आश्रित पत्नी) |
| 2. | 1. आवेदन क्रमांक–114/25<br>2. आवेदक–चमरू उराँव<br>3. पिता–स्व0 कोका उराँव<br>4. ग्राम–डाढ़ा पोस्ट–चतरा<br>5. प्रखण्ड–चतरा थाना–चतरा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–74वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–हाथ में चोट का निषान। | चतरा थाना काण्ड सं0–81/83 | नहीं | कारण :–दिनांक 15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य करने हेतु जेल भरो अभियान के क्रम में निषेधाज्ञा उल्लंघन करने का आरोप। जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) |
| 3. | 1. आवेदन क्रमांक–115/25<br>2. आवेदक–हेमराज महतो<br>3. पिता–स्व0 सीता महतो<br>4. ग्राम–डाढ़ा पोस्ट–चतरा<br>5. प्रखण्ड–चतरा थाना–चतरा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–66वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही है। | चतरा थाना काण्ड सं0–81/83 | नहीं | कारण :–दिनांक 15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य करने हेतु जेल भरो अभियान के क्रम में निषेधाज्ञा उल्लंघन करने का आरोप। जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) |
| 4. | 1. आवेदन क्रमांक–116/25<br>2. आवेदक–जेठु भुईयां<br>3. पिता–स्व0 जागेष्वर भुईयां<br>4. ग्राम–डाढ़ा पोस्ट–चतरा<br>5. प्रखण्ड–चतरा थाना–चतरा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही है। | चतरा थाना काण्ड सं0–81/83 | नहीं | कारण :–दिनांक 15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य करने हेतु जेल भरो अभियान के क्रम में निषेधाज्ञा उल्लंघन करने का आरोप। जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) |
| 5. | 1. आवेदन क्रमांक–117/25<br>2. आवेदक–रोही महतो<br>3. पिता–स्व0 गांगो महतो<br>4. ग्राम–डाढ़ा पोस्ट–चतरा<br>5. प्रखण्ड–चतरा थाना–चतरा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–68 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही है। | चतरा थाना काण्ड सं0–81/83 | नहीं | कारण :–दिनांक 15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य करने हेतु जेल भरो अभियान के क्रम में निषेधाज्ञा उल्लंघन करने का आरोप। जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) |
| 6. | 1. आवेदन क्रमांक–118/25<br>2. आवेदक–रामा महतो<br>3. पिता–स्व0 गांगो महतो<br>4. ग्राम–डाढ़ा पोस्ट–चतरा<br>5. प्रखण्ड–चतरा थाना–चतरा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–62 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही है। | चतरा थाना काण्ड सं0–81/83 | नहीं | कारण :–दिनांक 15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य करने हेतु जेल भरो अभियान के क्रम में निषेधाज्ञा उल्लंघन करने का आरोप। जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) |
| 7. | 1. आवेदन क्रमांक–119/25<br>2. आवेदक–सोमरी देवी(आश्रित पत्नी)<br>3. पति–स्व0 गेजे उराँव(मूल आंदोलनकारी)<br>4. ग्राम–डाढ़ा, पोस्ट–चतरा<br>5. प्रखण्ड–चतरा थाना–चतरा<br>6. लिंग–महिला आयु–63 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही है। | चतरा थाना काण्ड सं0–81/83 | नहीं | कारण :–दिनांक 15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य करने हेतु जेल भरो अभियान के क्रम में निषेधाज्ञा उल्लंघन करने का आरोप। जेल की अवधि–11 दिन | (आश्रित पत्नी) 2(viii)(a) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।

2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आषय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 353600 Home(25-26)D

**1. संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कश्मीर सहित मुद्दों पर वार्ता की पेशकश :** ईरान में राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के साथ साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में शहबाज शरीफ ने भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर, आतंकवाद, पानी और व्यापार जैसे विवादित मुद्दों को वार्ता के ज़रिए सुलझाने की इच्छा जताई।

**2. ईरानी राष्ट्रपति का 'स्थायी युद्धविराम' पर ज़ोर :** राष्ट्रपति पेजेशकियन ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच स्थायी युद्धविराम का समर्थन किया और दोनों पक्षों से शांति के लिए बातचीत करने की अपील की।

# शांति की अपील के साथ पाक पीएम ने भारत को दिया प्रस्ताव

## पानी को तरसे शहबाज शरीफ ईरान से गिड़गिड़ाए

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ईरान की यात्रा पर गए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारत-पाकिस्तान संघर्ष का मुद्दा उठाया और कश्मीर, आतंकवाद, पानी और व्यापार सहित सभी मुद्दों को हल करने के लिए भारत के साथ शांति वार्ता करने की इच्छा व्यक्त की। उल्लेखनीय रूप से, ईरान की प्रतिक्रिया संतुलित और संतुलित रही क्योंकि उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने एक्स पर पोस्ट किया कि हम पाकिस्तान और भारत के बीच संघर्ष के अंत से खुश हैं और उम्मीद करते हैं कि दोनों देशों के बीच मतभेद सुलझ जाएंगे। ईरानी सरकारी मीडिया इरना के अनुसार, राष्ट्रपति पेजेशकियन ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच "स्थायी युद्धविराम" के लिए समर्थन व्यक्त किया और दोनों देशों से विवादों को सुलझाने और शांति को बढ़ावा देने के लिए बातचीत करने का आग्रह किया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री तुर्किये से ईरान की राजधानी पहुंचे, जहां राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने सादाबाद पैलेस में उनका स्वागत किया। पेजेशकियन के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शरीफ ने कहा कि वह शांति के लिए भारत के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं।



उन्होंने कहा कि हम कश्मीर मुद्दे और जल मुद्दे सहित सभी विवादों को बातचीत के जरिए सुलझाना चाहते हैं और व्यापार और आतंकवाद विरोधी मुद्दों पर भी अपने पड़ोसी से बात करने के लिए तैयार हैं। उल्लेखनीय रूप से, भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह पाकिस्तान के साथ केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही बातचीत करेगा। ईरान-पाकिस्तान संबंधों में पिछले साल तब गिरावट देखी गई जब ईरान ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हवाई हमले किए, जिसमें जैश अल-अदल समूह को निशाना बनाया गया, जिसने कथित तौर पर अतीत में ईरानी सीमा रक्षकों पर हमला किया था।

यह समूह ईरान में सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत की मुक्ति चाहता है। ईरान के हमलों के जवाब में, पाकिस्तान ने ईरान में हवाई हमले किए, जिसमें बलूच लिबरेशन फ्रंट को निशाना बनाया गया, जिसे इस्लामाबाद एक 'उग्रवादी समूह' होने का दावा करता है।

**3. ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की एक्स पोस्ट :** अयातुल्ला अली खामेनेई ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत-पाक संघर्ष के अंत से हम खुश हैं और उम्मीद जताई।

**4. भारत का स्पष्ट रुख:** भारत ने पहले ही स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के साथ केवल पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) और आतंकवाद पर ही बातचीत संभव है।

### अरबपति ब्रिटेन पर 'द गार्जियन' का दृष्टिकोण

# संपत्ति पर उचित कर लगाएं या लोकतांत्रिक उथल-पुथल का सामना करें

**बढ़ती असमानता से जनता का विश्वास कम होने और सामाजिक स्थिरता को नुकसान पहुंचने का जोखिम है**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली ।** बीते एक दशक से ब्रिटेन ने एक निराशाजनक विरोधाभास का अनुभव किया है।अरबपतियों की संपत्ति में नाटकीय वृद्धि के साथ-साथ बच्चों की गरीबी बढ़ रही है। इस असमानता को आंशिक रूप से सहन किया गया है क्योंकि लालच को सद्गुण के रूप में पुनर्वासित किया गया है। इक्वैलिटी ट्रस्ट द्वारा इस सप्ताह प्रकाशित बिलियनेयर ब्रिटेन की रिपोर्ट से पता चलता है कि कई लोग सहज रूप से महसूस करते हैं लेकिन संसद में बहुत कम लोग इसे स्वीकार करेंगेः ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था धन के ऊपर की ओर पुनर्वितरण के लिए एक मशीन बन गई है। संडे टाइम्स रिच लिस्ट डेटा का उपयोग करते हुए, रिपोर्ट में पाया गया कि 50 सबसे अमीर यूके परिवार अब आबादी के सबसे गरीब आधे हिस्से से अधिक के मालिक हैं। उनकी समृद्धि कोई संयोग नहीं है। यह काफी हद तक उन 34 मिलियन अन्य ब्रिटेन वासियों के श्रम और उपभोग पर आधारित है। समाज के लाभ को सबसे कम जरूरतमंद लोग जमा कर रहे हैं। एक शब्द कोष है जो इसे "उद्यमी भावना" और व्यावसायिक गतिशीलता के रूप में बेचता है। लेकिन वही बाजार जो सबसे अमीर लोगों को इतना अच्छा इनाम देते हैं, उनका निर्माण और नियंत्रण राज्य द्वारा किया जाता है। सरकारें बौद्धिक संपदा अधिकारों को मजबूत करती हैं, कानूनी



एकाधिकार को मजबूत करती हैं और ऐसी नीतियां लिखती हैं जो बैंकों और परिसंपत्ति बाजारों को लाभ पहुंचाती हैं। कई लोगों पर मितव्ययिता थोपी गई, यहां तक कि एक दशक के मात्रात्मक सहजता ने राजकोषीय स्थान बनाया जिसका उपयोग सार्वजनिक भलाई के लिए किया जा सकता था। इसके बजाय इसने संपत्ति और शेयर की कीमतों में वृद्धि करके पहले से ही अमीर लोगों को समृद्ध किया, जबकि कर कटौती ने अमीरों को लाभ पहुंचाया। अरबपति वर्ग के लिए महामारी से प्रेरित लाभ में एक छोटा सा सुधार कोई बड़ा बदलाव नहीं दर्शाता है। उनकी संपत्ति आज 1990 की तुलना में 10 गुना अधिक है। बताया गया है कि 2024 में 10,000 से अधिक करोड़पति ब्रिटेन से भाग गए थे। स्रोत? वास्तविक प्रवासन डेटा नहीं, बल्कि घबराए हुए अमीरों को दूसरा पासपोर्ट बेचने वाली एक फर्म। यह न सोचना कठिन है कि ऐसी कंपनी कर घबराहट से पलती है। इसके आंकड़े ठोस सबूतों की तुलना में अधिक चतुर विपणन प्रतीत होते हैं। लेबर को ऐसे जनसंपर्क स्टंट से प्रतिरक्षित होना चाहिए। अरबपति शून्य में नहीं उभरते हैं। वे जानबूझकर किए गए विकल्पों का उत्पाद हैं। संपत्ति की अटकलें, उत्तराधिकार कानून और कर से बचने की योजनाएं सहज बाजार परिणाम नहीं हैं। वे अक्सर सरकार तक पहुंच वाले लोगों द्वारा, लाभ कमाने वालों की ओर से लॉबिंग की जाती हैं। यह कोई संयोग नहीं है कि ब्रिटेन के एक चौथाई से अधिक अरबपतियों ने संपत्ति और विरासत के माध्यम से अपनी संपत्ति बनाई, और एक अन्य चौथाई ने वित्त के माध्यम से - ऐसे क्षेत्र राजनेता, शुरुआत के तौर पर, टैक्स जस्टिस यूके के 10 मिलियन पाउंड से अधिक की संपत्ति पर 2% संपत्ति कर लगाने के विचार को अपना सकते हैं। प्रचारकों का कहना है कि इससे सालाना 24 बिलियन पाउंड की राशि जुटेगी - जो टूटे हुए ब्रिटेन की मरम्मत के लिए पर्याप्त है। ऑक्सफैम का कहना है कि 78% जनता इस तरह के प्रगतिशील कर का समर्थन करेगी। फिर भी ऐसे प्रस्तावों को अभी भी कट्टरपंथी के रूप में तैयार किया जाता है। कट्टरपंथी यह है कि एकाधिकार लाभ निजी हाथों में समाप्त हो जाता है जबकि राज्य सार्वजनिक सेवाओं को निधि नहीं दे सकता है। यह अपरिहार्य रूप से सच है कि नियम एक छोटे से अति धनी अभिजात वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए लिखे गए हैं। उन्हें फिर से लिखा जा सकता है। यदि नहीं, तो समाज को इसकी कीमत लोकलुभावन गुस्से, लोकतांत्रिक पतन और विश्वास की दीर्घकालिक हानि के रूप में चुकानी पड़ सकती है।

# ट्रंप साथ दें या नहीं, पुतिन से डरने वाले नहीं हैं जेलेंस्की

## चलती ट्रेन पर यूक्रेन ने कर दिया ड्रोन अटैक



**नई दिल्ली ।** यूक्रेनी सेना ने कहा कि ड्रोन ने रूसी सैन्य ट्रेन पर हमला किया, जिससे भयंकर आग लग गई। देश की सैन्य खुफिया सेवा ने कहा कि स्ट्राइक ड्रोन ऑपरेटरों ने ईंधन ले जा रही ट्रेन को "सफलतापूर्वक ट्रैक किया और उसे निशाना बनाया। सामने आई तस्वीरें ज़ापोरिज्जिया क्षेत्र के नोवोबोहदानिवका में जियोलोकेशन किया गया है, जो 2022 से रूसी नियंत्रण में है। यूक्रेनी सैन्य खुफिया जानकारी के अनुसार, यह हमला 24 मई को हुआ, जब ड्रोन ऑपरेटरों ने ट्रेन को वेक्रनी टोकमक-मोलोचान्स्क-फेडोरिवका सेक्शन पर चलते हुए देखा। यूक्रेन ने कहा कि कब्जाधारियों की रसद सुविधा पर रॉकेट से लक्षित हमला किया गया। रूस ने तीन साल से जारी युद्ध के दौरान रिकॉर्ड संख्या में ड्रोन भेजकर यूक्रेन पर हमला किया।

# नेपाली शेरपा ने रिकॉर्ड 31वीं बार एवरेस्ट फतह किया, अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली । एजेंसी**

नेपाल के अनुभवी पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने मंगलवार को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर रिकॉर्ड 31वीं बार सफलतापूर्वक चढ़ाई की। उन्होंने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है। 54 साल के कामी को एवरेस्ट मैन के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने पहली बार 1994 में एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। इसके बाद से वे लगभग हर साल यहां जाते हैं। वे 31 साल में 31 बार दुनिया की सर्वश्रेष्ठ चोटी पर चढ़ाई कर चुके हैं।

**पर्यटन के जरिए करोड़ों की कमाई :** इस सीज़न नेपाल सरकार ने पर्वतारोहियों को कुल 1,100 से अधिक परमिट जारी किए, जिनमें 458 परमिट सिर्फ एवरेस्ट के लिए थे। इन परमिट्स से सरकार को 5 मिलियन डॉलर (लगभग 41 करोड़) से अधिक की कमाई हुई है। नेपाल में दुनिया की 10 सबसे ऊंची चोटियों में से आठ हैं।



**ब्रिटिश पर्वतारोही केन्टन कूल ने भी रचा इतिहास :** इस महीने की शुरुआत में ब्रिटेन के केन्टन कूल ने भी 19वीं बार एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। यह किसी गैर-नेपाली व्यक्ति की सबसे ज्यादा चढ़ाइयों का रिकॉर्ड है।


### एआई तय क रेगा हमारा भविष्य

# अगले 5 सालों में एआई से खत्म होंगी तमाम नौकरियां : डेमिस हसाबिस

**गूगल डीपमाइंड के सीईओ ने की भविष्यवाणी**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** गूगल डीपमाइंड के सीईओ ने भविष्य में एआई से नौकरियों को होने वाले खतरे की चेतावनी देते हुए युवाओं को तैयार रहने को कहा है।क्योंकि यह बड़े स्तर पर नौकरियां छीन लेगा? गूगल डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हसाबिस का कहा बहुत चिंताजनक है। हसाबिस ने अगले 5 वर्ष में नौकरियों में एक बड़े व्यवधान की भविष्यवाणी की है और युवा पीढ़ी से लगातार बदलती दुनिया को नेविगेट करने के लिए तैयार रहने का अनुरोध किया है। गूगल डीपमाइंड के सीईओ ने हार्ड वर्क पाडकास्ट से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बात करते हुए इसे एक शानदार चीज बताया और कहा कि आने वाली पीढ़ियों को एआई के चलते जॉब में होने वाले बदलाव के लिए तैयार होना चाहिए। पॉडकास्ट में हसाबिस ने कहा, "अगले 5 से 10 वर्षों में, मुझे लगता है कि हम वह पाएंगे जो आम तौर पर बड़ी नई टेक्नोलॉजी शिफ्ट के साथ होता है, यानी कि कुछ नौकरियां बाधित हो जाती हैं। लेकिन नई, ज्यादा वैल्यूएबल और आमतौर पर अधिक दिलचस्प नौकरियां पैदा होती हैं।" हसाबिस ने आगे कहा कि युवा पीढ़ी को अब एआई टूल्स और कॉन्सेप्ट्स से परिचित होने की ज्यादा जरूरत है। उनका कहना है कि छात्रों को यह समझने की जरूरत है कि ये एआई टूल कैसे काम करते हैं और



फंक्शन करते हैं, और इसके अलावा वो सब कुछ जो इन टूल्स के साथ किया जा सकता है। यूनिवर्सिटी के छात्रों के लिए मानसिकता में बदलाव की जरूरत है और हसाबिस का सुझाव है कि उन्हें एआई के साथ निन्जा बनने की आकांक्षा रखनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, "जिस तरह इंटरनेट ने मिलेनियल्स और स्मार्टफोन को जेन जेड को परिभाषित किया है, उसी तरह जेनेरेटिव एआई, जेन अल्फ़ा की पहचान है।

उन्होंने जेन अल्फ़ा से इसे जल्द से जल्द अपनाने का आग्रह किया ताकि वे मॉडर्न दुनिया में आगे बढ़ सकें जो कि किसी की भी उम्मीद से ज्यादा तेजी से जेनरेटिव एआई को अपना रहा है। उन्होंने कहा, वह बुनियादी शिक्षा, विशेषकर STEM (Science, Technology, Engineering व Maths) में एक मजबूत नींव रखने की भी सिफारिश करते हैं। इसके अलावा, छात्रों को मेटा स्किल्स जैसे क्रिएटिविटी, एडेप्टिबिलिटी व रेजिलिएंस पर काम करने की जरूरत है।उन्होंने कहा "ये वे क्षमताएं हैं जो अगली पीढ़ी को आगे बढ़ने में मदद करेंगी। स्टेम की बुनियादी बातों में अच्छा होना अभी भी महत्वपूर्ण है, लेकिन लगातार हो रहे बदलाव को नेविगेट करने के लिए माइंडसेट को डवलप करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।" जब से गुगल ने I/O 2025 इवेंट में अपने एआई प्रोडक्ट्स व सर्विसेज के लिए कई बड़े अपग्रेड का खुलासा किया है, तब से यह नजरिया महत्वपूर्ण है, जिसका मुख्य आकर्षण गुगल फ्लो पावर्ड Video 3AI वीडियो जनरेटर है। जैसे-जैसे एआई टूल्स फिल्म प्रोडक्शन में इस्तेमाल किए जा रहे हैं, हासबिस द्वारा बताई गईं ये एआई से जुड़ी ये जरूरी बातें, पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक हो गए हैं।

# ब्रिटेन के लिवरपूल में भीड़ पर चढ़ी कार, 27 लोग घायल

**लंदन (आईएएनएस)।** ब्रिटेन के लिवरपूल में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां लिवरपूल फुटबॉल क्लब की प्रीमियर लीग जीत का जश्न मना रही भीड़ में एक कार घुस गई। इस हादसे में चार बच्चों समेत कई लोग घायल हो गए। आपातकालीन सेवाओं ने सोमवार को घटना की जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, नॉर्थ वेस्ट एंबुलेंस सर्विस के अनुसार, कुल 27 लोग अस्पताल में भर्ती किए गए हैं, जिनमें से दो को गंभीर चोटें आईं, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। पुलिस की सहायक मुख्य कांस्टेबल जेनी सिम्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस घटना को आतंकवाद से नहीं जोड़ा जा रहा है। पुलिस के अनुसार, 53 वर्षीय एक ब्रिटिश व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। माना जा रहा है कि वह कार का चालक था। यह हादसा तब हुआ, जब सोमवार को शहर के केंद्र में हजारों लोग जश्न मना रहे थे।

# 'नकल के लिए अकल चाहिए, ये जोकर भारत से कॉम्पटिशन करेंगे

- **पाकिस्तान की खुली बेइज्जती करने वाला ओवैसी का वीडियो वायरल**

**नई दिल्ली । एजेंसी**

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सांसद असदुद्दीन ओवैसी



पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान को खरी-खोटी सुना रहे हैं। हमले में 26 लोग मारे गए थे। उन्होंने इस्लामाबाद पर तीखे हमले किए हैं, आतंकवाद को प्रायोजित करने और भारत में सीमा पार से आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने में देश की भूमिका को लेकर उसे आड़े हाथों लिया है। उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले की क्रूरता की भी निंदा की, जिसमें पीड़ितों को मारने से पहले धर्म के आधार पर अलग-अलग किया गया था, उन्होंने अपराधियों की तुलना आईएसआईएस से की। एक बार फिर से एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को पाकिस्तान को ट्रोल किया, जब सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने राजनीतिक नेताओं के सामने भारत के खिलाफ ऑपरेशन बनयान अल-मर्सस की याद दिलाने वाला नोट पेश किया, जबकि वास्तव में यह 2019 के चीनी अभ्यास की तस्वीर थी। नेटिज़न्स ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और असीम मुनीर को "फ़ोटोशॉप" के लिए काफ़ी ट्रोल किया।

### यूपी में गांवों की सरकार चुनने की कवायद शुरू


# 'त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव' अगले साल

- **'ओबीसी आरक्षण' के लिए बनेगा 'डेडिकेटेड आयोग'**
- **सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार 'ट्रिपल टेस्ट' से होगा 'ओबीसी आरक्षण'**

**नवेन्दु सिंह**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गांवों की सरकार चुनने के लिए 'त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव' अगले साल की शुरूआत में होंगे। यूपी में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव पहले होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सत्ताधारी दल और विपक्ष के बीच सेमीफाइनल माना जा सकता है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए कवायद शुरू कर दी है। योगी सरकार ने पिछली गलतियों से सबक लेते हुए है इस बार 'ट्रिपल टेस्ट' की रिपोर्ट के आधार पर पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू करने का निर्णय लिया है। चुनावों में भी ओबीसी आरक्षण निर्धारित करने के लिए डेडिकेटेड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया जाएगा। आयोग ओबीसी वर्ग का आरक्षण निर्धारित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार 'ट्रिपल टेस्ट' के मानकों के आधार पर अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट देगा। पंचायती राज विभाग ने इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। राज्य सरकार ने इससे पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद नगर निकाय चुनाव में भी ओबीसी आरक्षण के लिए आयोग का गठन किया था।प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर पंचायती राज विभाग एवं राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगरीय निकायों के सृजन व विस्तार पर रोक लगाई जा चुकी है और ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सबसे पहले पंचायतों का परिसीमन किया जाएगा। इसके बाद पंचायतों में रोटेशन के आधार पर आरक्षण का निर्धारण किया जाएगा।पंचायत चुनाव में एससी-एसटी आरक्षण के लिए जनगणना को आधार बनाया जाता है। यानी 2011 के आंकड़ों के आधार पर इसका निर्धारण होगा। लेकिन, ओबीसी आरक्षण के लिए शैक्षिक व सामाजिक पिछड़ापन का निर्धारण करने के लिए संक्षिप्त सर्वे कराए जाने की परंपरा रही है। पंचायतों में 2 फीसदी पद ओबीसी के लिए आरक्षित होते हैं। लेकिन इस आरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कुछ मानक तय किये हैं। महाराष्ट्र के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया कि ओबीसी आरक्षण के लिए भी एक तय प्रक्रिया का पालन करना होगा, जिसे 'ट्रिपल टेस्ट' का नाम दिया गया। वर्ष 2023 में यूपी में नगर निकाय चुनाव से पूर्व राज्य सरकार ने 'ट्रिपल टेस्ट' नहीं कराया था और ओबीसी आरक्षण के लिए परंपरागत फॉर्मूले को ही अपनाया था। मामला कोर्ट पहुंचने पर हाई कोर्ट ने चुनाव पर रोक लगा दी थी, जिससे सरकार की काफी किरकिरी हुई थी। बाद में सरकार ने आयोग का गठन किया और उसकी रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की, फिर चुनाव करवाया गया था। पिछली गलती से सबक लेते हुए इस बार सरकार पंचायत चुनाव के दौरान तकनीकी एवं कानूनी अड़चनों को लेकर पहले से ही सतर्क है और पहले से ही आयोग के गठन की तैयारी शुरु कर दी है। सूत्रों के अनुसार ओबीसी के आरक्षण के अलावा अन्य संवर्गों के रोटेशन के आधार पर आरक्षण के दौरान भी इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि पंचायतों में उन वर्गों को प्राथमिकता मिले जिनको अभी लाभ नहीं मिला है। वर्ष 2021 के पंचायत चुनाव में वर्ष 1995 को आधार वर्ष मान आरक्षण लागू करने की कवायद हुई थी, लेकिन हाई कोर्ट ने वर्ष 2015 के रोटेशन के आधार पर चुनाव कराने के निर्देश दिये थे। सूत्रों की मानें तो इस बार इन दिए बिंदुओं पर भी होमवर्क किया जा रहा है, जिससे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जो पचायतें अभी तक आरक्षित नहीं हुई हैं उनको भी आरक्षण के दायरे में लाया जा सके। ओबीसी आरक्षण तय करने से पहले यह ध्यान रखा जाएगा कि एससी-एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कुल आरक्षित सीटें 50 फीसदी से ज्यादा न हों। आयोग 'ट्रिपल टेस्ट' के तहत पंचायतों के पिछड़ेपन की प्रकृति का आकलन करेगा और सीटों के लिए आरक्षण प्रस्तावित करेगा। आयोग की सिफारिशों के आलोक में ओबीसी की संख्या का परीक्षण और उसका सत्यापन कराया जाएगा। उ. प्र. के पंचायती राज मंत्री, ओम प्रकाश राजभर ने बताया कि ओबीसी एवं सर्वे की अन्य औपचारिकताओं के लिए डेडिकेटेड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया चल रही है। परिसीमन के बाद आरक्षण निर्धारण का कार्य शुरू होगा।




# मैट्रिक परीक्षा में 1.20 लाख लड़कियां व एक लाख 650 लड़के प्रथम श्रेणी से पास

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में भी लड़कियां लड़कों से आगे रहीं। राज्य भर में एक लाख 20 हजार 390 लड़कियां प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुईं। वहीं प्रथम श्रेणी से पास होनेवाले लड़कों की संख्या एक लाख 650 है। वहीं द्वितीय श्रेणी में भी लडकियां लडकों से आगे रहीं। राज्य में 82 हजार छह लड़कियां द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुईं, जबकि द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण होनेवाले लड़कों की संख्या 75 हजार 188 है। वहीं राजधानी रांची में 7653 लडके और 11063 लड़कियां प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुईं। वहीं 5778 लडके और 5162 लडकियां द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुईं। इसी तरह गुमला में लडके 2726 और 3757 लडकियां प्रथम तथा 2507 लडके और 2959 लडकियां द्वितीय श्रेणी से पास हुईं। इसी तरह लोहरदगा में 1226 लड़के और 2035 लड़कियां प्रथम, जबकि 1156 लडके और 1336 लडकियां द्वितीय श्रेणी से, सिमडेगा में 1030 लड़के और 1858 लडकियां प्रथम और 1524 लडके और 1768 लडकियां द्वितीय श्रेणी से, खूंटी में 1104 लडके और 1850 लडकियां, जबकि 1107 लडके और 1003 लडकियां द्वितीय श्रेणी से पास हुईं। इसके अलावा हजारीबाग में 7207 लड़के और 8776 लड़कियां, जबकि 3884 लड़के और 3849 लड़कियां द्वितीय श्रेणी से, गिरिडीह में 10842 लड़के 11286 लड़कियां, 6365 लड़के और 7636 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, 6005 लड़के और 7374 लडकियां प्रथम और 5189 लड़के और 5527 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, चतरा में 4139 लड़के और 4842 लड़कियां, 3049 लड़के और 3726 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, बोकारो में 6531 लड़के और 7530 लड़कियां, जबकि 4115 लड़के और 3954 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, कोडरमा में 3709 लड़के और 3962 लड़कियां, जबकि 1999 लड़के और 2325 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, रामगढ में 2719 लड़के, 3288 लड़कियां प्रथम और 2059 लड़के और 2072 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, पलामू में 9452 लड़के और 10436 लड़कियां, जबकि 5194 लड़के और 5730 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, गढवा में 4275 लड़के, 4690 लड़कियां, 4270 लड़के और 5091 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, लातेहार 2454 लड़के और 3234 लड़कियां प्रथम और 2264 लड़के और 2419 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, दुमका में 3080 लड़के, 3576 लड़कियां प्रथम और 2833 लड़के और 3554 लड़कियां द्वितीय, देवघर 4086 लड़के और 4402 लड़कियां प्रथम और 3983 लड़के तथा 4561 लड़कियां द्वितीय, साहेबगंज 3478 लड़के और 3912 लड़कियां प्रथम, 2333 लड़के और 2903 लड़कियां द्वितीय, पाकुड में 2170 लड़के और 2616 लड़कियां, जबकि 1226 लड़के और 1429 लड़कियां द्वितीय, गोडडा 3917 लड़के और 4074 लड़कियां प्रथम और 3395 लड़कियां और 3831 लड़कियां द्वितीय, जामताडा 2091 लड़के और 2402 लड़कियां प्रथम और 1810 लड़के तथा 2984 लड़कियां द्वितीय, पूर्वी सिंहभूम 5338 लड़के और 6769 लड़कियां और 4084 लड़के और 3562 लड़कियां द्वितीय, पश्चिमी सिंहभूम में 2860 लड़के और 3532 लड़कियां प्रथम और 2894 लड़के और 3277 लडकियां द्वितीय तथा सरायकेला खरसावां में प्रथम श्रेणी से 2558 लड़के और 3126 लड़कियां उतीर्ण हुईं, जबकि द्वितीय श्रेणी से 2210 लड़के और 2248 लड़कियां उतीर्ण हुईं।

# मुख्यमंत्री से मिले रास सांसद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी जीनल एन गाला, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी उपस्थित रहे।

# अमेरिका में भारतीय महावाणिज्य दूत के साथ सुदेश ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो बिहार–झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (बिजाना) के स्वर्ण जयंती समारोह एवं ग्लोबल कॉनक्लेव में भाग लेने न्यू जर्सी पहुंचे हैं। इस दौरान वह लगातार महत्वपूर्ण व्यक्तियों से मुलाकात कर रहे हैं। इसी क्रम में अमेरिका में नियुक्त भारत के महावाणिज्य दूत विनय श्रीकांत प्रधान के साथ श्री महतो की अनौपचारिक मुलाकात हुई। दोनों ने भारत–अमेरिका राजनीतिक एवं व्यापार संबंध, प्रवासियों से जुड़े मुद्दों समेत कई विषयों पर चर्चा की। श्री प्रधान भी विशिष्ट अतिथि के रूप में बिजाना के समारोह में भाग लेने विशेष रूप से न्यूयॉर्क से न्यू जर्सी पहुंचे थे। श्री प्रधान ने बिजाना के प्रयासों की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तरी अमेरिका के प्रवासियों को सांस्कृतिक रूप से एक दूसरे से जोड़ने में बिजाना सेतु का कार्य कर रहा है।

# ससुराल नहीं जाना पड़ा भारी, पति ने पत्नी और बच्चों को उतारा मौत के घाट

- पत्नी और बच्चों की हत्या के बाद आत्महत्या करने में आरोपी रहा असफल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पत्नी और दो मासूमों की पत्थर से कूच कर हत्या के आरोपी को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए डीआईजी सह एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा के द्वारा पुलिस ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर मृतिका रेणु देवी, आयुष कुमार (07 वर्ष ) और आरोहि कुमारी (04 वर्ष) दोनों के शव को कार्रवाई के बाद अंत्यपरीक्षण के लिए रिम्स, भेजा गया। घटनास्थल पर विधि-विज्ञान प्रयोगशाला के टीम को बुलाकर साक्ष्य जमा किया गया और हत्या के लिए उपयोग में लाए गए खून लगे पत्थर को जब्त किया गया। साथ हीं घटना के आरोपी रवि लोहरा के विरूद्ध इनके छिपने के संभावित ठिकानों पर छापामारी कर अहले सुबह धमधमियां ओपेन माइंस के जंगल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया।

आरोपी ने हत्या के बाद आत्महत्या की भी योजना बनाई थी। पत्नी और बच्चों को मारने के बाद स्वयं भी ललाट पर पत्थर से मारकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जब सफल नहीं हुआ तो वह भागकर 25 फिट गहरा धमधमियां माईस में छलांग लगाकर भी आत्महत्या करने का प्रयास किया, जिस क्रम में वह चोटिल हो गया और वहां से किसी तरह चलकर धमधमियां आपेन माईस के जंगल में आकर छुप गया, जहां से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मृतिका रेणु देवी के भाई चंदन कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर मैक्लुस्कीगंज थाना में मामला दर्ज किया गया है। जिसके बाद रवि लोहरा को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।




## पत्नी से तंग आकर पति ने की हत्या

उल्लेखनीय है की आरोपी राज मिस्त्री का काम करने गढ़वा गया था, जो करीब एक सप्ताह पहले घर आया था। आरोपी के भाईयों के साथ बंटवारा में घर क्षतिग्रस्त हो गया था, जिस कारण अपने ससुराल धमधमिया में पिछले 01 वर्ष से अपने परिवार के साथ में रह रहा था। वह अपनी पत्नी रेणु देवी से घर चलने के लिए और घर पर हीं झोपड़ी बनाकर रहने के लिए बोलता था, तो उनकी पत्नी रेणु देवी जाने से इंकार करती थी, जो इन्हें स्वीकार नहीं था। इसी कारण आरोपी ने योजना बद्ध तरीके से अपनी पत्नी और बच्चों की हत्या कर दी।

## पुलिस ने हथियार के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**रांची।** डीआईजी सह एसएसपी को गुप्त सूचना मिला कि हिन्दपीढ़ी थाना क्षेत्र स्थित लेक रोड, मस्जिद के पास मो अल्फाज नाम का व्यक्ति अपने पास अवैध हथियार (देसी कट्टा) लेकर घूम रहा है। सूचना के सत्यापन के लिए सिटी एसपी के निर्देशन में कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा मो अल्फाज के घर घेराबंदी छापामारी किया गया। जहां अन्य एक व्यक्ति द्वारा दरवाजा खोला गया, जिसका नाम मो रियाज था। रियाज से अल्फाज के बारे में पूछने पर बताया कि वो बगल वाला कमरा में सो रहा है। उसके बाद उसके कमरे की विधिवत तलाशी ली गई तलाशी के दौरान उसके कमरे के दीवार में बने रौशनदान पर कपड़े के थैले में एक लोहा का देसी कट्टा बरामद हुआ। देसी कट्टा को खोलने पर चेंबर में एक लोड जिंदा गोली बरामद हुआ। उसके बाद अवैध देसी कट्टा और गोली के बारे में पूछताछ करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला साथ ही उसके द्वारा कोई वैध कागजात भी नहीं दिखाया गया।

## पृष्ठ एक के शेष

**सरना धर्म कोड नहीं, तो...**

चाहे दिल्ली जाकर आंदोलन करना पड़े, हम दिल्ली भी जाकर अपनी आवाज को बुलंद करेंगे। सरना धर्म कोड लागू नहीं होगा, तो जनगणना भी यहां नहीं होगी। झामुमो रांची जिला संयोजक मुस्ताक आलम ने कहा कि सरना धर्म कोड आदिवासियों की चिर परिचित मांग है। यदि जनगणना के कॉलम में हिंदू का है, मुस्लिम का है, सिख का है, बौद्ध का है, पारसी का है, जैन का है , क्रिश्चयन का है, तो आदिवासी जो आदिकाल से रहने वाले हैं, उनका कॉलम क्यों नहीं है। उन्होंने कहा कि यह काफी लंबी मांग है। जिस तरह झारखंड अलग राज्य हम लोगों ने लड़कर लिया है, उसी तरह से सरना धर्म कोड के लिए भी हम आगे आंदोलन करेंगे। धरना-प्रदर्शन में तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा, केंद्रीय सदस्य सह संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडिया, केंद्रीय सदस्य सह संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, जयवंत तिग्गा, धर्मेंद्र सिंह सहित बहुत लोग शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय सदस्य एवं जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडिया ने किया।

**जल, जंगल, जमीन को बचाना है, तो सरना धर्म कोड पास करना होगा : सुप्रियो**

झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, संविधान में यह स्पष्ट लिखा हुआ है कि हम अपने धर्म का प्रचार-प्रसार करेंगे और उसे मानेंगे। आदिवासियों के हक पर, उनकी संपत्ति पर, उनके विचारों पर लगातार जो हमले हो रहे हैं, उसके खिलाफ यह प्रदर्शन है। आदिवासी इस देश का सबसे पहला मालिक है। यदि जल-जंगल-जमीन को बचाना है, तो सरना धर्म कोड को पास करना होगा।

**झामुमो सरना धर्म कोड को लेकर रहेगा : विकास मुंडा**

तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा ने कहा, सरना धर्म कोड पूरे आदिवासी समुदाय की मांग है, पूरे देश में रहने वाले आदिवासी समुदाय की मांग है कि अलग धर्म कोड हो। जब आप जातिगणना को मान सकते हैं, तो सरना धर्म कोड को भी शामिल करें। झामुमो सरना धर्म कोड को लेकर रहेगा। पार्टी के आए हुए कार्यकर्ता एक बड़े लड़ाई के लिए तैयार रहें।

**ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना...**

से नुकसानदेह होता है, और पाकिस्तान की ओर से युद्धविराम के प्रस्ताव पर भारत सरकार ने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सीजफायर का निर्णय लिया, जिसका सेना पूरी तरह समर्थन करती है। हालांकि उन्होंने यह भी जोड़ा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो बार-बार धोखा देता है, इसलिए उसे सबक सिखाना ज़रूरी है। उन्होंने दोहराया कि यदि देश को जरूरत पड़ी तो वे जैसे पूर्व सैनिक आज भी देश के लिए प्राण देने को तैयार हैं।

**माओवादी एरिया कमांडर...**

ने स्पष्ट किया है कि नक्सलवाद के खिलाफ यह मुहिम निरंतर जारी रहेगी और किसी भी असामाजिक या विध्वंसकारी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। मोहम्मदगंज व हैदरनगर के समीवर्ती सीताचुंआ इलाके में नक्सली कमांडर तुलसी भुइयां के मारे जाने के अलावा 15 लाख रुपये के इनामी भाकपा माओवादी दस्ता के टॉप नक्सली नितेश यादव को भी गोली लगने व अन्य नक्सलियों के घायल होने का भी दावा किया जा रहा है। दूसरे दिन सर्च अभियान में मेदिनीनगर जिला मुख्यालय से अतिरिक्त पर्याप्त बल इस अभियान में मंगाया गया हैं। इस अभियान में सुरक्षा बलों ने आसपास के संपूर्ण इलाके की घेराबंदी कर ली है। इस मुठभेड़ में 10 लाख रुपये के इनामी नक्सली संजय गोदराम की भी उपस्थिति बतायी गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस को मिली खुफिया सूत्रों से सूचना के बाद नक्सलियों के विरुद्ध सोमवार की शाम हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज पुलिस की संयुक्त टीम जंगलों में सर्च अभियान शुरू की थी। इस दौरान दोनों के बीच सीताचुंआ में भिड़ंत के बाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

**पलामू आइजी, डीआईजी व एसपी ने...**

नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पलामू एसपी के नेतृत्व में व्यापक रणनीति के तहत यह अभियान संचालित किया गया, जो उत्साहवर्धक और प्रेरणादायक है। नक्सलियों को मुख्यधारा से जुड़ने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि समाज विरोधी गतिविधियों को छोड़कर विकास में भागीदारी करें। इसके लिए रास्ते खुले हैं। डीआईजी वाईएस रमेश ने कहा कि यह सफलता पुलिस का मनोबल बढ़ाने वाली है। पलामू एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया था, जिसमें भाकपा (माओवादी) के एरिया कमांडर तुलसी भुइयां को ढ़ेर किया गया। वह 15 लाख के इनामी नक्सली नीतीश यादव के दस्ते का सक्रिय सदस्य था। एसपी ने पूरी पुलिस टीम को सफल अभियान के लिए बधाई दी।

**महावीर नायक राष्ट्रपति के...**

सुबह-सुबह गाया जाता है। रात भर अखरा या मंच पर जब लोग नाच-गान कर थक जाते, तब भिनसहरे (सुबह) वह यह राग गाते और लोगों को घंटों बांधे रखते थे।

रांची के कांके क्षेत्र के उरूगुटु गांव में 24 नवंबर 1942 को जन्मे महावीर नायक ने नागपुरी भाषा में पांच हजार से अधिक गीतों का संकलन किया है, जबकि 300 से भी ज्यादा गीतों की रचना उन्होंने खुद की है। इसके पहले भारत सरकार के संगीत नाटक अकादमी की ओर से 2023 में उन्हें अमृत अवार्ड से नवाजा जा चुका है। यह पुरस्कार उन्होंने उपराष्ट्रपति के हाथों प्राप्त किया था। इसके अलावा, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संस्थाओं-निकायों की ओर से उन्हें कई सम्मान और पुरस्कार हासिल हुए हैं।

महावीर नायक के गीतों का पहला संकलन 1962 में आया। वह क्षेत्रीय संस्कृति-भाषा की पत्रिकाओं 'डहर' और 'कला संगम' के सहयोगी संपादक भी रहे। वर्ष 1992 में वह नागपुरी क्षेत्रीय कला दल के साथ कला का प्रदर्शन करने ताइवान गए थे। पद्मश्री रामदयाल मुंडा और पद्मश्री मुकुंद नायक 20 कलाकारों के दल की अगुवाई कर रहे थे। 1980 के दशक से आकाशवाणी और दूरदर्शन से उनका जुड़ाव रहा। 1993 में गीतों पर उनकी एक और किताब 'नागपुरी गीत दर्पण' प्रकाशित हुई। रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के अलावा 20 से भी ज्यादा सांस्कृतिक संस्थाओं के संचालन में उनकी सक्रिय भागीदारी रही। वर्ष 2002 में संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली की ओर से आयोजित कार्यशाला में उन्होंने प्रशिक्षक के रूप में योगदान दिया। उन्होंने वर्ष 1959 से 1961 तक एक स्कूल में शिक्षक के तौर पर काम किया। बाद में जब रांची में सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम एचईसी (हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन) स्थापित हुआ, तो उन्हें यहां नौकरी मिल गई। वह वर्ष 2001 में सेवानिवृत्त हुए। नौकरी में रहते हुए और नौकरी के बाद भी नागपुरी गीत-संगीत उनकी धड़कनों में बसा रहा।

ज्ञात हो कि भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं- पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री। इस साल सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कुल 139 पद्म पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की थी। ऐसे में पद्म पुरस्कार के इस दूसरे चरण में सम्मानित होने वालों में 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार विजेता शामिल थे। इस समारोह का विशेष महत्व था, क्योंकि इसमें 13 को मरणोपरांत यह सम्मान दिए गए, जिसमें उन दिग्गजों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने क्षेत्र में एक स्थायी विरासत छोड़ी है। इस कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण दिवंगत भोजपुरी और लोक गायिका डॉ. शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाना था, जिनके संगीत ने भारतीय जनमानस के हृदय में गहरी छाप छोड़ी है।

**गढ़वा की बेटी गीतांजलि...**

प्रतिशत अंकों के साथ सेकेंड टॉपर बने छात्र-छात्राओं में इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की रितु कुमारी, अमृता गुप्ता, पूजा कुमारी और प्रॉप वी उच्च विद्यालय तिलैया रांगाटांड़ के अमर कुमार शामिल हैं। इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की शिवानी कुमारी तथा प्रॉप हाई स्कूल, बाघमारा, बलियापुर के विकास प्रमाणिक ने 97.80 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में थर्ड टॉपर होने का गौरव हासिल किया है। इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की श्रेया कुमारी और साक्षी कुमारी 488 अंक (97.60 प्रतिशत) प्राप्त कर फोर्थ टॉपर बनी हैं। 97.40 प्रतिशत अंकों के साथ शुभम कुमार पात्रा तथा तहरीन फातमा, भूमिका मिश्रा, वर्षा कुमारी, तनिष्क कुमारी और कोमल कुमारी फिफ्थ टॉपर घोषित किए गए हैं। मौके पर शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 4,33,944 परीक्षार्थियों ने इस परीक्षा के लिए आवेदन दिया था, जिसमें 4,31,488 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इसमें 3,95,755 परीक्षार्थी सफल हुए हैं। प्रथम श्रेणी से 2,02,140, द्वितीय श्रेणी से 1,57,294 और तृतीय श्रेणी से 17,521 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं, कुल 91.71 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं। ज्ञात हो कि जैक बोर्ड 10वीं की परीक्षाएं इस वर्ष 11 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित की गई थीं। परीक्षा के लिए राज्य भर में 1297 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

**नायशा सरकार नेण्ण्ण्**

प्रयास से सब कुछ संभव है। हमें कभी हार नहीं माननी चाहिए, क्योंकि जो हार नहीं मानते, वही मंजिल पाते हैं। बिशप स्कूल नामकुम के प्राचार्य और सीआईएससीई खेलों के क्षेत्रीय प्रमुख प्रिंसिपल ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, सभी बच्चे मेरे लिए चैंपियन हैं। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस सफलता ने हमारे क्षेत्र के युवाओं में नई ऊर्जा और उत्साह भर दिया है। नायशा और अन्य प्रतिभागियों ने साबित किया है कि हमारे पास अपार संभावनाएं हैं।

# आयुष्मान भारत योजना की सुविधा को खत्म करने में जुटी है सरकार : बाबूलाल

- केंद्र की तर्ज पर योजना में 10 बेड के हॉस्पिटल को सूचीबद्ध करे सरकार
- हॉस्पिटल का बकाया भी भुगतान करे

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। श्री मरांडी मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राज्य के दो प्रमुख मुद्दे को उठाया। श्री मरांडी ने राज्य सरकार द्वारा राज्य की जनता को आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित किए जाने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना जो स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत सरकार की अनूठी पहल है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड की धरती से ही लांच किया था आज झारखंड में शिथिल पड़ी हुई है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के 5 लाख तक के इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई है। इस योजना के प्रावधान के तहत केंद्र सरकार की भागीदारी 60% और राज्य सरकार की 40% है। यदि राज्य सरकार इसे अपने राज्य की योजना में अलग नाम से चलाती है तो यह अनुपात 40:60 का हो जाता है। झारखंड में यह मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत इसी अनुपात में चल रहा।

उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के प्रावधान के तहत लाल कार्ड,पीला कार्ड, हरा कार्ड धारियों के साथ राज्य के कर्मचारी,पेंशन धारी सहित पत्रकार,वकील आदि भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वाहवाही के लिए घोषणाएं तो खूब की हैं लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। आज सरकार के निर्णयों से जनता परेशान है। हेमंत सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र केलिए 30 बेड के हॉस्पिटल और शहरी क्षेत्र केलिए 50 बेड की अनिवार्यता की है। जबकि ग्रामीण के लिए यह नियम कहीं से भी उपयुक्त नहीं है। झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में 30 बेड के हॉस्पिटल उपलब्ध नहीं है। जबकि भारत सरकार के निर्णयों में 10 बेड के हॉस्पिटल का प्रावधान किया गया है। ऐसे में यह सरकार अपने निर्णयों से बड़े अस्पतालों को लाभान्वित करना चाहती है। कहा कि इतना ही नहीं राज्य में जो 750 हॉस्पिटल मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना में सूचीबद्ध हैं जिसमें प्राप्त जानकारी के अनुसार 538 हॉस्पिटल का भुगतान फरवरी 25 से नहीं हुआ है। और 212 हॉस्पिटल का पिछले 10 महीने से बकाया भुगतान नहीं हुआ। श्री मरांडी ने राज्य सरकार से मांग किया कि अविलंब राज्य सरकार अस्पतालों के बकाए का भुगतान सुनिश्चित कराए, केंद्र सरकार के तय मानक के तहत 10 बेड के हॉस्पिटल को ग्रामीण क्षेत्रों में सूचीबद्ध किया जाए। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,प्रवक्ता प्रतुल शाह देव भी मौजूद रहे।

## भाजपा युवा कार्यकर्ता ओम बिरला से मिले



**रांची।** भाजपा युवा कार्यकर्ता सोनू भारद्वाज, हिन्दू जागरण मंच के प्रचार प्रमुख बिक्की शर्मा ने पिस्कामोड़ स्थित राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राज्यपाल संतोष गंगवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मिलकर राष्ट्रहित,सामाजिक दायित्व एवं युवाओं की भूमिका पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## केवाईसी के नाम पर महिला के खाते से एक लाख निकाले

**रांची।** हरमू निवासी मारो देवी को केवाईसी अपडेट करने के नाम पर उनसे करीब एक लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। इस संबंध में उनके पति प्रहलाद कुमार साव ने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

**बजट सैकड़ों करोड़ का**

# रिम्स में बाहर से दवा खरीदने को विवश हैं परिजन

**मनोज मिश्रा**




- रिम्स में मरीजों का खाना, रहना व डॉक्टर है मुफ्त

**रांची।** रिम्स ने पूरे देश में सेवा और स्वास्थ्य देने के लिए एक अलग पहचान बनाई है, तब ही तो झारखंड के अलावे दूसरे कई राज्यों से लोग इलाज कराने यहां आते हैं। सकुशल इलाज करा लोग अपने घरों में जाते हैं तो रिम्स के बारे बताते हैं। फिर अनवरत सिलसिला चलता है और लोग गंभीर से गंभीर बीमारी का इलाज कराने रिम्स आते हैं। हालांकि रिम्स में मरीजों की संख्या इलाज की क्षमता से दोगुनी से भी ज्यादा है। लोग बरामदे में रात गुजार लेते हैं लेकिन रिम्स से इलाज करा कर ही लौटते हैं। इन सभी व्यवस्थाओं के बीच कहीं किसी कोने में धीमी सी सिसकी गूंजती है, वह दर्द है दवा की। यूं तो रिम्स में मरीजों को खाना, रहना, डॉक्टर की सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध होती है। कई प्रकार की जांच के लिए नाममात्र के पैसे लिए जाते हैं। मगर सबसे खतरनाक वाक्या होता है तो वह है दवा की। बिहार से आए प्रकाश राम(बदला नाम) ने बताया कि रिम्स सरकारी होने के बावजूद ऑपरेशन के मरीजों को ऑपरेशन कीट 5000 रुपए में बाहर से खरीद कर देना पड़ा। वहीं दुमका से आए नरेश कुशवाहा (बदला नाम) ने बताया कि अधिकांश दवाएं बाहर से लेना पड़ता है। डॉक्टर दो पुर्जा में दवाएं लिखते हैं एक जो दवा रिम्स में मिलती है दूसरे जो रिम्स से बाहर मिलती है। बाहर की दवाओं का मूल्य इतना ज्यादा होता है कि गरीब आदमी की सिसकियां निकल जाती है। एक पुर्जा में 5000 रुपए से ऊपर तक की दवाएं भी लिखी जाती है। बहुत बार तो मरीजों के परिजन को ग्लफस तक खरीद कर देना पड़ता है।

## ऑपरेशन का सामान रिम्स में ही निशुल्क उपलब्ध है : निदेशक



इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने रिम्स के निदेशक डॉ राजकुमार से सवाल पूछे तो उन्होंने कहा कि ऑपरेशन का सामान रिम्स में ही नि:शुल्क उपलब्ध है। इसे बाहर से खरीदने की जरूरत नहीं है। ऐसा कहीं से शिकायत मिलने पर कड़ी करवाई की जाएगी। वहीं दवाओं की उपलब्धता पर बोले कि सभी दवा रिम्स से ही मिले संभव नहीं है लेकिन 70 प्रतिशत तक दवाएं रिम्स में उपलब्ध होती है। उन्होंने यह स्वीकारा कि कुछ डॉक्टर्स ऐसे हैं जो बाहर से ज्यादा दवा लेने के लिए प्रेरित करते है, शिकायत आने पर करवाई करने की बात की। अपनी असमर्थता पर भी उन्होंने बेबाक कहा कि स्टोर में दवा खत्म होने पर मुझे सूचना दी जाती है जबकि स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि स्टोर में पूरी दवा खत्म होने से पहले मुझे सूचित करें। ऐसे में जब करवाई की जाती है तो लोग आग बबूला हो जाते हैं। मनमानी नहीं चलने और अनुशासन से प्रबंध बेहतर करने की बात उन्होंने कही।

### कोहली के आरसीबी से 9000 रन पूरे

# एलएसजी ने आरसीबी को 228 रन का दिया टारगेट





**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने IPL 2025 के आखिरी लीग मैच में रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु को 228 रन का टारगेट दिया है। जवाब में बेंगलुरु ने 6 ओवर में एक विकेट पर 66 रन बना लिए हैं। विराट कोहली और रजत पाटीदार क्रीज पर हैं। कोहली ने RCB की ओर से 9 हजार रन पूरे कर लिए हैं। फिल सॉल्ट 19 बॉल पर 30 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आकाश सिंह ने दिग्वेश राठी के हाथों कैच कराया। इकाना क्रिकेट स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लखनऊ ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 227 रन बनाए। कप्तान ऋषभ पंत 61 बॉल पर नाबाद 118 रन की पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और 8 छक्के लगाए। मिचेल मार्श (67 रन) ने भी अर्धशतक लगाया।

**कप्तान ऋषभ पंत 61 बॉल पर नाबाद 118 रन की पारी खेली।**

## दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG):** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), मिचेल मार्श, मैथ्यू ब्रीट्जकी, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, शाहबाज अहमद, दिग्वेश राठी, आवेश खान और विलियम ओरूर्के।

**रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB):** जितेश शर्मा ( कप्तान), फिल सॉल्ट, विराट कोहली, मयंक अग्रवाल, लियम लिविंगस्टन, रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, यश दयाल और नुवान थुषारा।

# गुलवीर सिंह ने जीता स्वर्ण

## सेबेस्टियन को मिला कांस्य पदक




**10,000 मीटर** स्पर्धा में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर बढ़त बनाई।

**बैंकॉक।** भारत ने मंगलवार को बैंकॉक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की, जिसमें राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10,000 मीटर स्पर्धा में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर बढ़त बनाई। इससे पहले दिन में, सर्विन सेबेस्टियन ने पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में कांस्य पदक जीतकर भारत का पदक खाता खोला था। 2023 एशियाई खेलों के 26 वर्षीय कांस्य पदक विजेता गुलवीर ने 10,000 मीटर क्षेत्र में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए एक संतुलित और संयमित प्रदर्शन किया, उन्होंने 28 मिनट 38.63 सेकंड का समय लेकर अंतिम कुछ लैप तक चली सामरिक दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। हालांकि उनका समय इस साल की शुरुआत में बनाए गए 27:00.22 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से काफी कम था, लेकिन इस जीत ने महाद्वीपीय मंच पर भारतीय लंबी दूरी की दौड़ के लिए एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की।

जापान के मेबुकी सुजुकी ने 28:43.84 के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप ने 28:46.82 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। अंतिम 800 मीटर में शानदार तेजी के साथ, गुलवीर सुजुकी और रोप से आगे निकल गए, उन्होंने आत्मविश्वास और सामरिक परिपक्वता दिखाई, जिसने उनके सीजन को परिभाषित किया है। उनकी जीत ने न केवल भारत को चैंपियनशिप का पहला स्वर्ण दिलाया, बल्कि एशिया के सर्वश्रेष्ठ लंबी दूरी के धावकों में से एक के रूप में उनकी बढ़ती प्रतिष्ठा को भी मजबूत किया। दूसरी ओर, सेबेस्टियन ने कड़ी प्रतिस्पर्धा वाली पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में कड़ी टक्कर दी और भारत के लिए इस स्पर्धा का पहला पदक - कांस्य - 1 घंटे 21 मिनट और 13.60 सेकंड में अपने सर्वश्रेष्ठ समय में हासिल किया। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ समय (1:21:23) इस साल फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान आया था। चीन के वांग झाओझाओ ने 1:20:36.90 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि जापान के केंटो योशिकावा ने 1:20:44.90 के समय के साथ रजत पदक जीता। सेबेस्टियन दौड़ के अधिकांश समय तक अग्रणी समूह में रहे और पोडियम पर समाप्त करने के लिए पीछा करने वाले समूह से देर से चुनौती को रोकने में कामयाब रहे।

## ऑस्ट्रेलिया के कोच मैकडोनाल्ड ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ग्रीन का समर्थन किया



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए फॉर्म में चल रहे कैमरून ग्रीन का समर्थन किया है। 25 वर्षीय खिलाड़ी डब्ल्यूटीसी फाइनल में गेंदबाजी करने के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, लेकिन एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में ऑस्ट्रेलियाई XI में उनकी वापसी लगभग तय है। उनके शामिल होने से बल्लेबाजी क्रम में बदलाव की उम्मीद है, चयनकर्ता कई विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। मार्नस लाबुशेन, सैम कोंस्टास, ब्यू वेबस्टर और जोश इंगलिस सभी दावेदारी में बने हुए हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि अंतिम XI की संरचना कैसी है।

## चैंपियन अल्काराज ने जेपियरी पर शानदार जीत के साथ खिताब बचाओ अभियान शुरु



**एजेंसी। पेरिस**

कार्लोस अल्काराज अपनी फिटनेस, फॉर्म और अपने खिताब को बचाने की क्षमता को लेकर सवालों के साथ रौलां गैरो 2025 में पहुंचे। सोमवार को अपने पहले दौर के मैच के अंत तक, उन्होंने अपने प्रदर्शन से उन सभी सवालों के जवाब दे दिए, जो तीखे, केंद्रित और शानदार थे। 22 वर्षीय स्पैनियार्ड, जो राफेल नडाल (2019-2020) के बाद फ्रेंच ओपन पुरुष एकल खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाले पहले व्यक्ति बनने का प्रयास करके इतिहास रचने की कोशिश कर रहे हैं, ने इतालवी क्वालीफायर गिउलिओ जेपियरी को केवल दो घंटे से भी कम समय में 6-3, 6-4, 6-2 से हराया। अल्काराज ने कहा, "यह वास्तव में बहुत ही ठोस था। स्लैम का पहला राउंड कभी भी आसान नहीं होता है, और डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर यहां आना थोड़ा दबाव डालता है। लेकिन मुझे शुरू से ही अच्छा लगा और मैंने पूरे मैच में अपना स्तर बनाए रखा।" ह स्तर पिछले कुछ समय से बेहतरीन रहा है। अल्काराज ने अब 2025 में क्ले पर अपने 17 में से 16 मैच जीते हैं, जिसमें मोंटे कार्लो और रोम में लगातार एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब शामिल हैं। वह एक हफ्ते पहले ही एटीपी रैंकिंग में दुनिया के दूसरे नंबर पर वापस आये थे।

## भारतीय गोल्फ संघ ने एपीजीसी जूनियर चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए चार सदस्यीय टीम हांगकांग भेजी

**एजेंसी**



**हांगकांग।** इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) ने प्रतिष्ठित एशिया-पैसिफिक गोल्फ कॉन्फेडरेशन (एपीजीसी) जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए चार सदस्यीय भारतीय टीम को हांगकांग भेजा है। यह टूर्नामेंट हांगकांग गोल्फ क्लब, हांगकांग में मंगलवार से शुरू हो रहा है। भारतीय टीम में लड़कों की ओर से कृष चावला और रणवीर मित्रो शामिल हैं, जबकि लड़कियों की टीम में सान्वी सोमु और कशिका मिश्रा को चुना गया है। टीम के साथ डॉ. कोमल नारवर एक गैर-खिलाड़ी कप्तान के रूप में मौजूद हैं। यह तीन राउंड की चैंपियनशिप 27 से 29 मई तक खेली जाएगी। इसमें लड़कों और लड़कियों की व्यक्तिगत स्पर्धा, टीम स्पर्धा और मिक्स्ड टीम खिताब शामिल होंगे, जिन्हें स्ट्रोकप्ले फॉर्मेट में खेला जाएगा। लड़कों और लड़कियों की टीम के खिताबों के लिए उनके संयुक्त स्कोर को गिना जाएगा, जबकि मिक्स्ड टीम रैंकिंग के लिए टीम के सर्वश्रेष्ठ लड़के और लड़की का स्कोर जोड़ा जाएगा। हांगकांग का मौसम इस दौरान ज्यादातर बादलों से घिरा रहा है, लेकिन समय-समय पर धूप भी निकल रही है - जो कि गोल्फ के लिए एक आदर्श माहौल प्रदान करता है। कृष चावला ने अपनी तैयारियों को लेकर कहा, "मेरी एपीजीसी जूनियर चैंपियनशिप के लिए तैयारी बहुत अच्छी रही है। मैं रोजाना अभ्यास करता हूं और अपनी परफॉर्मेंस में सुधार लाने की कोशिश करता हूं, साथ ही अपनी गलतियों पर भी ध्यान देता हूं।

## 'मैं आपको तीन जून को बताऊंगा हम दुनिया में शीर्ष पर हैं' : शशांक



**एजेंसी। जयपुर**

आईपीएल 2025 में टॉप दो में अपनी जगह पक्की कर चुके पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह ने कहा, "शीर्ष दो में समाप्त करके आधा काम पूरा हुआ है। मुझे लगता है पूरा काम 3 जून को होगा। जब देर रात 12 बजे, हमारी पत्रकार वार्ता होगी। यह वो समय होगा जब मैं आपसे कहूंगा कि हां हम दुनिया में शीर्ष पर हैं।" अपनी क्षमताओं पर विश्वास करना बहुत ही रोचक काम कर सकता है। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को देखें, शशांक सिंह की मानें तो उन्होंने आत्मविश्वास की लहर पर सवार होकर आईपीएल 2025 की अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाई है (बेशक कुछ अन्य कारकों ने भी इसमें मदद की) और अब वही आत्मविश्वास शशांक को इन शब्दों को कहने की इजाजत दे रहा है। ऐसा लग सकता है कि वह और पीबीकेएस खुद से थोड़ा आगे निकल गए हैं। वे शुरुआत की आठ टीमों में से तीन टीमों में से एक हैं जिन्होंने आज तक कोई खिताब नहीं जीता है। यह सिर्फ आत्मविश्वास है और रिकी पोंटिंग और श्रेयस अय्यर ने खिलाड़ियों के आसपास ऐसी संस्कृति बनाई है, जिसमें आत्मविश्वास हर जगह है। शशांक ने सोमवार को मुंबई इंडियंस को हराने के बाद पत्रकार वार्ता में कहा, "सच कहूं तो यह अवास्तविक लगता है। काफी अच्छा लगता है, संतोषजनक लगता है। सबसे अच्छी बात यह है कि हमने एक टीम के रूप में खुद को पेश किया, व्यक्तिगत रूप से नहीं।

## सिंधु, प्रणय दूसरे दौर में पहुंचे



**सिंगापुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और एचएस प्रणय ने मंगलवार को सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दिन भारत के लिए कुछ खास सकारात्मक चीजें कीं। सिंधु महिलाओं में अकेली चमकीली खिलाड़ी बनकर उभरीं, जबकि प्रणय ने डेनमार्क के रासमस गेम्के को हराकर पुरुष एकल में भारत की उम्मीदों को जिंदा रखा। सिंधु ने कनाडा की वेन यू झांग पर सीधे गेम में शानदार जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया। 29 वर्षीय सिंधु ने झांग को मात्र 31 मिनट में 21-14, 21-9 से हराया। भारतीय खिलाड़ी ने पूरे समय नियंत्रण बनाए रखा, आक्रामकता के साथ सटीकता का मिश्रण करते हुए उन्होंने रैलियों और नेट एक्सचेंज दोनों में अपने कनाडाई प्रतिद्वंद्वी को मात दी।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## केंद्र ने 'पंजीकरण विधेयक 2025' के ड्राफ्ट पर जनता से 30 दिनों के भीतर मांगे सुझाव



**नई दिल्ली।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग ने अचल संपत्ति और अन्य लेन-देन के लिए आधुनिक, ऑनलाइन, कागज रहित और नागरिक-केंद्रित पंजीकरण प्रणाली के साथ इंटीग्रेट करने के लिए 'पंजीकरण विधेयक 2025' का ड्राफ्ट तैयार किया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, एक बार अधिनियमित होने के बाद विधेयक संविधान-पूर्व पंजीकरण अधिनियम, 1908 की जगह ले लेगा। पूर्व-विधायी परामर्श प्रक्रिया के एक भाग के रूप में, 'पंजीकरण विधेयक, 2025' के ड्राफ्ट को भूमि संसाधन विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। ताकि 30 दिनों के भीतर (25 जून को या उससे पहले) एक निर्धारित प्रारूप में जनता से सुझाव आमंत्रित किए जा सकें। मंत्रालय के अनुसार, पंजीकरण अधिनियम, 1908 ने एक सदी से भी अधिक समय से भारत में दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली की आधारशिला के रूप में काम किया है। यह अचल संपत्ति और अन्य लेन-देन को प्रभावित करने वाले दस्तावेजों के पंजीकरण के लिए एक कानूनी आधार प्रदान करता है। समय के साथ, सार्वजनिक और निजी दोनों तरह के लेन-देन में पंजीकृत दस्तावेजों की भूमिका बढ़ी है, जो अक्सर वित्तीय, प्रशासनिक और कानूनी निर्णय लेने का आधार बनते हैं। इसलिए यह जरूरी माना गया है कि पंजीकरण की प्रक्रिया मजबूत, विश्वसनीय हो। इसके अलावा, हाल के वर्षों में, टेक्नोलॉजी के बढ़ते इस्तेमाल, सामाजिक-आर्थिक प्रथाओं के विकास और उचित परिश्रम, सेवा वितरण और कानूनी निर्णय के लिए पंजीकृत दस्तावेजों पर बढ़ती निर्भरता ने एक दूरदर्शी पंजीकरण ढांचा बनाने की आवश्यकता को दर्शाया है।

# भारत ऊर्जा में लगातार आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है: हरदीप पुरी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत का ऊर्जा भविष्य तेजी से आकार ले रहा है और लगातार आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि कब भारत की तेल की मांग अपने उच्चतम स्तर पर होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "हम मौजूदा समय में हर साल 150 अरब डॉलर से ज्यादा के कच्चे तेल का आयात कर रहे हैं। अगर ग्लोबल ग्रीन हाइड्रोजन प्राइस में गिरावट आती है तो इससे सस्टेनेबल एनर्जी में क्रांति आ सकती है।" केंद्रीय मंत्री पुरी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह क्रांति आएगी। देश ने ग्रीन हाइड्रोजन डेवलपमेंट में काफी प्रगति की है और 19 कंपनियों को प्रतिवर्ष 8,62,000 टन (टीपीए) की उत्पादन क्षमता आवंटित की है। 15 फर्मों को 3,000 मेगावाट वार्षिक इलेक्ट्रोलाइजर मैन्युफैक्चरिंग क्षमता प्रदान की है। देश ने स्टील, मोबिलिटी और शिपिंग क्षेत्रों में पायलट प्रोजेक्ट्स भी शुरू किए हैं। भारत ने पहले ही 223 गीगावाट से अधिक की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता स्थापित कर ली है, जिसमें 108 गीगावाट की सौर ऊर्जा क्षमता और 51 गीगावाट की पवन ऊर्जा क्षमता शामिल है, जिससे भारत वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते रिन्यूएबल एनर्जी बाजारों में से एक बन गया है। रिन्यूएबल एनर्जी की ओर बदलाव की गति को बढ़ाने के लिए सरकार ने 2023 में नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन लॉन्च किया था। इसके लिए शुरुआत में 2.4 अरब डॉलर की राशि आवंटित की गई थी। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने हाल ही में देश में ग्रीन हाइड्रोजन सर्टिफिकेशन स्कीम शुरू की।

## आयकर विभाग ने आईटीआर जमा करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर की

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 (असेसमेंट ईयर 2025-26) के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आधिकारिक बयान में कहा, "अधिसूचित आईटीआर में किए गए बड़े बदलावों और असेसमेंट ईयर (एवाई) 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) यूटिलिटीज के रोलआउट और सिस्टम की तैयारी के लिए आवश्यक समय को देखते हुए रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख बढ़ाने का फैसला किया है।"बयान में कहा गया है कि इस एक्सटेंशन से पक्षकारों द्वारा उठाई गई चिंताओं में कमी आने और अनुपालन के लिए पर्याप्त समय मिलने की उम्मीद है, जिससे रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया की इंटीग्रिटी और सटीकता सुनिश्चित होगी। एवाई 2025-26 के लिए अधिसूचित आईटीआर में संरचनात्मक और सामग्री संशोधन किए गए हैं, जिनका उद्देश्य अनुपालन को सरल बनाना, पारदर्शिता बढ़ाना और सटीक रिपोर्टिंग को सक्षम बनाना है। इन परिवर्तनों के कारण सिस्टम डेवलपमेंट, एकीकरण और संबंधित यूटीलिटीज के परीक्षण के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता है।

## वित्त वर्ष 2026 में भारत का निर्यात 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान : एफआईईओ

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (एफआईईओ) ने मंगलवार को कहा कि वित्त वर्ष 2026 के अंत तक देश का निर्यात 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें व्यापारिक निर्यात 525-535 बिलियन डॉलर होगा, जो पिछले वित्त वर्ष से लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इसी तरह सेवा निर्यात 465-475 बिलियन डॉलर होगा, जो लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। भारत के निर्यात क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2024-25 में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जिसमें कुल निर्यात रिकॉर्ड 824.9 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष के 778.1 बिलियन डॉलर से 6.01 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। आईटी, व्यापार, वित्तीय और यात्रा से जुड़ी सेवाओं में मजबूत प्रदर्शन के कारण वित्त वर्ष 2025 में सेवा निर्यात 13.6 प्रतिशत बढ़कर 387.5 बिलियन डॉलर हो गया। व्यापारिक वस्तुओं का निर्यात 437.4 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जबकि गैर-पेट्रोलियम वस्तुओं का निर्यात रिकॉर्ड 374.1 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक है।

## बीएसएनएल ने वित्त वर्ष 2025 में पहली बार लगातार दो तिमाही में कमाया मुनाफा : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**नई दिल्ली।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने मंगलवार को जनवरी-मार्च तिमाही के लिए 280 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया। दूरसंचार कंपनी 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में पहली बार घाटे से बाहर निकली है। यह कंपनी के मुनाफे की लगातार दूसरी तिमाही रही। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मीडिया से बात करते हुए भारत की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल के लिए इसे एक बहुत बड़ा दिन बताया। उन्होंने कहा, "बीएसएनएल ने पहली बार 18 वर्षों में दो तिमाहियों में नेट प्रॉफिट दर्ज किया है । कंपनी ने अक्टूबर-दिसंबर 2024 में 262 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट बनाया और जनवरी-मार्च में 280 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट बनाया।" बीएसएनएल को पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 849 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था।